* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

19 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 61









## संदर्भ: केंद्र पर 1.36 लाख करोड़ बकाया

# एक-एक रुपये का दे चुके हैं ब्रेकअप: हेमंत

- मुख्यमंत्री हेमंत ने बाबूलाल के बयान पर भी की टिप्पणी
- कहा, हम झारखंडियों की मांग हवा-हवाई नहीं है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र और झारखंड सरकार के बीच 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया का मामला गहराता जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंडियों के हक में इस बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है। फिर भी भाजपा सरकार द्वारा इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों का हनन करनेवाला एक कुंठित प्रयास है। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के पोस्ट पर भी टिप्पणी की। हेमंत ने लिखा है, 'हम झारखंडियों की मांग हवा-हवाई नहीं है, बाबूलाल मरांडी जी।

दरअसल, बिहार के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन (पप्पू यादव) ने लोकसभा में सवाल पूछा था कि कोयले से राजस्व के रूप में अर्जित कर में झारखंड सरकार की हिस्सेदारी 1.40 लाख करोड़ केंद्र सरकार के पास बकाया है। उसे ट्रांसफर नहीं किया जा रहा है। इसके क्या कारण हैं? इस पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने अपने लिखित जवाब में कहा है कि यह सही नहीं है। कोयले से प्राप्त 1.40 लाख करोड़ रुपये के राजस्व के रूप में अर्जित कर में झारखंड सरकार का कोई हिस्सा केंद्र सरकार के पास लंबित नहीं है। राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। इसके बाद से राज्य में राजनीति गरमा गयी है। हेमंत सोरेन पूरे एक्शन में आ गये हैं। सरकार कानूनी कार्रवाई की तैयारी में जुट गयी है।



### मुख्यमंत्री ने बाबूलाल को दिया जवाब

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा सोशल मीडिया पर किये गये पोस्ट का भी जवाब दिया है। हेमंत सोरेन ने लिखा है, 'हम झारखंडियों की मांग हवा-हवाई नहीं है, आदरणीय बाबूलाल जी। यह हमारे हक, हमारी मेहनत का पैसा है। झारखंडी हकों का आपका यह विरोध वाकई दुखद है। जब आपको अपने संगठन की पूरी ताकत लगा कर हमारे साथ खड़ा होना था, आप विरोध में खड़े हो गये। खैर, हम अपना हक अवश्य लेंगे, क्यूंकि यह पैसा हर एक झारखंडी का हक है।' दरअसल, बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि झामुमो के द्वारा हवा-हवाई बातें कर केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया रखने का निराधार और भ्रामक आरोप लगाया जा रहा है। अगर झामुमो के पास इस आंकड़े को लेकर कोई ठोस प्रमाण है, तो वे पूरे दस्तावेज और तथ्यों के साथ जनता के सामने रखें। झामुमो को स्पष्ट करना चाहिए कि ये राशि किस मद की है? कब से लंबित है और किन परिस्थितियों में यह दावा किया जा रहा है? बाबूलाल ने मख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा कि झूठे आरोपों और गलत आंकड़ों के सहारे केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने की बजाय झारखंड की असल समस्याओं पर ध्यान दीजिए। बिना प्रमाण और आधारहीन आरोप लगाकर झारखंड की जनता को भ्रमित करने का यह खेल अब बंद होना चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने भाजपा पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बकाया मुद्दे पर भाजपा पर भी निशाना साधा है। विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार देने की बात के आगे हेमंत सोरेन ने लिखा है कि झारखंड भाजपा यदि इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ आवाज बुलंद नहीं करती है, तो यह साफ माना जायेगा कि इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है।

### विशेष सचिव बने नोडल पदाधिकारी

बकाया राशि के दावे को केंद्र सरकार की तरफ से ठुकराये जाने के बाद राज्य सरकार एक्शन में आ गयी है। कोल कंपनियों के यहां 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाये की वसूली के लिए राज्य सरकार ने लीगल प्रोसेस शुरू करने का आदेश दिया है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आदेश जारी किया है। भू-राजस्व विभाग के विशेष सचिव को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। विशेष सचिव 15 दिनों के अंतराल पर भू-राजस्व सचिव को विधिक कार्रवाई की प्रगति से अवगत करायेंगे।

# अंबेडकर पर बयान को लेकर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

- कांग्रेस बोली, संविधान ग्रंथ, तो अंबेडकर भगवान
- पीएम बोले, नेहरू ने बाबा साहेब के खिलाफ प्रचार किया
- अमित शाह के बयान के बाद राजनीति गरमायी, संसद में हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी पर विवाद बढ़ गया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं। कांग्रेस अमित शाह से इस्तीफे की मांग कर रही। पार्टी नेता ने कहा कि संविधान ग्रंथ है, तो अंबेडकर भगवान हैं। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि नेहरू ने बाबा साहेब के खिलाफ प्रचार किया। उन्हें भारत रत्न भी नहीं दिया। उधर, संसद में हंमागा और गतिरोध जारी है। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर, अंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इसके बाद से राजनीति गरम है। विपक्ष ने गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। तृणमूल कांग्रेस ने शाह के खिलाफ राज्यसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि शाह ने दलित शख्सियत का अपमान किया है। उधर, कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि अगर संविधान ग्रंथ है, तो अंबेडकर भगवान हैं।

इन बयानों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को जवाब दिया। मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस अब अंबेडकर पर नाटक कर रही है। पंडित नेहरू ने चुनाव में अंबेडकर के खिलाफ प्रचार किया था। उन्हें भारत रत्न देने से कांग्रेस ने इनकार किया। एससी-एसटी पर सबसे ज्यादा नरसंहार कांग्रेस के शासन काल में हुए हैं।



### शाह के बयान के खिलाफ संसद में प्रदर्शन

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में अंबेडकर के अपमान को लेकर हंगामा हुआ। गृह मंत्री के बयान के खिलाफ कांग्रेस सांसदों ने संसद के गेट पर प्रदर्शन किया। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी भी इसमें शामिल हुए।

# चाइबासा की दुष्कर्म पीड़िता ने तोड़ा दम

**आक्रोशित लोगों ने आरोपी को जमकर पीटा, पुलिस को सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में मंगलवार की शाम एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। नाबालिग ने इलाज के क्रम में देर रात ओड़िशा के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। इधर, आक्रोशित लोगों ने रात में ही आरोपी को पकड़ जम कर पीटा। फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इस बीच बुधवार को शव परिजनों को सौंपा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम सात बजे नाबालिग छात्रा घर के पीछे आंगनबाड़ी केंद्र के पास बेहोशी की हालत में मिली थी। उसके शरीर के कपड़े अस्त-व्यस्त देख परिजनों के होश उड़ गये। नाबालिग को जगन्नाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए ओड़िशा के चंपुआ अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गयी। नाबालिग की मौत की खबर से लोग उग्र हो गये। आक्रोशित लोगों ने आरोपी अजमल को पास की ही बस्ती रहीमाबाद से धर दबोचा और उसकी जम कर पिटाई की। बिगड़ते माहौल को देख हाट गम्हरिया, जेटिया, नोवामुंडी थाना की पुलिस समेत जगन्नाथपुर एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराया। इधर, पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि दुष्कर्म के एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान किया जा रहा है। संबंधित थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### न्यूज रील्स

### धनबाद में कोयला चोरी मामले पर सुनवाई कल

नयी दिल्ली। धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस की संलिप्तता के आरोपों की सीबीआइ जांच के झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 20 दिसंबर को सुनवाई होगी। यह मामला झारखंड में कोयला चोरी के संगीन आरोपों से जुड़ा है, जिसमें पुलिस अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की मांग की गयी थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश पर फिलहाल अंतरिम रोक लगा दी है। इस रोक के चलते धनबाद में कोयला चोरी और पुलिस की संलिप्तता की जांच पर अस्थायी रूप से विराम लग गया है। सुप्रीम कोर्ट में 20 दिसंबर को इस मामले की अगली सुनवाई निर्धारित है।

### गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट डूबी, दो मरे

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल बोट बीच समुद्र में डूब गयी। बोट में करीब 85 यात्री सवार थे, जिसमें से 2 लोगों की मौत हो गयी है। 77 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। पांच लोग लापता हैं। हादसा उरण के पास बुधवार शाम करीब 4 बजे हुआ। बोट मालिक का आरोप है कि मुंबई से एलिफेंटा गुफाओं की ओर जाते समय अरब सागर में बुचर द्वीप के पास नौसेना की गश्ती स्पीड बोट ने नाव को टक्कर मार दी। इससे नाव में पानी भर गया और वह डूब गयी।

# गडकरी-सिंधिया समेत 20 सांसदों को नोटिस भेजेगी भाजपा

## सदन में 'एक देश-एक चुनाव' बिल की वोटिंग में मौजूद नहीं थे


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया और गिरिराज सिंह समेत 20 सांसदों को नोटिस भेजेगी। ये सांसद मंगलवार को 'एक देश, एक चुनाव' बिल पेश होने के दौरान लोकसभा में मौजूद नहीं थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा ने तीन लाइन का व्हिप जारी करके पार्टी के सभी सांसदों को बिल पेश होने के दौरान लोकसभा में मौजूद रहने के निर्देश दिये थे।



इसकी अवहेलना करने पर सांसदों को नोटिस भेजकर कारण पूछा जायेगा। हालांकि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो पायी है कि इन सभी सांसदों ने पार्टी को अपनी अनुपस्थिति के बारे में पहले से सूचित किया था या नहीं।

संसद में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया और सीआर पाटिल, शांतनु ठाकुर, जगदंबिका पाल, बीवाइ राघवेंद्र, विजय बघेल, उदयराजे भोंसले, जगन्नाथ सरकार, जयंत कुमार रॉय, वी सोमन्ना, चिंतामणि महाराज समेत कुल 20 सांसद मौजूद नहीं थे।



# जमशेदपुर में पुलिस उच्चाधिकारी कर रहे थे बैठक उधर, कांग्रेस कार्यकर्ता की हो गयी सरेआम हत्या

## आलोक को सामने से मारी गोली, पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर में बुधवार को पुलिस महकमे के उच्चाधिकारियों की बैठक चल रही थी। आइजी, डीआइजी से लेकर राज्य के उच्चाधिकारी मौजूद थे। उधर, अपराधियों ने दिनदहाड़े एक युवक की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी। युवक का नाम आलोक कुमार था। वह कांग्रेस कार्यकर्ता था। कई सामाजिक संस्था से जुड़ा हुआ था। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।



**पहले से घात लगाकर बैठे थे अपराधी:** प्राप्त जानकारी के अनुसार शास्त्रीनगर रोड नंबर 4 के पास अपराधी घात लगाकर बैठे थे। उसी दौरान आलोक पर अपराधियों की नजर पड़ी। उन्होंने आलोक उर्फ मुन्ना को सामने से गोली मारी। गोली आलोक के सीने में लगी और वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद अपराधी वहां से फरार हो गये। इधर घटना के बाद क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी। तत्काल स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी और मुन्ना को टीएमएच लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### परिजनों ने पुलिस पर लगाया आरोप

मृतक के परिजनों ने इस मामले में पुलिस पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई दिनों से उनके घर की रेकी की जा रही थी। इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी थी। नाम भी बताया गया था, लेकिन पुलिस की लापरवाही के कारण घटना घटी है। वहीं पूरे मामले मे डीएसपी निरंजन तिवारी ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द की जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,500 रु./10 ग्राम
चांदी 91,000 रु./प्रति किलो



# भारतीय परिस्थितियों के लिए मुफीद है 'एक देश-एक चुनाव'

## ■ राजनीतिक, प्रशासनिक और आर्थिक बोझ कम करने का है अच्छा उपाय

## ■ देश के विकास की गाड़ी में लगनेवाले ब्रेक को भी खत्म किया जा सकेगा

आजाद सिपाही विशेष

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इन दिनों एक गंभीर विमर्श में उलझा हुआ है। यह विमर्श 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर हो रहा है। पहले संसद के बाहर और अब संसद के अंदर इसको लेकर पक्ष और विपक्ष आमने-सामने है। सत्तारूढ़ भाजपा और उसके नेतृत्व में एनडीए कुनबे में शामिल लगभग सभी सहयोगी दल इसका समर्थन कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस के साथ सपा, राजद, टीएमसी और डीएमके जैसी क्षेत्रीय पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं। दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं, अपनी-अपनी दलीलें हैं। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि आखिर 'एक देश एक चुनाव' है क्या और भारत पर इसका क्या असर हो सकता है। इस सवाल का एक ही जवाब है कि यदि इस देश में 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था लागू हो गयी, तो न केवल इसे राजनीतिक और प्रशासनिक बोझ से मुक्ति मिलेगी, बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह व्यवस्था बेहद लाभदायक होगी। हालांकि इस व्यवस्था को लागू करने के लिए बड़े पैमाने पर नये उपाय करने होंगे और ढांचागत सुविधाएं जुटानी होंगी, लेकिन इसके बावजूद यह व्यवस्था भारत को एक नये युग में ले जा सकेगी। 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था से व्यापक चुनाव सुधार के लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकेगा और देश के विकास की गाड़ी पर बार-बार लगनेवाले ब्रेक को भी एक झटके से खत्म किया जा सकेगा। क्या है 'एक देश एक चुनाव' के विधेयक की पूरी कहानी और इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा में 17 दिसंबर को पेश किये गये 'एक देश एक चुनाव' विधेयक को लेकर पूरे देश में गंभीर विमर्श का दौर शुरू हो गया है। हर किसी के पास इसके समर्थन और विरोध में दलीलें हैं, तर्क हैं और इसके नफा-नुकसान की बात भी खूब हो रही है। ऐसे में इस व्यवस्था के बारे में जानना बहुत जरूरी है। दरअसल, 'एक देश एक चुनाव' का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव कराये जायें, यानी वोटर लोकसभा और विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन में अपना वोट डालेंगे।

### 'एक देश एक चुनाव' की पृष्ठभूमि

केंद्र सरकार लंबे समय से यह दावा करती आ रही है कि 'एक देश एक चुनाव' चुनाव सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए, सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' की संभावनाएं तलाशने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। इस समिति ने मार्च 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। समिति में शामिल प्रमुख सदस्यों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और चीफ विजिलेंस कमिश्नर संजय कोठारी थे। इसके अलावा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में कानून राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ नितेन चंद्र भी समिति का हिस्सा थे। 191 दिनों की रिसर्च के बाद इस समिति ने 18 हजार 626 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी। इसके बाद 12 दिसंबर को 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दे दी है, जो इसे कानून बनाने की दिशा में कदम है।

### सरकार का दावा

सरकार का कहना है कि 'एक देश एक चुनाव' से सरकार का कामकाज आसान हो जायेगा। देश में बार-बार चुनाव होने से काम अटकता है, क्योंकि चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो जाती है, जिससे परियोजनाओं में देरी होती है और विकास कार्य प्रभावित होते हैं। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से सरकार नीति निर्माण और उसके अमल पर ज्यादा ध्यान दे पायेगी। यही नहीं, दावा किया जा रहा है कि एक बार चुनाव कराने से लागत कम होगी और संसाधन भी कम लगेंगे। पैसे बचेंगे और उन्हें देश के विकास में खर्च किया जायेगा। सरकार का कहना है कि भारत में 1952 से 2023 तक प्रतिवर्ष औसतन छह चुनाव हुए। यह आंकड़ा सिर्फ लोकसभा और विधानसभाओं के लिए बार-बार होने वाले चुनावों का है। वहीं अगर स्थानीय निकायों के चुनावों को शामिल कर लिया जाये, तो प्रतिवर्ष चुनावों की संख्या कई गुणा बढ़ जायेगी। एक तर्क है कि एक साथ चुनाव से खासकर विधानसभा चुनावों में सरकार, उम्मीदवारों और पार्टियों अलग-अलग खर्चा होता है, वह सब कम हो जायेगा। एक साथ चुनाव कराने से वोटरों के रजिस्ट्रेशन और वोटर लिस्ट तैयार करने का काम आसान हो जायेगा। एक ही बार में ठीक से इस काम को अंजाम दिया जा सकेगा। कम चुनाव होने से राज्यों पर भी वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा।




### क्या है विपक्ष का तर्क

विपक्ष का कहना है कि भारत जैसे देश में 'एक देश एक चुनाव' को लागू करने में कई चुनौतियां और खामियां हैं। खासकर कांग्रेस का तर्क है कि भारत जैसे विशाल देश में यह संभव नहीं है, क्योंकि हर राज्य की अलग चुनौतियां और उसके मुद्दे हैं। एक साथ चुनाव से वे प्रभावित होंगे। सांस्कृतिक तौर पर भी ये असंभव है। एक साथ चुनाव कराने से क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की संभावनाएं प्रभावित हो सकती हैं, क्योंकि वे स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उजागर करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। वे पैसे और चुनावी रणनीतियों के मामले में राष्ट्रीय पार्टियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं हो सकते। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के पास सीमित संसाधन हैं, जबकि सामने राष्ट्रीय दलों के संसाधन होने की वजह से वे हावी हो सकते हैं।

### चुनावी खर्च में होगी बचत

कहा जा रहा है कि एक साथ देश में चुनाव होने से सरकारी खजाने पर कम बोझ पड़ेगा। दावा है कि इससे जो पैसा बचेगा, वह औद्योगिक विकास में लगेगा। 'एक देश एक चुनाव' लागू होने से देश की जीडीपी भी एक से डेढ़ फीसदी बढ़ सकती है। अगर चुनावी खर्च की बात की जाये, तो यह मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर तय होती है। बीते वर्षों में सेवाओं और वस्तुओं की कीमतों में हुई वृद्धि के आधार पर खर्च की सीमा तय की जाती है। देश में आजादी के बाद साल 1951 में पहला आम चुनाव हुआ था। इस चुनाव में करीब 10.5 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। चुनाव आयोग के मुताबिक 1951 कुल 17.32 करोड़ मतदाता थे, जो साल 2019 में बढ़कर 91.2 करोड़ हो गये थे। आयोग के मुताबिक 2024 के चुनाव में 98 करोड़ मतदाताओं के नाम लिस्ट में थे। मोदी सरकार पहली बार 2014 में सत्ता में आयी थी। चुनाव आयोग के मुताबिक उस चुनाव को कराने में करीब 3870 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इससे पहले 2009 लोकसभा चुनाव में 1114.4 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। 2009 के मुकाबले में 2014 में चुनावी खर्च करीब तीन गुना बढ़ गया। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में खर्च करीब 6600 करोड़ रुपये रहा था।

### एक वोट के लिए इतना खर्च

2024 के लोकसभा चुनाव में एक वोट के लिए खर्च का हिसाब निकालें, तो पता चलता है कि देश में पहली बार जब 1951 में आम चुनाव हुए थे, तब करीब 17 करोड़ वोटरों ने भाग लिया था। उस वक्त हरेक मतदाता पर 60 पैसे का खर्च आया था, जबकि उस चुनाव में कुल 10.5 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। वहीं, 2019 के लोकसभा चुनाव में करीब 6600 करोड़ रुपये खर्च हुए थे, जबकि कुल मतदाताओं की संख्या करीब 91.2 करोड़ थी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में यह खर्च बढ़कर 72 रुपये प्रति वोटर पहुंच गया था। साल 2014 के चुनाव में प्रति मतदाता खर्च करीब 46 रुपये था। इससे पहले 2009 के लोकसभा चुनाव में 17 रुपये प्रति वोटर और 2004 के चुनाव में 12 रुपये प्रति वोटर खर्चा आया था। देश में सबसे कम खर्च वाला लोकसभा चुनाव 1957 में हुआ था। तब चुनाव आयोग ने सिर्फ 5.9 करोड़ रुपये खर्च किये थे, यानी हरेक मतदाता पर चुनाव खर्च सिर्फ 30 पैसे आया था।

### चुनाव खर्च का हिसाब

लोकसभा चुनाव 2024 में एक उम्मीदवार को अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकता था। इनमें चुनाव प्रचार, वाहन, खाना-पानी, टेंट और बैनर-पोस्टर तक शामिल है। चुनाव के दौरान गायकों और सोशल मीडिया पर दिये गये विज्ञापन का भी हिसाब होता है। फिलहाल विधानसभा चुनाव के लिए यह रकम प्रति उम्मीदवार के लिए अधिकतम 40 लाख रुपये निर्धारित है। इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव में भी खर्च अधिकतम 95 लाख रुपये, 2014 के लोकसभा चुनाव में 70 लाख रुपये, 2009 के चुनाव में 25 लाख रुपये और 2004 के लोकसभा चुनाव में 25 लाख रुपये था। देश के पहले चुनाव यानी 1951 में एक उम्मीदवार अधिकतम 25 हजार रुपये तक खर्च कर सकता था।

### व्यापक तैयारी करनी होगी

'एक देश एक चुनाव' को पूरी तरह लागू करने के लिए बहुत सी तैयारियों की जरूरत होगी। वोटर लिस्ट अपडेट करना, वोटिंग मशीनें खरीदना और सुरक्षा बलों का इंतजाम करना, ये कुछ जरूरी काम हैं। चुनाव आयोग ने 2029 में 'एक देश एक चुनाव' के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती में 50 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसके लिए लगभग सात लाख सुरक्षाकर्मियों की जरूरत पड़ सकती है। इवीएम और वीवीपैट को रखने के लिए देशभर में आठ सौ अतिरिक्त गोदामों की भी जरूरत होगी।

### व्यवस्था लागू होने पर क्या होगा

यदि 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था लागू हो गयी, तो केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव 2029 के बाद एक तारीख तय करेगी। इस तारीख पर ही सभी राज्यों की विधानसभाएं भंग हो जायेंगी। इसके बाद पहले फेज में लोकसभा के टर्म के हिसाब से सभी विधानसभाओं के चुनाव कराये जायेंगे। इसके 100 दिन के अंदर दूसरे फेज में नगर निकाय और पंचायत चुनाव कराये जायेंगे। इन सभी चुनावों के लिए एक ही वोटर लिस्ट होगी। लोकतंत्र में कोई सरकार गिर भी सकती है। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव के कारण लोकसभा या किसी विधानसभा के भंग होने पर यह सुझाव दिया गया है कि नये चुनाव उतने ही समय के लिए कराये जायें, जितना समय सदन का बचा हुआ है।

### देश में एक साथ हो चुके हैं इलेक्शन

भारत की आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराये गये थे। इसके बाद इंदिरा गांधी के शासनकाल में राज्यों में धारा 356 का बेधड़क इस्तेमाल कर विधानसभाएं भंग की गयीं और एक साथ चुनाव कराने का सिलसिला टूट गया। अगर दूसरे देशों की बात करें, तो दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय और प्रांतीय चुनाव हर पांच साल पर एक साथ होते हैं। स्वीडन में राष्ट्रीय, प्रांतीय और स्थानीय चुनाव हर चार साल पर एक साथ होते हैं।

---

# मादक पदार्थ सैंपलिंग चूक मामले में हाइकोर्ट में हाजिर हुए डीजीपी और एटीएस एसपी

- जब्त मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही ढंग से नहीं होने पर आरोपितों को जमानत मिल गयी थी
- इसे हाइकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए डीजीपी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने पुलिस द्वारा जब्त किये गये मादक पदार्थों की सही तरीके से सैंपलिंग नहीं करने, जिससे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपितों को जमानत मिलने और एनडीपीएस केस में आरोपितों की सजा की दर कम होने के मामले में बुधवार को राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता, एटीएस के एसपी ऋषभ झा और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल डायरेक्ट अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान अदालत ने डीजीपी को निर्देश दिया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य सरकार एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनायें ताकि पुलिस की ओर से जब्त किये गये मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही तरीके से हो। इसके साथ मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े केस में सजा की दर बढ़े और मादक पदार्थ के कारोबारियों को सख्त सजा मिले। डीजीपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि अदालत के दिये गये निर्देशों का पालन किया जायेगा। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। दरअसल, पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया था लेकिन जब्त मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही ढंग से नहीं होने पर आरोपितों को जमानत मिल गयी थी। इसे हाइकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए डीजीपी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

# झाप्रसे के 925 पदाधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। 925 पदाधिकारियों की सूची जारी की गयी है जो बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 के अधीन अंतिम संवर्ग विभाजन के बाद पारस्परिक एवं एकल आधार पर स्थानांतरण के बाद झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों झारखंड लोकसेवा आयोग द्वारा अनुशंसित तथा नियुक्त पदाधिकारियों को छोड़कर अंतिम वरीयता सूची जारी की गयी है। यानि इनमें वैसे पदाधिकारी हैं जो बिहार लोकसेवा आयोग के अनुशंसा से नियुक्त हुए थे और झारखंड गठन के बाद पारस्परिक या एकल आधार पर स्थांतरित होकर झारखंड आये थे। कार्मिक विभाग ने एक संकल्प पूर्व में जारी किया था और इसमें म्यूचल ट्रांसफर कराके आने वाले पदाधिकारी की वरीयता उस वक्त राज्य में कार्यरत पदाधिकारियों के समान ही तय की गयी थी। ऐसे में झारखंड सचिवालय सेवा के पदाधिकारी संजय कुमार ने हाइकोर्ट में एक वाद दायर किया था और झासस के अलावा वैसे सभी सेवा के पदाधिकारी जो म्यूचल ट्रांसफर या एकल ट्रांसफर आये थे उनकी वरीयता पर सवाल खड़ा किया था। मामले पर 8 दिसंबर 2020 को आदेश पारित हुआ और इसी आलोक में नये सिरे से वरीयता निर्धारण के लिए आपत्ति ली गयी।

# बालू घाट पर छापेमारी करने गये सीओ को 3 घंटे तक बनाया बंधक

**गोड्डा (आजाद सिपाही)।** गोड्डा जिले में एक सीओ को बालू माफियाओं ने 3 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। मामला सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के धमनी के निकट का है। जहां बालू घाट पर छापेमारी को गये अंचलाधिकारी को बालू माफियाओं ने बंधक बना लिया था। पुलिस को जब इसकी जानकारी हुई तो वह मौके पर पुलिस पहुंची और सीओ को मुक्त कराया। सीओ की पहचान प्रकाश बेसरा के रूप में हुई है। उन्होंने सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें छह लोगों को नामजद किया गया है, वहीं 40 अज्ञात पर सरकारी काम में बाधा और मारपीट का आरोप लगाया गया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मंगलवार की दोपहर 12 बजे सुंदरपहाड़ी सीओ प्रकाश बेसरा अवैध बालू कारोबार के खिलाफ छापेमारी कर रहे थे। धमनी नदी में चार बालू ट्रैक्टरों को पकड़ा गया था। इस बीच वहां बालू माफियाओं ने हंगामा करते हुए जब्त ट्रैक्टरों को छुड़ा लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि अंचलाधिकारी ने जब्त ट्रैक्टरों को जानबूझ कर छोड़ दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यह सब सेटिंग-गेटिंग का खेल है। इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए।

## सीजीएल परीक्षा लीक मामला

# परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को हाइकोर्ट से झटका, याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) की ओर से कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल एग्जाम (सीजीएल) की 28 जनवरी को आयोजित परीक्षा के पेपर लीक मामले में जेएसएससी की ओर से परीक्षा आयोजन करने वाली एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किये जाने से संबंधित मामले में एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड की सिविल रिव्यू पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। दरअसल, जेएसएससी के द्वारा सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैकलिस्टेड करने के लिए जारी शो काज को हाइकोर्ट में पूर्व में चुनौती दी थी। हाइकोर्ट की खंडपीठ के फैसले को गलत बताते हुए सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड ने हाइकोर्ट में सिविल रिव्यू सिविल दाखिल की थी। इस पर हाइकोर्ट ने फैसला सुनते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी।




**पूर्व में मामले की सुनवाई में क्या हुआ था :** दरअसल, जेएसएससी ने पूर्व की सुनवाइयों में खंडपीठ को बताया गया था कि प्रथम द्दष्टता प्रश्न पत्र लीक मामले में कंपनी की संलिप्तता प्रतीत होती है। इसी कारण जेएसएससी ने इन्हें ब्लैकलिस्टेड किये जाने के संबंध में शो कॉज दायर कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। जबकि सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से जेएसएससी के शो कॉज पर रोक लगाने का आग्रह कोर्ट से किया गया था। जिस पर हाइकोर्ट की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुनाया था। सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड ने हाइकोर्ट के खंडपीठ के इस आदेश को गलत बताते हुए सिविल रिव्यू दाखिल की थी।

यहां बता दें कि जेएसएससी ने उक्त कंपनी को शो कॉज दायर करते हुए कहा था कि क्यों नहीं उन्हें क्वेश्चन पेपर लीक मामले में ब्लैकलिस्टेड किया जाये। क्योंकि ना तो एग्जामिनेशन सेंटर में नहीं ट्रेजडी में क्वेश्चन पेपर के खुलने की शिकायत मिली है। उक्त एग्जाम का जो थर्ड पेपर लीक हुआ है वह आपके ऑफिस से हुआ है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.6 °c | 9.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.24 बजे |



## पलामू की बच्ची के साथ गुजरात में दुष्कर्म, सीएम के निर्देश पर मंत्री पहुंची गुजरात

# जरूरत पड़ी तो दुष्कर्म पीड़िता को एयरलिफ्ट करेंगे : दीपिका पांडेय

**भरूच में मीडिया से दीपिका ने कहा कि पीड़िता की हालत गंभीर है**

**गुजरात सरकार से मांग की कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले**

**झारखंड सरकार ने लड़की के परिवार को चार लाख की सहायता दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पलामू जिले पांकी की रहनेवाली एक दस साल की बच्ची के साथ गुजरात में पलामू के ही विजय नाम के शख्स ने दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी मिलने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने इसे गंभीरता से लिया। उनके निर्देश पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह गुजरात पहुंची। उन्होंने भरूच में दस साल की रेप पीड़िता से मुलाकात की। भरूच में मीडिया से दीपिका ने कहा कि पीड़िता की हालत गंभीर है। झारखंड सरकार मामले को लेकर काफी गंभीर है। झारखंड सरकार हर संभव मदद करेगी। जरूरत पड़ने पर पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए एयर लिफ्ट भी कराया जा सकता है। बता दें कि 30 वर्षीय आरोपी विजय विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ललकी माटी टोला का रहने वाला है। तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। उसकी मां जीतू देवी वार्ड नंबर 7 की सदस्य है। वह 14 साल से



भरूच में मजदूरी करता है। पत्नी और दो बच्चे पलामू में रहते हैं। आरोपी पीड़ित लड़की के घर के बगल में ही रहता है और उसके पिता के साथ उसी कारखाने में काम भी करता है। पुलिस ने आरोपी विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। सोमवार को लड़की अपने घर के पास खेल रही थी। उसी समय विजय वहां आया और उसे अगवा करके अपने साथ झाड़ियों में ले गया। वहां अपनी हवस का शिकार बनाया और लड़की की प्राइवेट पार्ट में रॉड डाल दिया। इससे उसे गंभीर आंतरिक चोटें आयी हैं। उसे बड़ोदरा के एसएसजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर ने बताया- बच्ची के पेट व मुंह पर गंभीर जख्म है। स्थिति नाजुक है। पीड़ित बच्ची बार-बार कह रही है कि पड़ोस में रहने वाले विजय ने पहले उसे पत्थर मारा, चाकू मारा, फिर गलत काम किया। पीड़िता के माता-पिता भी मजदूर हैं। वो लोग भी पलामू के पांकी के रहने वाले हैं। दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर हम यहां मिले आये हैं। हमारे साथ एडीजी सुमन गुप्ता (आइपीएस) और समाज कल्याण विभाग के निदेशक किरण पासी हैं। वहीं उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने तीन सदस्यीय टीम भेजी है। झारखंड सरकार ने लड़की के परिवार को चार लाख की सहायता दी है। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गुजरात सरकार से मांग की कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले। आरोपी भी झारखंड का है, लेकिन आरोपी कोई भी हो उसे सजा मिलनी चाहिए।

महाराष्ट्र शासन, गृह विभाग (बंदरे व परिवहन)
महाराष्ट्र सागरी मंडळ
सागरी अभियंता व चिफ सर्व्हेअर
इंडोयन मर्कटाईल चेंबर्स, तिसरा मजला, रामजीभाई कमानी मार्ग, बेलार्ड पिअर, मुंबई- ४०० ००१. दूरध्वनी क्र.: ०२२-२६२३९९४५, फॅक्स क्र. ०२२-२६२३११२५
Website: https://mahammb.maharashtra.gov.in | Email: mecs.mumbai@mmb.maharashtra.gov.in

E-Tender Notice - (Year 2024-2025)

Main Portal: https://mahatenders.gov.in
Departmental Portal: www.mahammb.maharashtra.gov.in

Digitally signed E-Tender for work "Maintenance Dredging at Navigational Channel of Mora" invited by Maharashtra Maritime Board, Mumbai.

| Sr. No. | Name of Work | Earnest Money Deposit in Rs. | Blank Tender From Amount in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1. | "Maintenance Dredging at Navigational Channel of Mora, Dist- Raigad" | 1,54,100/- | 2,360/- |

The details can be viewed online and downloaded directly from the Government of Maharashtra E-Tendering Portal https://mahatenders.gov.in from 19.12.2024 at 11.00 hours (IST) onwards. The right to reject any or all tenders without assigning any reason is reserved with undersigned.

Sd./-
Marine Engineer & Chief Surveyor,
Maharashtra Maritime Board, Mumbai

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे,प्रभावशाली माध्यम से लाभ।

**वृष** ऑफिस में किसी तरह की मीटिंग को नजरअंदाज करने की कोशिश न करें।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा,परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।

**कर्क** सामाजिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ,विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधा मिलेगा।

**सिंह** आज का दिन अनुकूल एवं शुभ फलदायक है,चारों ओर से लाभदायक समाचारों की प्राप्ति।

**कन्या** निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा ।

**तुला** परिश्रम का पूरा फल मिलेगा, मधुर वाणी व चतुराई से आप अपने काम बना लेंगे।

**वृश्चिक** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**धनु** नवीन योजनाएं कार्यान्वित होंगी,कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।

**मकर** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।

**कुंभ** बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे। राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा।

**मीन** बुद्धि-चतुरता से कर्मक्षेत्र में जटिल समस्या का समाधान मिलेगा, आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देशभर में प्रदर्शन

# अंबेडकर और मणिपुर में जारी हिंसा के खिलाफ निकाला मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देशभर में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता अंबेडकर, अडानी और मणिपुर में जारी हिंसा के खिलाफ मार्च और प्रदर्शन किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को अडानी और उनके सहयोगियों को बचाने एवं मणिपुर में जारी हिंसा की अनदेखी करने सहित अन्य मुद्दों के विरोध में राजभवन मार्च निकाला। यह मार्च प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में शहीद स्थल से राजभवन तक किया गया। राजभवन पहुंचने पर मार्च सभा में परिवर्तित हो गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी और मणिपुर मामले पर पूरी तरह मौन है। हमारे नेता सदन में दोनों मामलों को लगातार उठा रहे हैं। मणिपुर में शांति बहाली की मांग कांग्रेस के जरिये लगातार जारी है लेकिन केंद्र सरकार इस पर चुप हैं। कमलेश ने कहा कि मणिपुर जल रहा है। लगातार हिंसा हो रही है। कर्फ्यू लगा हुआ है लेकिन आज तक प्रधानमंत्री वहां नहीं गये। दोनों मुद्दे



पर प्रधानमंत्री मौन हैं। वहां के मुख्यमंत्री भी इस मामले में फिसड्डी साबित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री उन्हें हटाने की बजाय उन्हें संरक्षण दे रहे हैं।

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि यदि अडानी को बचाने मोदी जी निकलेंगे तो जनता उन्हें गाड़ी से उतार देगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में हमें खुद को मजबूत करना है। राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यदि कोई राजनीतिक दल या व्यक्ति भीमराव अंबेडकर का अपमान करता है तो यह एक व्यक्ति का अपमान नहीं पूरे हिंदुस्तान का अपमान है। ऐसा दल जो हिंदुस्तान का अपमान करे किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था का राजनीतिक दल हो ही नहीं सकता। भारत में यदि ऐसा कोई दल है तो वह है भाजपा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि जनता ने साफ मन बना लिया है कि मोदी सरकार को कुर्सी से उतारना है। यदि भारत में बाबा साहब का रचित संविधान नहीं होता तो आज अल्पसंख्यक, आदिवासी और पिछड़े हाशिये पर होते। देश के हर नागरिक को संविधान ने अधिकार दिया है और इस संविधान के जनक बाबा साहब को भाजपा अपमानित करने पर तुली है। इसके अलावा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य ने सभा को संबोधित किया। राजभवन मार्च में विधायक सुरेश बैठा, नमन विक्सल कोंगाड़ी, भूषण बाड़ा, स्वेता सिंह, रामचंद्र सिंह, ममता देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, योगेंद्र साव, शहजादा अनवर, कार्यालय प्रभारी ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू सहित अन्य शामिल थे।

**प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जनता के सवालों का जवाब दें : प्रदीप यादव**

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि यह जनता की आवाज है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उनके सवालों का जवाब दें। पिछले एक वर्ष में अमित शाह दर्जनों बार झारखंड आ चुके हैं लेकिन मणिपुर जो वर्षा से जल रहा है हत्याएं, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है लेकिन गृह मंत्री को वहां जाने का वक्त नहीं मिल रहा है।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का गौरवपूर्ण कदम : संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विशाखापत्तनम में सर्वेक्षण पोत (बड़े) परियोजना के जहाज निर्देशक को इंडियन नेवी में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा (कमीशनिंग) को शामिल करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह जहाज हमारी समुद्री सीमाओं के साथ नौसेना को भी मजबूती प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में अब सब कुछ संभव हो रहा है। यह 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ निर्मित और मल्टी-बीम इको साउंडर्स, साइड स्कैन सोनार, आयुवी और अरोवी सहित कई अत्याधुनिक प्रणालियों से सुसज्जित है। हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण, नेविगेशन, गहरे समुद्र में संचालन और पर्यावरण अध्ययन में हमारा निर्देशक अब महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। हमारी समुद्री सीमाएं और क्षमताएं भी मजबूत होंगी। हमारी नौसेना अब आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ रही है। विकसित भारत की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं।

## राज्यपाल ने एनआइएमटी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

# औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन जरूरी: संतोष कुमार गंगवार




**राज्यपाल ने एनआइएमटी की समृद्ध परंपरा और तकनीकी अनुसंधान में उसके योगदान की सराहना की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी (एनआइएमटी) के डिपार्टमेंट ऑफ फाउंड्री एंड फोर्ज और द इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर (इंडिया), झारखंड के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

एनआइएमटी के सम्मेलन का विषय एडवांस इन फाउंड्री एंड फॉर्मिंग टेक्नोलॉजी था। सम्मेलन का उद्देश्य तकनीकी प्रगति और सतत विकास में योगदान देना है।

राज्यपाल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि फाउंड्री और फॉर्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन तकनीकों का उपयोग निर्माण, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में किया जाता है। राज्यपाल ने एनआइएमटी की समृद्ध परंपरा और तकनीकी अनुसंधान में उसके योगदान की भी सराहना की। साथ ही उन्होंने औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

राज्यपाल ने कहा कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण-संवेदनशील नवाचार सतत विकास के लिए नये अवसर प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे। राज्यपाल ने एनआइएमटी से हटिया और आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वच्छता और कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। साथ ही आशा प्रकट की कि यह सम्मेलन तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त मंच बनेगा और भावी इंजीनियरों एवं वैज्ञानिकों को प्रेरित करेगा। उन्होंने एनआइएमटी और आयोजन समिति के प्रयासों की भी सराहना की।

सम्मेलन में एनआइएमटी के कुलाधिपति डॉ अरुण कुमार झा, पूर्व अध्यक्ष श्याम अर्जुनवाडकर, राजनीतिक विशेषज्ञ डॉ एस दत्ता, झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति डॉ डीके सिंह, एनआइएमटी के निदेशक प्रो पीपी चट्टोपाध्याय और द इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, झारखंड के अध्यक्ष इंजीनियर महेश कुमार गुप्ता सहित कई शिक्षाविद, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# झारखंड में भी बनेंगे दिल्ली जैसे स्कूल सरकार इसके लिए करेगी एजेंसी हायर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों को दिल्ली के सरकारी स्कूलों के तर्ज पर विकसित किया जायेगा। इसके लिए झारखंड सरकार एक एजेंसी बहाल करेगी। यह एजेंसी उपलब्ध संसाधनों के आधार पर स्कूलों की रैंकिंग करेगी। साथ ही यह देखेगी कि स्कूलों को विकसित करने के लिए किन-किन संसाधनों की अभी भी आवश्यकता है। फिर स्कूलों का डेटाबेस तैयार कर उसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंपेगी।

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेइपीसी) ने स्कूलों के इस वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए प्रोफेशनल एजेंसी को बहाल करने के लिए टेंडर निकाला है। एजेंसी में 10 वर्ष के अनुभव वाले एक प्रोजेक्ट डायरेक्टर को रखा जायेगा, जो टीम का नेतृत्व करेंगे। इनके जिम्मे सर्वोत्तम रणनीति बनाने के साथ और विकल्पों का मूल्यांकन कर निर्णय लेने का अधिकार होगा। इनके अलावा एजेंसी में एक प्रोजेक्ट मैनेजर को भी रखा जायेगा, जिसकी योग्यता एमबीए होगी। साथ ही मनोविज्ञान, सांख्यिकी और अर्थशास्त्र में कम-से-कम सात साल का अनुभव जरूरी होगा। उनके अलावा टीम में दो टीचर ट्रेनिंग स्पेशलिस्ट और



एक डेटा एनालिस्ट को भी रखा जायेगा। यह टीम स्कूलों का मूल्यांकन करने के साथ शिक्षकों का भी अध्ययन करेगी कि वे बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित हैं या नहीं।

**क्या है दिल्ली स्कूल मॉडल :** दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में स्वच्छता, शौचालय, योग्य शिक्षक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की कमी की पहचान की है। इसी हिसाब से स्कूलों को विकसित किया है। वर्षों से चले आ रहे कुलीन वर्ग का शिक्षा मॉडल और आमलोगों के शिक्षा मॉडल के अंतर को कम किया। संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी। दिल्ली में शिक्षा के मॉडल पांच प्रमुख घटकों पर आधारित है। निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों के भवन और क्लासरूम को तैयार करना। प्रिंसिपल और शिक्षकों से स्वच्छता, रखरखाव और मरम्मत बोझ से मुक्त कर प्रबंधक की नियुक्ति की गयी। दूसरा घटक है प्रिंसिपल और शिक्षकों को ट्रेनिंग। तीसरा घटक रहा अनुशासनहीनता को दूर करना। शिक्षा मंत्री ने स्वयं स्कूलों का निरीक्षण किया। नियमित शिक्षण गतिविधियों की शुरूआत की गयी, ताकि बच्चे पढ़ना, लिखना और बुनियादी गणित का कौशल सीखें। नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु हैप्पीनेस पाठ्यक्रम की शुरूआत की गयी। कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों में समस्या-समाधान और विचार क्षमताओं को विकसित करने के लिए उद्यमशीलता पाठ्यक्रम की शुरूआत की गयी।

**शिक्षा मंत्री विभाग के अफसरों के साथ जायेंगे दिल्ली**

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि वे शिक्षा विभाग के कुछ अफसरों के साथ खुद दिल्ली जायेंगे। वहां के सरकारी स्कूलों का दौरा कर बेहतर व्यवस्था को झारखंड के स्कूलों में लागू करेंगे। जिस तरह संपन्न घर के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा मिलती है, उसी तरह सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेगी।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल ने बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सभागार बैठक की। जिसकी अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल और संचालन महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया। हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, प्रभारी मिथलेश कुमार पाठक और मंडल सदस्यता संयोजक डोमन गुप्ता शामिल हुए। प्रभारी मिथलेश कुमार पाठक ने सदस्यता अभियान के बारे में मंडल पदाधिकारियों, मंच मोर्चा के अध्यक्षों, शक्तिकेन्द्र संयोजक और बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल में सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी संयोजक डोमन गुप्ता सह-संयोजक गौतम भारती, और जीवन सोनी को सौंपी गयी है। मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को अंतिम रूप दिया जाना है। सदस्यता अभियान का शुभारंभ 22 दिसम्बर 2024 से की जानी है। शक्तिकेंद्र में 200 सदस्यों को जोड़ना है। 23-24 दिसंबर को मंडल के प्रत्येक बूथों में जाकर भाजपा से जुड़ने के इच्छुक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना है। 25 दिसंबर 2024 को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के मौके पर बूथों पर जाकर मनाना है, और इस दिन श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि देते हुए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाना है। मौके पर मुख्य रूप से मधुसूदन प्रसाद, शम्भूनाथ पांडेय, शंकर प्रसाद बर्मन, प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, राकेश वर्मा उर्फ डब्लू सोनी, मंडल मंत्री राजेश सोनी, सुनील अकेला, राजू श्रीवास्तव, बंटी श्रीवास्तव, अनूप कुमार कसेरा, बिनोद गुप्ता, कुन्दन वर्मा, अरविंद लाहकार, राजेश प्रसाद, शशि लाहकार, मुकेश कुमार, पवन कुमार, तालेश्वर यादव, वकील सिंह, अशोक कुमार, जयनाथ साव, सुखदेव मंडल, रंजीत कुमार, राजू साव, सुरेश रजवार, अनुभव भारती, तिलेश्वर साव, मुन्ना सिंह, सुबोध कुमार, सुरेश कुमार दास, सुरेश रवानी आदि उपस्थित थे।

## पेंशन संबंधी समस्याओं का होगा निदान



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय के द्वारा टाटीझरिया के सुदूरवर्ती ग्रामों में विभिन्न पेंशन योजनाओं से आच्छादित और पेंशन संबंधित समस्याओं के निदान के लिए शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत बुधवार को मध्य विद्यालय मंगरपट्टा और पंचायत भवन बेड़म में शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावे गुरूवार को डुमर पंचायत क्षेत्र के सार्वजनिक विद्यालय बेड़म और चुरचू में शिविर का आयोजन होगा। शुक्रवार को धरमपुर पंचायत के सार्वजनिक विद्यालय जेरुवाडीह, हरदिया और पानिमाको में शिविर आयोजित होगी। शनिवार को खैरा पंचायत के सिझुआ टोला और सार्वजनिक विद्यालय सिमराढाब में शिविर लगाया जायेगा और सोमवार को टाटीझरिया पंचायत के सार्वजनिक टाटी, मूरकी और बिसाय में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन होना है। बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने शिविर के आयोजन को लेकर पदाधिकारी और कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया है।

## पूर्व महासचिव विनोद मिश्रा और विनोद बिहारी महतो की मनायी गयी पुण्यतिथि



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले के दिवंगत महासचिव कामरेड विनोद मिश्र और झारखंड आंदोलन के अगुआ विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर भाकपा माले ने खरगू में दोनों नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित किया। सर्वप्रथम दोनों नेताओं की तस्वीर पर माल्यार्पण के तत्पश्चात एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सचिव अशोक चौधरी संचालन नईम अंसारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य कमेटी सदस्य सह जिप सदस्य सविता सिंह ने कही विनोद बिहारी महतो और कॉमरेड विनोद मिश्र दोनों ही लाल झंडे के सिपाही और गरीब शोषितो के नेता थे। विनोद मिश्र आधुनिक भारत के शिल्पकार और विनोद बिहारी झारखंड अलग राज्य आन्दोलन के अगुवा थे। केंद्र सरकार संसद से वन नेशन वन इलेक्शन का बिल पारित कर देश में तानाशाही थोपने की कोशिश कर रही है। यह बिल संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। भारत जैसे विविधताओं वाला देश में इस बिल के आने के बाद राज्यों की अलग विशेषताएं और कानून निष्प्रभावी हो जायेंगे है। यह राज्य के हितो के खिलाफ सोची समझी साज़िश है। नफरत और हिंसा की विभाजनकारी भाजपा को झारखंड की सत्ता से बाहर करने, के लिए भाकपा माले पूरे राज्य में जोहार झारखंड यात्रा की शुरुआत की है। मौके पर छोटू सिंह, बहुजन मियां, जमील अंसारी, शरीफ अंसारी, उपेंद्र सिंह, सावित्री देवी, मुस्लिम अंसारी, सुरेंद्र सिंह, कन्हैया कुमार, आनंद सिंह और काफी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

## जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत भवन सभागार में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोडरमा पुलिस उपाधीक्षक दिवाकर कुमार की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जमीनी संबंधी, साइबर क्राइम, सड़क दुर्घटना आदि मुख्य रूप से शिकायतों को लेकर यह कार्यक्रम के दौरान आवेदन प्राप्त किया गया। जन शिकायत कार्यक्रम में सतगावां, ढाब, नवलशाही तीन थाने के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र से आए हुए आवेदन पर थाना प्रभारी को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सतगावां, ढाब, नवलशाही थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के आए हुए आवेदन को उपस्थित पदाधिकारी द्वारा मौखिक निष्पादन किया गया और जमीनी संबंधित मामलों को निष्पादन थाना के द्वारा अंचल के कर्मचारियों के द्वारा निष्पादन किया जायेगा। पुलिस उपाधीक्षक दिवाकर कुमार ने कहा कि प्रखंड के पुलिस प्रशासन किसी भी मामले आवेदन लेकर निष्पादन अवश्य करें सड़क दुर्घटना साइबर क्राइम अन्य क्राइम मामले को थाना के द्वारा निष्पादन किया जायेगा। जमीन संबंधित मामलों को अंचल कार्यालय के द्वारा निष्पादन की जायेगी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में तीनों थाना मिलाकर कुल 12 मामले को लेकर आवेदन प्राप्त हुए जिसमें सतगावां थाना से 6, नवलशाही 4, ढाब 2 मामले को लेकर आवेदन प्राप्त किया गया है। मौके पर सीओ केशव प्रसाद, सतगावां थाना प्रभारी विजय गुप्ता, ढाब थाना किशोर घोष, नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार, एसआई रौशन कुमार आदि उपस्थित थे।

## परिवार नियोजन को लेकर सहिया को प्रशिक्षण

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में बुधवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी सहियाओं को ऑनलाइन डिमांड फैमिली प्लानिंग अस्थाई विधि के किट ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को वितरण करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। अलग-अलग बैच में राष्ट्रीय कुष्ट उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सहिया को कुष्ट संबंधी उनमुक्ति करण के तहत जानकारी दी गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आशीष कुमार यादव ने उपस्थित सहिया को उपर्युक्त विषय पर विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर बीपीएम मनोज राम, कविता कुमारी, पंकज कुमार, विनय कुमार, सहिया साथी और सहिया उपस्थित थी।

### विधायक ने धान खरीद केंद्र का किया उद्घाटन

# किसानों की हर समस्या का होगा समाधानः रोशन लाल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** आत्मनिर्भर बड़कागांव फार्मर्स सर्विसेज प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में चंदौल पंचायत स्थित हरेम गांव में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काट कर किया। किसानों ने जोरदार तरीके से विधायक को फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि किसान देश की अन्नदाता है इनकी हर समस्याओं का समाधान करना हमारा पहली प्राथमिकता होगी। किसानो की सिंचाई की सुविधा के लिए हम प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी से मिलकर सदन में बात रखे हैं। और बहुत जल्द ही जहां-जहां किसानों की समस्या हैं, उसका समाधान



मिल बैठकर करेंगे। सभी पंचायत में सर्वे कर सिंचाई की सुविधा के लिए सूचीबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जायेगा। हर कुआं में बिजली और जगह-जगह पर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जायेगी। ताकि किसानों को खेती करने में किसी भी तरह की समस्या ना हो पाये। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान प्रवीण कुमार ने कहा कि हमारी संस्था की ओर से किसानों को 50% अनुदानित दर पर बीज किसानों को उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन हम सरकार से मांग कर रहे हैं, कि जिस तरह से आदिवासियों को 100% अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराया जाता है। उसी तरह से प्रत्येक किसानों को 90% सब्सिडी पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाये। ताकि किसानों को खेती करने कोई समस्या ना हो। कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता ने कहा कि इतना देरी से सरकार धान की खरीदारी कर रही है की किसान नवंबर माह में लगभग 75% धान बिचौलिए के हाथों में देख चुके हैं। मात्र 25% धान बचा है जिसमें किसानों को अधिप्राप्ति केंद्र में बेचना है। पर किसानों का भुगतान 6 से 8 महीना में होता है। जिससे किसान पैक्स में धान बेचने से कतराते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदौल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सनीत महतो ने किया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कालेश्वर गंझू, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व प्रमुख सह जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य सुरेश राम, लीलाधन साव, प्रवीण कुमार, उपेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया अशोक महतो, दिनेश्वर कुमार महतो, ईश्वर दयाल कुमार, अवधेश सिंह, जी टी भारत संस्था के निर्भय कुमार, दीपक चिकने, होरिल महतो, संजय कुमार, घनश्याम कुमार सहित भारी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

# दूसरे शहर में इ-पॉश से इ-केवाइसी करने पर डीलर पर गिरी गाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवारा।** राशनकार्ड में इ-केवाइसी को अवसर में बदल कर पैसा कमा रहे हैं डीलर। जानकारी के अनुसार चंदवारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत थाम की डीलर सुकरी देवी के द्वारा राशन कार्ड धारकों का दूसरे शहर में जाकर पैसा लेकर केवाइसी किया जा रहा है। वही इस बाबत डीलर सुकरी देवी से फोन पर बात करने पर उन्होंने बताया कि अभी डॉक्टर के पास है 20 तारीख के बाद इ-केवाइसी किया जायेगा। बताते चले कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र राशन कार्ड धारकों को लाभ मिल सके इसके लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य का 31 दिसंबर 2024 तक निःशुल्क इ-केवाइसी कराना है। यह प्रक्रिया पीडीएस दुकान पर इ-पॉश मशीन के माध्यम से पूरी की जा रही है। इस सम्बंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सजय कुमार ने डीलरों को राशन कार्डधारियों का इ-केवाइसी निःशुल्क करने का आदेश दिया था। हालांकि कुछ बेईमान डीलर अनधिकृत शुल्क का भुगतान न करने पर राशन कार्ड रद्द करने की धमकी देकर इस स्थिति का फायदा उठा रहे हैं।

### क्या कहते हैं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी

इस बावत प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि थाम की डीलर सुकरी देवी के द्वारा राशन कार्ड धारकों का दूसरे शहर में जाकर पैसा लेकर इ-केवाईसी करने का शिकायत आया था। जांच के क्रम में शिकायत सत्य पाया गया। शिकायत के आलोक में उक्त डीलर पर कारवाई को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना दे दी गयी है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इ-केवाइसी एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके तहत लाभुकों की पहचान बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से की जाती है। इसमें आधार कार्ड से जुड़े आंकड़ों का सत्यापन किया जाता है। सभी राशन कार्ड धारकों को इस महत्वपूर्ण जानकारी को गंभीरता से लेना चाहिए। समय पर ई-केवाईसी का काम पूरा कराना बहुत जरूरी है ताकि राशन मिलने में कोई दिक्कत न हो। यह कदम न केवल आपकी सुविधा के लिए है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि राशन का वितरण सही और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। उन्होंने लोगो से अपील करते हुवे कहा कि अफवाहों में न पड़ कर डीलर से इ-पॉश मशीन से ही इ-केवाइसी करवाये।

## जिले में सड़क दुर्घटना में दो पुलिस जवान घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा और मरकच्चो थाना क्षेत्र के सड़क दुर्घटना में दो पुलिस जवान घायल हो गये। ताजा मामला कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाघीटांड पंप के समीप वाहन की चपेट में आने से एक पैंथर घायल हो गया। घायल की पहचान टुनटुन कुमार दुबे के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बाघीटांड पेट्रोल पाइप के समीप वाहन अपनी चपेट में लेने से बाइक सवार पैंथर जवान घायल हो गये। इसके बाद आनन फानन में ग्रामीण सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। दूसरी घटना मरकच्चो थाना अंतर्गत दशारो में बाइक से गिरकर एक पुलिस जवान घायल हो गया। घायल की पहचान प्रेमचंद झा (उम्र 45 वर्ष) पुलिस लाइन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से मरकच्चो से कोडरमा की तरफ आने के दौरान दशारो चौक के समीप वाहन चकमा दे देने से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया।

# हिंदू सनातनी पदयात्रा का विष्णुगढ़ में स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग से देवघर तक पदयात्रा में शामिल तीन सनातनी हिंदू अजय दास, रौशन झा और रामचंद्र जी पदयात्रा कर रहे हैं। जिसमे कई हिंदू पदयात्रा में शामिल सनातनी अपनी हाथों में गदा और भगवा ध्वज लेकर नारा लगाते हुए पदयात्रा कर रहे है। बीच रास्ते में बढ़ते-बढ़ते कई सनातनी भाई जुड़ कर एक साथ में पदयात्रा कर रहे हैं। पदयात्रा के दौरान विष्णुगढ़-बगोदर 522 एनएच पर स्थित अतिथि सत्कार होटल के समीप पहुंचने पर सनातनी हिंदू पदयात्रा का गर्म जोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सनातनी हिंदू अजय दास ने बताया कि सनातन को एक जुट और जोड़ने के लिए



पदयात्रा की जा रही है। जिसमे हजारीबाग बुढ़वा महादेव मंदिर से बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त कर और संपूर्ण पदयात्रा का संकल्प लेकर तीन हिन्दू सनातनी देवघर भोलेनाथ के दरबार के लिए निकले है। हमारा उदेश्य है कि आज जिस तरह बांग्लादेश में हिन्दुओ के साथ अत्याचार किया जा रहा है, हमलोग उसका विरोध करते है। इस पदयात्रा में जगह जगह हिन्दू भैया मिलते जायेंगे, उन्हें अपने धर्म की रक्षा करने और हिन्दुओं को जगाने का संदेश देने का काम करेंगे। इस मौके पर चंद्रभूषण मिश्रा, विनोद सिंह, वरुण शर्मा, प्रभाकर पांडे, कृष पांडे, अनूप कसेरा, अनुज रवानी, ललन रवानी, सिक्कू मिश्रा, देव कुमार, गौतम वर्मा, राजेश कुमार सिंह (डोभी) दिलीप कुमार द्वारा उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान हिन्दू एकता जिंदाबाद, देश की रक्षक जाग जाओ, सभी सनातनी का साथ मिले, बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, के नारो से क्षेत्र गूंजता सभी हिन्दू सनातनी ने विष्णुगढ़ से बगोदर तक पदयात्रा रवाना हुए।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

# पुलिस से जुड़े मामलों का निष्पादन जल्दः डीआइजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड पुलिस की ओर से बुधवार को बिरसा सांस्कृतिक भवन में आपराधिक और विवादित मामलों के निपटारे को लेकर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जैप डीआइजी मयूर पटेल, उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी गयी और उसके समाधान की बात कही गयी। बतौर मुख्य अतिथि डीआइजी मयूर पटेल ने कहा कि झारखंड सरकार और झारखंड पुलिस की मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समाधान हो। इस कार्यक्रम के दौरान कोडरमा में ज्यादातर मामले





जमीन विवाद और महिला उत्पीड़न से जुड़े सामने आये। कोडरमा, डोमचांच और तिलैया थाना क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से न्याय की गुहार लगायी। डीआइजी मयूर पटेल ने कहा कि झारखंड सरकार और झारखंड पुलिस की मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समाधान हो। इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन अपनी समस्या बेहिचक रख सकते हैं। साथ ही घर बैठे अपनी समस्या ईमेल, व्हाट्सप्प और फोन के माध्यम से भी कर सकते हैं। कार्यक्रम में समस्याओं को सुन त्वरित निष्पादन का प्रयास किया गया है, साथ ही कार्यक्रम में आए शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग भी किया जायेगा। जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र से अलग-अलग समस्या लेकर पहुंचे फरियादियों ने अपनी अपनी समस्या बताते हुए उससे जुड़े आवेदन पुलिस के वरीय अधिकारियों को दिये। शिविर में पहुंचे लोग जो महीनों से थाना के चक्कर लगा रहे थे, अधिकारियों के समक्ष अपनी बात खुल कर रखते हुए एक उम्मीद लेकर शिविर से लौटे। मौके पर डीआइजी मयूर पटेल, एसपी अनुदीप सिंह, एसडीपीओ अनिल सिंह, कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार, महिला थाना प्रभारी पिंकी रानी, एससीएसटी थाना प्रभारी बजरंग उरांव, क्राइम रीडर मनोज सिंह, गोपनीय रीडर ताप्स डे समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## हदारी तुरी टोला में कानूनी जागरूकता शिविर



**इचाक (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग सचिव गौरव खुराना के निर्देश पर 90 दिवसीय डोर टू डोर कार्यक्रम के अंतर्गत इचाक प्रखंड के हदारी तुरी टोला में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पीएलवी विकाश कुमार पांडेय, दीपक कुमार और कंचन मेहता के द्वारा ग्रामीणों को डीएलएसए के बारे में बतलाया गया। यहां से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही साथ लोगों को 15100 और 1930 से संबंधित जानकारी दी गयी।

## डिवाइन में डांस प्रतियोगिता का आयोजन





**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक +2 उच्च स्कूल में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय निदेशक आइपी भारती ने फीता काट कर किया। स्कूली बच्चों ने भारतीय संगीत लोक नृत्य और अन्य नृत्यों की शानदार प्रस्तुति की गयी। कक्षा नर्सरी एलकेजी युकेजी तक के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी नृत्य कला का प्रस्तुती कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहकर बच्चों के उत्साहवर्धन जोरदार तालियां बजाकर की। प्रतियोगिता में कक्षावार ग्रुप में बच्चों ने धमाकेदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं। मौके पर विद्यालय के निर्देशक डॉक्टर आई पी भारती ने कहा कि नृत्य बच्चों के शारीरिक विकास में मदद करता है और उन्हें लचीला और मजबूत बनाता है। यह अवसर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रदान किया गया है। निदेशक ने माता-पिता को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और बच्चों को हमेशा प्रोत्साहित करने की बात कही। विद्यालय की प्रिंसिपल स्वाति रंजन ने बताया कि नृत्य से बच्चों का मानसिक विकास भी होता है, जिससे उनकी रचनात्मकता, एकाग्रता और समस्या-समाधान की क्षमता बेहतर होती है। कार्यक्रम में नर्सरी के बच्चों ने तीसरा स्थान युकेजी 'ए' ने दूसरा स्थान जबकि एलकेजी ए के विद्यार्थी प्रतियोगिता के विजेता रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए स्कूल द्वारा की गयी पहल की सराहना की।

## अबुआ आवास के लिए दर-दर भटक रहे हैं सिरमा गांव के मोहम्मद शमशाद आलम



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिरमा पंचायत निवासी मोहम्मद शमसुद्दीन मलिक का पुत्र मोहम्मद शमशाद आलम का घर पिछले 5 वर्षों से गिर पड़ा है। अपनी पत्नी और पांच बच्चों को लेकर किराये के मकान में रहकर गुजर बसर कर रहे हैं। मोहम्मद शमशाद का कहना है कि जब पूर्व मुखिया वाजिद अली थे। उसी समय हमारा मकान गिर गया था। इसके लबाद मुखिया को आवास की मांग की गयी थी। आश्वासन देते रह गये और 5 साल बीत गया। जब नया मुखिया इशरत आरा बनी तो इनके पास भी चक्कर लगा रहे हैं। आम सभा में मेरा आवास पास हुआ है, और काम करने के नाम पर कुछ रुपये भी खर्च किये हैं, बावजूद आज तक अबुआ आवास का काम नहीं मिला है। बाध्य होकर किराये के मकान में रहने को मजबूर हैं। किसी तरह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं घर बनाने का रुपया मेरे पास नहीं जुट रहा है। किराये में भी रुपया देना पड़ रहा है। इस संबंध में मुखिया इशरत आरा से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं रिसीव किया।

## गौरी सर्कस और डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के समीप कृषि फार्म मैदान में गौरी सर्कस सह डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ बुधवार को किया गया। इस मेले का उद्घाटन प्रमुख सुनीता देवी, बीडीओ विवेक कुमार,सीओ रामरतन बर्णवाल, उप प्रमुख अमेरिका महतो, कांग्रेस पार्टी के नेता महेश प्रसाद साव और जनप्रतिनिधियों ने फीता काट कर किया। इस मेले में सर्कस के अलावे, बड़ा झूला, ब्रेक डांस और तमाम स्टाल भी लगाये गये हैं जिसका आनंद प्रखंड वासी अगले एक महीने तक लेंगें केरेडारी प्रखंड मुख्यालय में बीते कई वर्षों के बाद सर्कस और डिज्नीलैंड मेलस का आयोजन होना प्रखंडवासियों के लिए खास है। मौके पर आजसू नेता बैजनाथ महतो, कांग्रेस नेता सुरेश साव, अर्जुन राम, पूर्व मुखिया तापेश्वर साव, कीनू साव, अजित कुमार, बबलू अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा समर्थकों संग राजभवन मार्च में हुए शामिल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संत जेवियर स्कूल के पास से राजभवन मार्च के लिए रवाना हुए। कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने बताया कि इसका उद्देश्य केंद्र सरकार की नाकामियों और विभिन्न मुद्दों पर चुप्पी के खिलाफ विरोध दर्ज कराना था। कांग्रेस के इस मार्च में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। पार्टी ने यह कदम हाल ही में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर लगाये गये भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के खिलाफ उठाया है। कांग्रेस ने इन आरोपों को भारत की आर्थिक छवि को धूमिल करने वाला करार दिया है। पार्टी नेताओं ने मणिपुर में हो रही हिंसा और अराजकता के लिए भी केंद्र और राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने प्रधानमंत्री की इस मुद्दे पर चुप्पी और मणिपुर का दौरा न करने पर सवाल उठाये। राजभवन मार्च में अशोक कुशवाहा, नरेश प्रसाद, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद मंसूर, बबलू कुशवाहा, दिनेश राम, मोकम खान, जगदेव प्रसाद, अजय प्रजापति, राजू मेहता, अनिल मेहता, सुरेश प्रसाद, रघु यादव, दिनेश यादव, प्रमोद सिंह, नंदलाल प्रसाद आदि शामिल रहें।

# एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने जनता की समस्याओं का किया निबटारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर रामगढ़ जिले में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसे लेकर सभी अधिकारी शहर के बाजार टांड़ स्थित सिदो-कान्हू मैदान में एक मंच पर पहुंचे। सभी ने मिलकर जनता की समस्याओं से अवगत होकर समाधान किया। उक्त बातें बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में एसपी अजय कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि इससे पहले सितंबर माह में भी शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 175 मामले आए थे, उनमें से 150 मामलों का समाधान किया जा चुका है। कुछ मामले ऐसे थे जो सुलह होने लायक नहीं थे। साथ ही कुछ मामले न्यायालय में लंबित हैं। वैसी स्थिति में पुलिस का दायरा सीमित हो जाता है।

**डीसी ने लिया समाधान केंद्र का जायजा:** जन शिकायत समाधान केंद्र का जायजा लेने डीसी चंदन कुमार भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्या और समाधान की प्रक्रिया के बारे में जाना। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जमीन से जुड़े हुए मामलों पर एक टीम बनाकर काम करने की बात कही। उन्होंने बताया कि थाने में दर्ज जमीन से संबंधित मामलों की एक सूची तैयार की जाये। साथ ही उस सूची के आधार पर अंचल अधिकारियों से सहमति ली जाये। ऐसे ही एक शिविर लगाकर उसदिन शिकायतकर्ताओं को बुलाया जाये और उनकी समस्या का समाधान हो तो बेहतर रहेगा। एक मंच पर जब सिविल और पुलिस अधिकारी काम करेंगे तो जल्दी समस्या का समाधान निकलेगा।



### कई मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट समाधान

एसपी ने बताया कि बुधवार को भी सभी थाना प्रभारी समाधान केंद्र में पहुंचे थे। यहां लगभग 100 से अधिक मामले पहुंचे हैं। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान कर दिया गया। इसके अलावा अन्य मामलों का निष्पादन भी जल्द ही कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिकायत करने वालों को एक टोकन नंबर दिया गया है। जिसे ऑनलाइन करने का प्रयास किया जा रहा है। टोकन नंबर से शिकायतकर्ता अपने आवेदन पर हुए कार्य की जानकारी संबंधित थाने में ले सकता है। अधिकतर मामले जमीन से जुड़े हुए थे। इसके समाधान के लिए अंचल अधिकारियों को भी इस शिविर में बुलाया गया था।

### सभी थाना और ओपी के लगाये गये काउंटर

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जिले के सभी थाना और ओपी के काउंटर लगाये गये थे। जिसमें, रामगढ़ थाना, रजरप्पा थाना, गोला थाना, बरलंगा थाना, मांडू थाना, कुजू ओपी, वेस्ट बोकारो ओपी, पतरातू थाना, बासल थाना, बरकाकाना ओपी, भुरकुंडा ओपी, भदानीनगर ओपी प्रभारी के द्वारा जनता की शिकायतों पर आगे की कार्रवाई की गयी। इस दौरान यथासंभव ऑन द स्पॉट मामले का निष्पादन करने का प्रयास किया गया। जिनका निष्पादन नहीं हो सका, उनके लिए संबंधित थाने की पुलिस आगे प्रयास करेगी।

## एसआइटी ने अंचल कार्यालय मांडू का किया निरीक्षण



**मांडू (आजाद सिपाही)।** जिला उपायुक्त के द्वारा गठित चार सदस्यीय एसआइटी की टीम ने बुधवार को अंचल कार्यालय मांडू का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने सीसीएल अधिग्रहण क्षेत्र मौजा पुड़ी की भूमि की जांच और पंजी टू का अवलोकन किया। इस संबंध में जिला अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी ने बताया कि मौजा पुड़ी की 8.97 एकड़ भूमि का प्रारंभिक जांच की गयी है। सभी रैयतों को नोटिस किया जायेगा। टीम में मुख्य रूप से एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, उप समाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, सीओ विमल कुमार सिंह, वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार, तकनीकी सहायक सुरेंद्र प्रसाद के अलावा अंचल के सीआई मनोज कुमार राजस्व उप निरीक्षक कन्हैया कुमार, रामरतन पांडेय समेत अंचल के सभी कर्मी मौजूद थे।

## भाजपा मांडू मंडल ने की सदस्यता अभियान कार्यशाला



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा मांडू मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कुजू में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अध्यक्ष तोकेश सिंह और संचालन महामंत्री अशोक कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सदस्यता प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा और मंडल प्रभारी महेंद्र प्रजापति शामिल रहे। बैठक के दौरान सदस्यता अभियान पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि आगामी 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान की शुरुआत की जायेगी। जिसका समापन 14 जनवरी को किया जायेगा। साथ ही, मंडल कमेटी को सक्रिय सदस्यता अभियान चलाने समेत बूथ कमेटी और अध्यक्ष का गठन करने का निर्देश दिया। मौके पर रतन प्रसाद, राजेश प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, आशीष साहू, डिंपल प्रजापति, गणेश सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि साहू, नरेश गुप्ता, दशरथ केसरी, वीरेंद्र करमाली, पवन साहू, खेमलाल साहू, सुखदेव सोनी, पंचित महतो, सूरज महतो, अंबिका सिंह, बैजनाथ राम, बुद्धदेव राम, संजीत सोनी, तरुण कुमार, अनिल कुमार अग्रवाल, बाल गोविंद बेदिया, शंकर महतो, रूपेश कुमार, मनोज राम, दीपकमणि पाठक, संजय कुमार महतो शामिल रहे।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पतरातू में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव मनाया गया



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पतरातू में वार्षिक क्रीडा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता डीजल ओमकार शरण सिंह, उनकी पत्नी प्रतिमा सिंह प्राचार्य गौतम प्रियदर्शी उपस्थित थे। सभी अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शौल और बुके देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य गौतम प्रियदर्शी द्वारा स्वागत भाषण और विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किये गये। उसके बाद खेल का कुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा गणेश वंदना, हैप्पी डांस, योग बेस्ड डांस, नागपुरी डांस, पिरामिड फाउंडेशन और एरोबिक डांस प्रस्तुत किया गया जो काफी मनमोहक थे। क्रीडा दिवस समारोह का सफल आयोजन मे नंदिता होरो अंजुम खातून अरुण कुमार गोरखनाथ घांसी, डी के दास सुमित कुमार, शिल्पा कुमारी, ओम प्रकाश प्रसाद, सुदीप कुमार, मलिक पंकज कुमार, दामोदर लोहरा, पूजा कुमारी, सेवानी टोपनो, प्राची नीलम, श्रीवास्तव जे के सिंह, हरीश मिंज, पूनम लकड़ा, चिंता गौंड सैमुन्नीशा नेहा कुमारी, ज्योत्सना चौहान, प्रीति कुमारी, दीपिका कुमारी, लक्ष्मण कुमार, लाल देव कुमार, भोलेनाथ, विवेक कुमार लक्ष्मण कुमार आदि शामिल थे।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और मांडू विधायक का किया गया स्वागत



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला स्थित दामोदर रेस्टुरेंट में बुधवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो और मांडू के नवनिर्वाचित विधायक तिवारी महतो का स्वागत किया गया। नेता द्वय एक कार्यक्रम में भाग लेकर सिंदरी से लौट रहे थे। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं ने आजसू सुप्रीमो को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर आजसू प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो, गुडु सिंह, केंद्रीय सद्स्य सुबोध महतो, राम बिनय महतो, राही चौधरी, गोबिंद मुंडा सहित कई मौजूद थे।

## श्री श्याम मंदिर में होगा प्राण प्रतिष्ठा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के नेहरू रोड में नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में श्री खाटू श्याम बाबा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तीन से 8 फरवरी के बीच होने वाले भव्य हवन और पूजन कार्यक्रम को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गयी है। मंदिर प्रांगण में आयोजन समिति की बैठक में बुधवार को आयोजित की गयी। इसमें ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य, भूदाता, दानदाता समेत प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष सांवरमल अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि वर्षों से श्री श्याम भक्तों को बाबा के आगमन की प्रतीक्षा रही है। मंदिर में श्याम सरकार विराजमान होंगे और भक्तों का सपना साकार होगा।

## डीसी ने शुरू किया 'संपूर्ण शिक्षा कवच'



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में शिक्षा को सुदृढ़ और उन्नत करने की दिशा में डीसी चंदन कुमार ने डीएमएफटी के तहत 'सम्पूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में किया गया। यह कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक क्रांतिकारी पहल है। जिसमें उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर काउंसलिंग और तकनीकी सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। साथ ही साथ इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को 24*7 शिक्षक उपलब्ध कराये जायेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिक्षक, उप जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शैक्षणिक संस्था फिलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डीसी चंदन कुमार ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों और विज्ञान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के प्रत्येक छात्र का जीवन बेहतर बनाया जाये। सम्पूर्ण शिक्षा कवच' कार्यक्रम इसी दिशा में एक सशक्त पहल है।

**बदल जायेगा छात्रों का अनुभव : डीइओ :** जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। बच्चों को लाइव कक्षाओं के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ 24*7 शिक्षकों से जुड़ने की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि प्रथम चरण में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जाये, ताकि वे बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों से आग्रह किया कि दें इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभायें। इस अवसर पर सभी उपस्थित शिक्षकों, और प्रधानाध्यापकों ने 'संपूर्ण शिक्षा कवच' पहल की सराहना की।

## बाल दिवस पर प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में बुधवार को बाल दिवस और प्रदर्शनी को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी और प्राचार्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

**40 स्वादिष्ट व्यंजन और 20 गेम के लगाये गये थे स्टॉल:** कार्यक्रम में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन और 20 प्रकार के गेम के स्टाल लगाये गये थे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन के साथ-साथ गेम का लुफ्त उठाया।

**बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी को किया गया सम्मानित:** कार्यक्रम के दौरान स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों के नाना-नानी के साथ दादा-दादी को सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल ओढ़कर और गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। इससे बच्चों की सामाजिक बौद्धिक क्षमता में विकास होगा।

**अनोखा था रतन टाटा को समर्पित प्रदर्शनी:** कार्यक्रम के दौरान अनोखा था रतन टाटा के प्रति समर्पित प्रदर्शनी। इस दौरान 500 से अधिक प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाये गये थे। प्रदर्शनी लगाकर बच्चों ने लोगों का मंत्र मुग्ध कर दिया।

**ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में होता है बौद्धिक क्षमता का विकास: हरजाप:** कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए श्री गुरु नानक स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि स्कूल के 1000 से अधिक बच्चों के साथ-साथ शिक्षक और अभिभावकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और जिस तरीका से बच्चों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया काबिल-ए-तारीफ है। विज्ञान प्रदर्शनी, रतन टाटा को प्रति समर्पित प्रदर्शनी, स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल, पेंटिंग और गेम जोन बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

### डीसी ने की समाज कल्याण विभाग की समीक्षा

# चार पद और सहायिकाओं के 46 पद की बहाली के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश

**28 दिसंबर तक शत प्रतिशत गर्भवती और धात्री माताओं का डाटा पोषण ट्रैकर ऐप में अंकित करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को जिला समाज कल्याण विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सेविका के चार पद और सहायिकाओं के 46 पद की बहाली के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्रमवार संचालित योजनाओं और विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी गयी। पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला सुपरवाइजर्स को 28 दिसंबर तक शत प्रतिशत गर्भवती और धात्री माताओं का डाटा पोषण ट्रैकर ऐप में अंकित करने और ससमय सभी को पोषाहार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**कुपोषित बच्चों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करायें सीडीपीओ :** कुपोषण उन्मूलन की दिशा में कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने सीडीपीओ और सुपरवाइजर को उनके उनके क्षेत्र में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके उपचार हेतु नजदीकी एमटीसी केंद्र में उन्हें भर्ती करने का निर्देश दिया। समाज कल्याण प्राधिकारी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर निजी विद्यालयों में पढ़ रही बच्चियों को भी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जाना है। इस दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रति गंभीरता पूर्वक कार्य करने और निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।



### आंगनवाड़ी में उपलब्ध हो ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरण

आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों यथा इन्फैंटोमीटर, स्टेडिओमेटर, वेट स्केल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया। वर्तमान में आवश्यकता अनुसार ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों का आकलन करते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा। साथी ही रिक्त पड़े सेविकाओं के 4 पद और सहायिकाओं के 46 पद के लिए व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
Fuelling Sustainable Growth
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## सीसीएल प्रबंधन के अतिक्रमित क्वार्टर खाली कराने के तरीके पर उठे सवाल





**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** पिछले कई सालों से सैंकड़ों आवास पर रह रहे पुलिस प्रशासन के लोग और अन्य लोगों द्वारा किये गये अतिक्रमित क्वार्टर को खाली कराने में नाकाम सीसीएल प्रबंधन ने आवास में रह रही अकेली महिला की मौजूदगी और अंधेरे का सहारा लेकर क्वार्टर खाली कराने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसीएल कॉलोनी अंतर्गत स्टेट बैंक के समीप ए टाइप क्वार्टर में रह रहे एलआइसी एजेंट सुरेश शर्मा पिछले कई सालों से क्वार्टर में रहते आ रहे थे। पिछले दिनों कुछ विवाद के कारण वह आवास खाली कर सिक्यूरिटी विभाग के लोगों से साठ गांठ कर पूर्व में रह रहे क्वार्टर के ऊपर वाले क्वार्टर में रहने लगे। अन्य अतिक्रमित क्वार्टर पर किये गये कार्यवाही पर ध्यान दें तो ठंड के गिरते तापमान में पुलिस प्रशासन और सिक्योरिटी विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में उक्त क्वार्टर खाली कराना मानवता को शर्मशार करने जैसी घटना प्रतीत होती है। भुक्तभोगी सुरेश शर्मा ने बताया कि सिक्यूरिटी विभाग के लोगो द्वारा मोटी रकम की मांग की गयी थी जिसे चुकाने में असमर्थ था। मैं ठंड के मौसम में अन्य जगह रहने की व्यवस्था कर ही रहा था कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा मेरे गैर मौजूदगी में आवास खाली कराया। वही सिक्योरिटी इंस्पेक्टर संजय राम ने बताया कि मैं केन्द्रीय कर्मशाला बरकाकाना महाप्रबंधक द्वारा दिये गये आदेश का पालन कर रहा हूं। बताते चलें कि सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना के सैकड़ों आवास में रह रहे रसूखदार को खाली कराने की हिम्मत नहीं जुटा पायी सीसीएल प्रबंधन वर्तमान में ठंड के मौसम में गरीब आदमी पर किया गया कार्रवाई कई सवालों को जन्म देता है।

## चतरा पुलिस के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये कई मामले, सबसे अधिक मामले जमीन के




**चतरा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन में बुधवार को पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जगुआर के डीआईजी इंद्रजीत महथा शामिल हुए। मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय, अभियान एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, एसीडीपीओ संदीप सुमन, डीएसपी मुख्यालय अमिता लकड़ा सहित विभिन्न थाना के थाना प्रभारी शामिल हुए। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआईजी इंद्रजीत महथा ने कहा कि जो भी शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर थाना पहुंचे तो वहां मौजूद पुलिस के पदाधिकारी उनकी समस्या सुनें और उसका जल्द निराकरण करें। अगर थाने पर मौजूद कोई भी पदाधिकारी आम लोगों से अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं और इसकी शिकायत मुख्यालय को प्राप्त होती है तब वैसे पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी। पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने डीआईजी के समक्ष अपनी अपनी समस्याएं रखी। अधिकांश मामले जमीन से जुड़े हुए थे। कार्यक्रम के दौरान डीआईजी ने आए समस्याओं का समाधान जल्द करने का निर्देश संबंधित क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों को दिया। साथ ही क्षेत्र के डीएसपी को समस्या का समाधान जल्द करने को लेकर त्वरित कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिया गया।

## आदिम जनजाति परिवारों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर शिविर का आयोजन



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अतिसुदूरवर्ती नवादा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय टयाक्रम चबूतरा के पास बुधवार को सरकार के द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजनाएं में आदिम जनजाति ग्रामीणों के मूलभूत सुविधाओं प्रदान करने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना में 8 आवेदन, राशन कार्ड (मनरेगा)10 आवेदन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना एक आवेदन जमा लिया गया। इन सभी आवेदन पर तुरंत ऑनलाइन निस्पादन किया गया। साथ ही एसएचजी से 10 महिलाएं जुड़ने हेतु चयन किया गया। आदिम जनजाति के बीच 34 धोती साड़ी वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि कुंदा पंचायत सचिव रंजन राजू वर्मा, नवादा पंचायत सचिव मुकेश कुमार यादव, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव, समन्वयक दिलीप कुमार, रोजगार सेवक मिथलेश यादव, ऑपरेटर मुकेश कुमार के साथ कई लोग उपस्थित थे।

AFFIDAVIT
As per Affidavit Ref. No. 33 date 05.12.2024, I, Rubi Devi W/o-Sunil Kumar, aged about-33 Years, by faith- Hindu, by profession- House wife, resident of village- Ajad Muhalla, Ward No.-04, P.O. - Jhumri Telaiya, P.S- Telaiya. Dist.- Koderma (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. That I am permanent resident of above mentioned address. 2. That in addhar Card No.-3977 9142 8761 my name is written as Rubi Devi W/o-Sunil Kumar 3. That Rubi Devi @ Ruby Devi both are my name and I'am recognized with both names and same lady.
4. That Akshay Kumar is my son who is the student of Grizzly Vidyalaya, Telaiya Dam.
That the above written para 124 are correct.

AFFIDAVIT
As per Affidavit Ref. No. 7451 date 12.12.2024, I, DEEPAK KUMAR MAHTO S/O Chalitra Mahto, resident of village-Chotkisidhawara, P.O.-Chatro-Chatti, P.S. Chatro-Chatti, District Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. That my Nationality is Indian.
2. That my real name is "DEEPAK KUMAR MAHTO" which has been inserted in my Aadhar Card vide Aadhar No. 8480 6195 9974 but my name has been mentioned in my savings Bank account of Bank of India Gomia Branch vide A/C No. 481110510005247 as "DEEPAK KUMAR". 3. That, DEEPAK KUMAR MAHTO and DEEPAK KUMAR both names are of the same and one person i.e. myself. 4. That, I want to correct or rectify my name in my above said Bank Account as DEEPAK KUMAR MAHTO in place of DEEPAK KUMAR.
5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concerned for needful purpose. 6. That, the statements made above are true and correct, if any statement will be found false and then I shall be liable to be punished in the eye of law.

# श्रीलंका से बेहतर तालमेल के संकेत

श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुनकर जो संदेश देना चाहा, वह नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के साथ हुई उनकी बातचीत के दौरान स्पष्ट रूप में रेखांकित हुआ।

**ठोस आश्वासन :** सबसे बड़ी और ध्यान खींचने वाली बात यह रही कि श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने साफ शब्दों में नयी दिल्ली को आश्वस्त किया कि वह श्रीलंका की जमीन का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ नहीं होने देंगे। यह आश्वासन इस मायने में अहम है कि श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट में बैलिस्टिक मिसाइलों को ट्रैक और सपोर्ट करने वाले चीनी जहाजों का खड़ा होना भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। फिलहाल जरूर श्रीलंका ने इन जहाजों के आने पर रोक लगा रखी है, लेकिन इस रोक की समय सीमा अगले साल की शुरुआत में ही समाप्त होने वाली है। देखना होगा कि दिसानायके सरकार भारत से किये अपने इस वादे को आगे किस तरह से पूरा करती है।

**सहयोग पर जोर :** खास बात यह कि इस यात्रा में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के दीर्घकालिक नजरिये की झलक मिली। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने मुसीबत के समय उनके देश की जिस तत्परता से मदद की, वह महत्वपूर्ण है और वह चाहते हैं कि भारत की मदद जारी रहे। इस संदर्भ में संयुक्त बयान की यह बात अहम हो जाती है कि दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में साझा हितों को लेकर पैदा होने वाली पारंपरिक और गैरपारंपरिक चुनौतियों का मिलकर सामना करने और इस क्षेत्र को 'मुक्त, खुला व सुरक्षित' बनाये रखने की प्रतिबद्धता जतायी।

> श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा भारत को चुनी, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि श्रीलंकाई भूमि का इस्तेमाल भारत के हितों के विरुद्ध नहीं होगा।

**तमिल मसले पर लचीलापन:** दोनों देशों के बीच बढ़ती करीबी का एक संकेत यह तथ्य भी है कि बदले हालात में दोनों पक्ष एक-दूसरे की मुश्किलों का ख्याल रखते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इसका एक उदाहरण तमिल मुद्दे पर भारत के पुराने रुख में दिखा लचीलापन भी माना जा सकता है। भारत ने यह उम्मीद जरूर दोहरायी कि श्रीलंका संविधान पर पूरी तरह अमल करते हुए प्रांतीय परिषद के चुनाव करायेगा, लेकिन बयान में संविधान के 13वें संशोधन के जिक्र से बचा गया, जिसके मुताबिक तमिल अल्पसंख्यकों को ताकत देने की बात है। यह घरेलू मोर्चे पर दिसानायके सरकार के लिए राहत की बात मानी जा रही है।

**चीन की यात्रा पर निगाहें :** दिसानायके अगले महीने चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। चीनी कर्ज का जो बोझ आज भी श्रीलंका पर है, उसके मद्देनजर उन्हें चीन और भारत के बीच संतुलन बनाये रखते हुए ही बढ़ना होगा। देखने वाली बात यह होगी कि इस क्रम में वह भारत की चिंताओं को किस तरह से और किस हद तक प्राथमिकता में बनाये रखते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

जो जितना धनवान है, उसकी सहानुभूति का आकार उतना ही बड़ा होता है। अगर विश्वास नहीं हो, तो किसी देवालय में मंगल या शनि के दिन खड़ा होकर देख लें। हमने देवता को भी अपनी हितपूर्ति का माध्यम बना लिया है। देवालय में गरीबों के प्रति सहानुभूति का स्तर हमारे समृद्धि का ही प्रदर्शन होता है। पूजा पाठ, गरीब को दान-दक्षिणा सब फैशन बन गया है। ऐसे बदलते भारत में शिक्षा, ज्ञान, प्रतिभा, अध्यात्म, धर्म, दर्शन और खुद व्यक्ति का शरीर केवल संपत्ति अर्जित करने एवं इंद्रिय भोग का एक माध्यम बन गया है।

# पैसा ही आज का नया देवता है!



डॉ मयंक मुरारी



ओशो लिखते हैं कि पश्चिम का कोई दार्शनिक लिख सकता है- प्रकृति की विजय। लेकिन कोई कणाद, कोई कपिल, कोई बुद्ध यह नहीं लिख सकता, क्योंकि हम प्रकृति के अंश हैं। उसकी विजय हम कैसे करेंगे? इसी द्वंद्व पर आधारित विचारधाराओं ने दुनिया को पूंजीवाद के रास्ते बाजारवाद और अब भोगवाद के कगार पर ला खड़ा किया है।

कबीर का दोहा सुना था- जो सुख पावे राम भजन में, वो सुख नाहीं अमीरी में। मन लागो मेरो यार फकीरी में। आज का सुख क्या है? नये युग में कोई गरीबी नहीं चाहता है। सब अमीर होना चाहते हैं। सभी को पद, और बड़ा पद चाहिए। पद के साथ पावर की लालसा है। यह पहचान को बढ़ाता है। बाजारवाद में इन सभी का एकमेव लक्ष्य है-पैसा। और पैसे की भूख! यही 21वीं सदी के नये देवता है। हमारी जिंदगी, हमारे समाज एवं देश की प्रकृति पूरे 360 डिग्री पर घूम चुकी है। हम सब धनी होना चाहते हैं। गरीब होना हेय की पहचान है। मध्यमवर्गीय कहलाने में संकुचाते हैं, यह हमारी मजबूरी है। गरीबी और अभाव का होना हमें सार्वजनिक जीवन में शार्मिंदगी का एहसास दिलाता है। गरीब के प्रति हम सहानुभूति दिखाते है। जो जितना धनवान है, उसकी सहानुभूति का आकार उतना ही बड़ा होता है। अगर विश्वास नहीं हो, तो किसी देवालय में मंगल या शनि के दिन खड़ा होकर देख लें। हमने देवता को भी अपनी हितपूर्ति का माध्यम बना लिया है। देवालय में गरीबों के प्रति सहानुभूति का स्तर हमारे समृद्धि का ही प्रदर्शन होता है। पूजा पाठ, गरीब को दान-दक्षिणा सब फैशन बन गया है। ऐसे बदलते भारत में शिक्षा, ज्ञान, प्रतिभा, अध्यात्म, धर्म, दर्शन और खुद व्यक्ति का शरीर केवल संपत्ति अर्जित करने एवं इंद्रिय भोग का एक माध्यम बन गया है।

> उदारता के इस दौर में विचार का क्षुद्र होने से बचाना होगा। जीवन को सादा न बनाये, कोई बात नहीं।

चीजें जितनी तेजी से बदली हैं, वह हमारे सोच के परे है। जब आधुनिक समाज ने विकास की यात्रा प्रारंभ की, तो उदारवादी चिंतन ने वामपंथ को समग्र विकास का एक आदर्श व्यवस्था बताया। इसके भावभूमि पर साम्यवाद, समाजवाद जैसे विचार आये। उदारवादी चिंतन ने साम्यवाद विचार के साथ दक्षिणपंथी परंपरा में पूंजीवादी विचार भी दिये। जिसका आदर्श रूप लोकतंत्र के विविध प्रारूप पूरी दुनिया में आज भी कायम है। लेकिन राजनीति की हमारी व्यवस्था वामपंथ से दक्षिणपंथ, पुनः पूंजीवाद से होते हुए बाजारवाद तक कब पहुंच गयी, इसका पता न साम्यवादियों को चला और न ही लोकतंत्रवादियों को। परिणाम आज पूरा विश्व बाजार है। इस बाजार के युग में बुद्धि एवं ज्ञान से प्रभावित राजनीतिक दर्शन को लक्ष्य बनाकर विकास करनेवाली सभ्यता सर्वभक्षी बन गयी है। नयी विचारधाराओं में हम अपने देश एवं काल को भूल चुके हैं। इस व्यवस्था में समाज एवं परिवार हाशिये पर चले गये हैं। बाजारवाद ने विकास के स्वरूप, उसके दर्शन एवं व्यवस्था को अव्यावहारिक बना दिया है।

यह समस्या क्यों कर हुई? पश्चिम की विकास भौगोलिक खोज व आर्थिक विकास के साथ शुरू हुई। वहां प्रकृति तथा मनुष्य को एक दोस्त की तरह नहीं लिया गया। हर बात में द्वंद्व खोजा गया। इस द्वंद्व से दोहन व शोषण का अंतहीन सिलसिला चला। भारतीयों के लिए प्रकृति मां, पृथ्वी माता रही। यह एक दृष्टि है, जीवन को समग्रीभूत मानने व देखने की। बर्ट्रेंड रसेल ने एक किताब लिखी- कांक्वेस्ट ऑफ नेचर। ओशो लिखते हैं कि पश्चिम का कोई दार्शनिक लिख सकता है- प्रकृति की विजय। लेकिन कोई कणाद, कोई कपिल, कोई बुद्ध यह नहीं लिख सकता, क्योंकि हम प्रकृति के अंश हैं। उसकी विजय हम कैसे करेंगे? इसी द्वंद्व पर आधारित विचारधाराओं ने दुनिया को पूंजीवाद के रास्ते बाजारवाद और अब भोगवाद के कगार पर ला खड़ा किया है। यह ऐसा द्वंद्व है, जिसमें अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर ही आगे बढ़ना है। इस द्वंद्ववाद के कारण पहले राज्य गौण हो गया, समाजवाद और लोकतंत्र के छाया तले उदारीकरण ने विश्व को खगोलीकरण के माध्यम से उन्मुक्त बाजार में बदल दिया। ऐसा बाजार, जहां उसके संचालन का एक ही नियम है-मुनाफा और एक ही लक्ष्य है बाजार का अनंत तक विस्तार और एक ही मूल्य है भोग। इस अति के कारण राजनीतिक चिंतन के केंद्र से मानव भी नेपथ्य में चला गया, उसकी महत्ता एक वस्तु से ज्यादा नहीं रह गयी। आज राज्य की अहमियत गौण हो गयी है। बाजारवाद ने विचारों के अंत या इतिहास की समाप्ति की घोषणा कर दी। यह एक दिन में नहीं हो गया। जिस प्रकृति को हमने विकास का साधन माना, वह अपने विद्रूप रूप में मानव को इकोलॉजी यानी परिस्थितिक तंत्र के अध्ययन को मजबूर कर रही है।

इस जगत में कुछ भी अलग नहीं है, सब संयुक्त है। नदी, पहाड़, जंगल, वर्षा,, सूर्य और तारे। जिनके बिना मानव का महत्व नहीं। मानव का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। अतएव राजनीतिक विचार में भी ऐसी विचारधारा ही ज्यादा उपयोगी है, जो मानव का विकास करे, उसका अंत नहीं। भारतीय जीवन में मनुष्य के चार पुरुषार्थ बताये गये - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। इसके माध्यम से मानव जीवन की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया गया है। अब अगर व्यक्ति केवल अर्थ को लक्ष्य और धर्म, काम तथा मोक्ष को उसका माध्यम बना लेगा तो समस्या आयेगी। इससे क्या हुआ ? आज हमारी दृष्टि बदल गयी। हमारे नये हीरो वे बन गये, जो धनाढ्य है। चाहे वे किसी भी क्षेत्र से हो-मसलन कला, खेल, उद्योग, सामाजिक क्षेत्र व राजनीति। हम उनके जैसा ही बनना चाहते है, उसके लिए व्याकुल है, संघर्षरत है। सब कुछ न्योछावर कर बस पैसा चाहिए। बस शीर्ष पर पहुंचने की होड़ ! हम जो है, उसका सुख नहीं, उसकी मस्ती नहीं। हमें कहां जाना है ? क्या होना है ? उसकी चिंता है।

उदारता के इस दौर में विचार का क्षुद्र होने से बचाना होगा। जीवन को सादा न बनाये, कोई बात नहीं। उसे सार्थक बनाना ही होगा। विचार बचेंगे, तभी जीवन में शाश्वत की खोज संभव होगी। संकट बड़ा है। नये दौर में बाहरी दुनिया और उसके साथ संलिप्त सांसारिक चीजों से अलग नहीं हुआ जा सकता। लेकिन चीजों के प्रति मोह एवं उसमें लिप्त रहकर भी बाहर रहना होगा। धान के पौधों की तरह। जो कीचड़ में रहकर भी हमें अन्न देते हैं, पेट भरते हैं। इसके लिए एक कदम पीछे हटकर खुद को टटोलने की जरूरत है। और उस स्वर के साथ एकात्म होना होगा, जो छोटे-छोटे कर्म में भी पहचान बनाने का मार्ग दिखाते है। जीवन को रेस के बदले यात्रा समझना होगा। यात्रा जिसमें पड़ाव आते है और जो हमें अंतर्मुखी बनाते है। सृजन प्रक्रिया से जोड़ते हैं। इंद्रिय सुख से दूर करते हैं। बुद्धि और आत्मा को चिंतनशील बनाते है। एक वृहत और अर्थपूर्ण जीवन के लिए।

**(लेखक चिंतक और विचारक हैं)**

## देश-विदेश की खबरें

# महाकुंभ में मुफ्त रेल यात्रा नहीं

## रेलवे ने कहा, अफवाहों पर ध्यान न दें, टिकट लेकर ही सफर करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले के दौरान जनरल डिब्बे में बिना टिकट यात्रा से जुड़ी खबरों पर रेल मंत्रालय ने बुधवार को सफाई दी है। भारतीय रेलवे ने स्पष्ट किया कि यात्रियों को मुफ्त यात्रा की अनुमति देने वाली खबरें पूरी तरह से आधारहीन और अफवाह हैं। पहले खबर आयी थी कि यात्री प्रयागराज से 200 से 250 किमी की दूरी तक की यात्रा मुफ्त में कर सकते हैं। रेल मंत्रालय ने कहा, भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ



मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी। हम इसका खंडन करते हैं, क्योंकि ये पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रेलवे के नियमों के तहत बिना वैध टिकट के यात्रा करना दंडनीय अपराध है।

**यात्रियों के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाये जायेंगे**

रेलवे ने कहा, भारतीय रेलवे ने महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए कई व्यवस्थाएं की हैं। यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए खास तौर पर यात्रा के दौरान रेलवे ने विशेष होल्डिंग क्षेत्र, अतिरिक्त टिकट काउंटर और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की है। उत्तर-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज में 450 करोड़ रुपये की लागत से 21 रेलवे क्रॉसिंग गेट बनाये जा रहे हैं। फिलहाल 15 गेट बन चुके हैं और बाकी के दिसंबर में बन जायेंगे।

# बलिया में भाजपा नेता के दफ्तर पर चला बुलडोजर

**बलिया (आजाद सिपाही)।** यूपी के बलिया में भाजपा नेता के ही दफ्तर पर योगी का बुलडोजर चल गया है। नगरपालिका प्रशासन ने दफ्तर को अवैध कब्जा और अतिक्रमण बताते हुए बुलडोजर से ढहा दिया है। इससे नाराज भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये हैं। बलिया नगरपालिका परिषद, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम जिला मुख्यालय के चित्तू पांडेय क्षेत्र स्थित इंदिरा मार्केट में अतिक्रमण कर बनाये गये भाजपा जिला उपाध्यक्ष के शिविर कार्यालय पर पहुंची और बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान थोड़ी देर के लिए वहां तनाव पसर गया था, लेकिन पुलिस ने स्थिति पर तत्काल नियंत्रण कायम कर लिया।

# डल्लेवाल को कुछ हुआ, तो पंजाब सरकार जिम्मेदार होगी: सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को लेकर पंजाब सरकार को चेताया है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि अगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ कुछ भी अनहोनी हुई, तो इसके लिए पंजाब सरकार जिम्मेदार होगी। बता दें कि किसान नेता डल्लेवाल 23 दिनों से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हुए हैं। इसको लेकर कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हम साफ करना चाहते हैं कि अदालत के दरवाजे किसानों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी मांग या सुझाव के लिए हमेशा



खुले हैं। साथ ही कोर्ट ने डल्लेवाल के स्वास्थ्य पर भी संज्ञान लिया और पंजाब सरकार से जल्द से जल्द चिकित्सा सहायता देने को कहा।

**पंजाब सरकार का जवाब**

पंजाब सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसानों से कई बार बातचीत की गयी, लेकिन उन्होंने उच्चस्तरीय समिति से मिलने से इंकार कर दिया। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ को बताया कि समिति ने 17 दिसंबर को किसानों को बैठक में बुलाया था, लेकिन वे इसमें शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को रोजाना समझाने की कोशिश कर रही है और सुझाव दिया कि उन्हें अपनी मांगें सीधे अदालत में रखने का मौका दिया जा सकता है।

# उत्तराखंड में अगले माह लागू होगी समान नागरिक संहिता

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की घोषणा**

**देश का पहला राज्य बन जायेगा उत्तराखंड**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जनवरी 2025 में लागू कर दी जायेगी। यूसीसी लागू करने के लिए सरकार की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड को न्यायसंगत और समतामूलक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए सरकार की ओर से कदम उठाया गया है। सचिवालय में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआइआइडीबी) की बैठक के बाद सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार अपने संकल्प के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में होमवर्क पूरा कर चुकी है। उन्होंने कहा कि मार्च 2022 में प्रदेश में नयी सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए, एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर सात फरवरी, 2024 को राज्य विधानसभा से समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया गया। इस विधेयक पर राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च, 2024 को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसी क्रम में अब समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड 2024 अधिनियम की नियमावली भी तैयार कर ली गयी है। इस तरह उत्तराखंड अब जनवरी से समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि संहिता के प्रावधान लागू करने के लिए कार्मिकों को समुचित प्रशिक्षण देने के साथ ही सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं जुटा ली जायें। साथ ही अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन रखते हुए, जनसामान्य की सुविधा का ख्याल रखा जाये। सीएम ने कहा कि समाज के हर वर्ग से सुझाव के आधार पर यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। धामी ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में कमेटी के सदस्यों ने जाकर लोगों के सुझाव इकट्ठा किए थे। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। जहां एक ओर यह कदम सामाजिक समानता और एकता को सशक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा, वहीं इससे हमारा प्रदेश अन्य राज्यों के लिए भी पथ प्रदर्शक बन कर उभरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही हैं।

# पीएम मोदी के लिए महाराष्ट्र से खास तोहफा लेकर आये शरद पवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति से हार के कुछ सप्ताह बाद हुई। पवार ने पश्चिमी महाराष्ट्र के फलटण के दो किसानों के साथ संसद में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में उनसे मुलाकात की। इस दौरान शरद पवार पीएम मोदी के लिए महाराष्ट्र से खास तोहफा लेकर आये। उन्होंने पीएम मोदी को किसानों के खेत से लाए गए अनार की एक पेटी भेंट की। पवार



ने हाल में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में फरवरी में आयोजित होने वाले 98वें मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद पवार ने कहा, मैंने साहित्य सम्मेलन के विषय पर बात नहीं की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शरद पवार ने किसानों के एक समूह के साथ बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इसमें राकांपा (एसपी) प्रमुख द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को अनार भेंट करने की तस्वीरें भी पोस्ट की गयीं।

पिछले माह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, राकांपा (एसपी), शिवसेना (उबाठा) वाले गठबंधन एमवीए को भाजपा, शिवसेना, राकांपा वाले गठबंधन महायुति से करारी हार मिली थी। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीट में से महायुति ने 235 और एमवीए ने 46 सीट जीती है।

# सत्या पासवान हत्याकांड का खुलासा साथियों ने मारी थी गोली, दो गिरफ्तार

**दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार**

**दहशत पैदा कर वंशीधर नगर के व्यवसायियों से थी रंगदारी वसूलने की योजनाः एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जिले के श्री बंशीधर थाना क्षेत्र में गत तीन दिसंबर को कुख्यात अपराधी सत्या पासवान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। गढ़वा पुलिस ने इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी नगर ऊंटरी थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी यासीन खान के पुत्र इकबाल खान और उसके सहयोगी गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुवा निवासी शोहदाब खान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक 7.65 बोर का देसी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। प्रेसवार्ता में बोलते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि हत्या से पहले सत्य पासवान, इकबाल खान, सत्या के रिश्तेदार विकास और तौसीब खान ने एक साथ शराब पी थी। इसी दौरान किसी बात पर विवाद हुआ। जिससे इकबाल को यह आशंका हुई कि सत्या पासवान उसकी हत्या कर सकता है। इसी डर के कारण इकबाल ने तौसीब के साथ मिलकर सत्या पासवान की हत्या की योजना बनायी और उसे गोली मार दी।

हत्या के बाद इकबाल खान ने नगर ऊंटरी के व्यवसाइयों से रंगदारी वसूलने की योजना बनायी। उसने अपने सहयोगी शोहदाब खान के माध्यम से व्यवसाइयों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी। शोहदाब ने व्यवसाइयों के मोबाइल नंबर और उनकी दुकानों की तस्वीरें इकबाल को भेजनी शुरू कर दी थी। इस साजिश का मकसद व्यवसाइयों में डर पैदा करके उनसे बड़ी रकम वसूलना था।

पुलिस को जांच के दौरान रंगदारी वसूली की इस योजना का पता चला। नगर ऊंटरी थाना क्षेत्र के चेरवाडिह जंगल से पुलिस ने इकबाल और शोहदाब को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अपराधियों के पास से हथियार, बाइक, मोबाइल और अन्य सामग्री बरामद की गयी।

गढ़वा पुलिस की इस कार्रवाई से न सिर्फ सत्य पासवान हत्याकांड की गुत्थी सुलझी है, बल्कि व्यवसाइयों से रंगदारी वसूली की साजिश भी विफल हो गयी है। इससे स्थानीय व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है।

# वादों को पूरा करने की मांग को लेकर सेल प्रबंधन के विरुद्ध रैयतों ने किया धरना प्रदर्शन

**विधायक अनंत प्रताप देव ने भी दिया समर्थन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** रैयतों और मजदूरों के साथ पूर्व में किये गये वादों को पूरा होने तक ऑक्शन रद्द करते हुए प्लांट कटिंग पर तत्काल रोक लगाने सहित अपनी चार सूत्री मांग को लेकर विस्थापित समिति के सदस्यों और रैयतों को जागरूक करने, सेल द्वारा ऑक्शन कार्य का क्रशर प्लांट के कटिंग को तत्काल रोक लगाने की मांग लेकर विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा बुधवार को सेल के प्रशासनिक भवन पर धरना प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भवनाथपुर और श्रीबंशीधर नगर के राजस्व ग्राम दहेड़िया तुलसीदामर के जमीन को हमारे पूर्वजों ने औने पौने दामों पर देकर एशिया के सबसे बड़ा क्रेशर प्लांट को लगवाने का काम किया, लेकिन आज सेल प्रबंधन के गलत नीति के कारण उक्त प्लांट वर्षों से विरान पड़ा है, साथ ही कुछ दिनों से ऑक्शन के माध्यम से उक्त प्लांट का कटिंग का काम किया जा रहा है, जो यहां के औद्योगिक विरासत को नष्ट करने की कोशिश की जा रही है, जिसे यहां के विस्थापित किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। धरना प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचे विधायक अनंत प्रताप देव द्वारा विस्थापित संघर्ष समिति के मांगो और भवनाथपुर में 1326 मेगावाट पॉवर प्लांट लगवाने की दिशा में मुख्यमंत्री से मिलकर बातचीत करने की आश्वासन के बाद विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यों ने धरना समाप्त कर दिया गया।

## जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन बीस में से पांच मामलों का हुआ निष्पादन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में रंका थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंका थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने आजाद सिपाही को बताया कि इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल बीस मामला आया, जिसमें गाली-गलौज, मारपीट से संबंधित पांच मामले का निष्पादन किया गया, जबकि जमीनी विवाद से संबंधित मामलों का जांचोपरांत निष्पादन किया जायेगा, जिसे अंचलाधिकारी को भेज दिया गया है। इस मौके पर अंचल निरीक्षक परमानंद गुप्ता, राजस्वकर्मी निलेश, अनिल, मुखिया करमदयाल सिंह, शैलेंद्र, पुलिस पदाधिकारी सहित काफी संख्या में जनता उपस्थित थे।

## मध्य विद्यालय हरिहरपुर को परीक्षा केंद्र बनाने के लिए विधायक ने डीइओ को लिखा पत्र



विधायक अनंत प्रताप देव

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक पत्र लिखकर मध्य विद्यालय हरिहरपुर को मैट्रिक परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र बनाने की अनुशंसा की है। जिला शिक्षा अधिकारी को लिखे गये पत्र में विधायक देव ने लिखा है, कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान हरिहरपुर सहित आसपास के दर्जनों गांव के लोगों का यह मांग था की दसवीं कक्षा में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को दूर-दूर परीक्षा केंद्र दिया जाता है, जिस वजह से छात्र-छात्राओं के साथ-साथ परीक्षा के दौरान उनके अभिभावकों को भी परेशानी होती है। सभी अभिभावकों व छात्र-छात्राओं के परेशानियों को देखते हुए मध्य विद्यालय हरिहरपुर को आगामी होने वाले मैट्रिक का परीक्षा केंद्र बनाया जाए। विधायक ने पत्र में लिखा है कि मध्य विद्यालय हरिहरपुर को परीक्षा केंद्र बनाने से आश्रम आवासीय विद्यालय मझिगावां, राजकीय उत्क्रमित विद्यालय मैरौनी, शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर के छात्र-छात्राओं को अत्यधिक सुविधा होगी। मध्य विद्यालय हरिहरपुर को पूर्व में भी परीक्षा केंद्र बनाया जा चुका है।

## ग्रामीणों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**बड़गड़ (आजाद सिपाही)।** बड़गड़ प्रखंड अंतर्गत टेहरी पंचायत के हेसातु गांव में वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा बुधवार को शिविर का आयोजन कर कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान वनवासी कल्याण केन्द्र के जागरण प्रमुख रामजी उरांव जानकारी देते हुए बताया कि रमेश चंद्र मेमोरियल ट्रस्ट दिल्ली के सौजन्य से उपलब्ध कंबल प्रखंड के दूर्गम क्षेत्र में रहने वाले लाचार गरीब परिवारों के बुजुर्ग महिला पुरूषों को कंबल प्रदान कर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र सिंह, स्मिता देवी, विजय तिवारी, प्रदीप उरांव, रविंद्र आदि उपस्थित थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देशानुसार बुधवार को यहां एसडीपीओ कार्यालय के सभागार में पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में आयोजित जन शिकायत कार्यक्रम में श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र से विभिन्न मामलों से संबंधित 33 आवेदन प्राप्त हुये। जिसमें श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से 5, महिला थाना से संबंधित 7, खरौंधी थाना क्षेत्र से 7, रमना थाना क्षेत्र से 1, विशनपुरा थाना क्षेत्र से 3, धुरकी थाना से 2, भवनाथपुर थाना क्षेत्र से 3, हरिहरपुर ओपी से 3 एवं केतार थाना क्षेत्र से 2 आवेदन प्राप्त हुये। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि जन शिकायत में प्राप्त आवेदन में अधिकतर मामले भूमि से संबंधित और महिला थाना से संबंधित था। जिसे संबंधित थाना क्षेत्र के विभागीय पदाधिकारी और थाना प्रभारी को पूरे मामले की जांच कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।

## केतार दिव्यांग संघ ने कंबल और अलाव की शीघ्र व्यवस्था करने को सौंपा मांग पत्र

**केतार (आजाद सिपाही)।** दिव्यांग संघ केतार के प्रखंड अध्यक्ष रविकांत चंद्रवंशी ने प्रखंड मुख्यालय में मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में गढ़वा जिला में न्यूनतम तापमान होने के बावजूद अभी तक प्रखंड के दिव्यागजनों के बीच कंबल और ससमय अलाव की व्यवस्था नहीं होने के कारण दिव्यागजनों के बीच कंबल वितरण व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की मांग का जिक्र किया किया है। दिव्यांग संघ केतार शीघ्र कंबल वितरण व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव व्यवस्था की मांग किया है। इस मौके पर सचिव श्याम बिहारी राम, सूचना मंत्री राणा प्रताप यादव उपस्थित थे।

# प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप फैमिली रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के पल्स टू उच्च विद्यालय के समीप ब्रजेश सिंह के मकान में मीठा पानी स्वीटस और फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा और पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि प्रखंड में रेस्टोरेंट का खुलना समृद्धि का परिचायक है। इसके खुलने से लोग परिवार के साथ आकर अच्छे भोजन का आनंद ले सकते है। इस अवसर पर संचालक दीपक वर्मा ने बताया कि उनके इस फैमिली रेस्टोरेंट में अलग-अलग बने केबिन में लोग बैठकर सुकून से लजीज व्यंजनों का आनंद उठा सकते हैं। इसके साथ ही कुल्हड़ से भरी चाय की भी चुस्कियां ले सकते हैं। कहा कि चाईनिस और साउथ आइटम के साथ भोजन की सुविधा है। उन्होंने बताया फैमिली रेस्टोरेंट में शुद्धता की गारंटी होगी।

इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, मुक्तेश्वर पांडेय, राकेश गुप्ता, गोपाल यादव, शैलेंद्र यादव, विजय रावत, मुकेश चंद्रवंशी, उपेंद्र चौबे, अब्दुल अंसारी, उल्फत अंसारी, विनोद सिंह, जसीमुद्दीन अंसारी, सलाहुद्दीन सहित कई लोग मौजूद थे।

# बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में मोटिवेशनल सत्र का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित गुरु पद संभव राम सभागार में एकदिवसीय मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़वा जिला के उपायुक्त शेखर जमुआर, पूर्व उप विकास आयुक्त सत्येंद्र नारायण उपाध्याय, मुख्य वक्ता इंटीग्रेटेड एडु सिस्टम नयी दिल्ली के मेंटॉ और डायरेक्टर आनंद प्रभाकर शुक्ला साथ में जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह के नेतृत्व में विवि परिसर स्थित सभी महाविद्यालय जिसमें डेंटल कॉलेज, होम्योपैथी कॉलेज, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फार्मेसी कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पैरामेडिकल कॉलेज, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस के सभी विद्यार्थी और शिक्षक गण, प्राचार्य सहित भाग लिया और इस एक दिवसीय मोटिवेशनल सेशन में आनंद प्रभाकर शुक्ला द्वारा यूपीएससी, जेपीएससी और बीपीएससी के द्वारा सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन की तैयारी एवं सफलता के लिए बच्चों को ओरियंटेशन और जागरूक किया गया। इस ओरियंटेशन सत्र में मुख्य वक्ता के अतिरिक्त गढ़वा उपायक्त द्वारा भी आनुभव साझा किया गया। जिसमें उपायक्त गढ़वा, पूर्व उप विकास आयुक्त, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और कुलपति द्वारा बच्चों का हर प्रश्न का जवाब दिया गया और आश्वस्त किया गया कि परिसर में एक अच्छे कोचिंग सेंटर की व्यवस्था की जायेगी, जिससे कि यहां के पढ़ने वाले बच्चे सप्ताह में 2 दिन कक्षाएं आयोजन का लाभ ले सकें। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉक्टर एके सिन्हा सुभाष कुमार, राकेश सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, डा पंकज कुमार, शिव कुमार ओझा, केसरी, प्रवीण कुमार सिंह, पंकज सिन्हा, शंभू राम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# 'काफी विद एसडीएम' में किसानों की शंकाओं का किया गया समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को पूर्वाह्न ने 11:00 बजे से आयोजित 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के 40 किसानों ने भाग लिया। किसानों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार तथा उनके साथ मौजूद अन्य संबंधित पदाधिकारियों के बीच रखा। अधिकारियों की ओर से सभी शिकायतों का एक-एक कर समाधान करने का प्रयास किया गया।

**बीज वितरण तथा धान अधिप्राप्ति के बारे में दी गयी जानकारीः** कृषकों की ओर से रखे गये प्रश्नों को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद तथा जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी ने संयुक्त रूप से किसानों को बीज वितरण तथा धान अधिप्राप्ति से संबंधित जानकारियां विस्तार से दीं। बताया गया कि लैंपस, पैक्स तथा एफपीओ के माध्यम से 50% सब्सिडी पर बीज प्राप्त किये जा सकते हैं, लेकिन इसके लिए किसानों को ब्लाक चैन ऐप में ओटीपी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। एक कृषक द्वारा उठाये गये प्रश्न के जवाब में बताया गया कि धान अधिप्राप्ति के लिए जिले में 52 केंद्र अधिष्ठापित हैं जिसमें 47 केंद्र पैक्स के माध्यम से, जबकि पांच केंद्र एफपीओ के माध्यम से संचालित होने हैं, इनमें से ज्यादातर केंद्र संचालनात्मक स्थिति में आ गये हैं। बताया गया कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये रखा गया है, इसके अतिरिक्त 100 रुपये बोनस भी निर्धारित है।

**धान विक्रय के लिए किसानों को करवाना होगा पंजीकरण :** किसानों द्वारा अधिप्राप्ति की प्रक्रिया से संबंधित उठाई गई शंकाओं का समाधान करते हुए बताया गया कि किसानों को सर्वप्रथम अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। उपस्थित किसानों को ऑफलाइन फॉर्म भरने हेतु आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराये गये।

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग

# ज्ञान निकेतन, जेपीएस सेंट्रल और संत पॉल ने अपने-अपने मैच जीते

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन जीपीएस सेंट्रल स्कूल ने ज्ञान भारती बेलचंपा की टीम को 74 रनों से, संत पॉल एकेडमी गढ़वा की टीम ने साईं पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से और ज्ञान निकेतन रेहला की टीम ने एआरडी पब्लिक स्कूल को 9 विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीपीएस सेंट्रल स्कूल के अजमल को, संत पॉल एकेडमी के उत्कर्ष और ज्ञान निकेतन के फरहान को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष दीपक, चंद्रभूषण सिन्हा, ललन सोनी, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, रोहन तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। इस मौके पर कंचन साहू,नवनीत शुक्ला, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, मंजय पाल आकाश, सोनू, विकास जयसवाल, रजनीश कुमार, मुकेश सहित कई लोग शामिल थे।

# वन नेशन, वन इलेक्शन लागू कर स्थानीय नेतृत्व और मुद्दे को गौण करना चाहती है भाजपा : धीरज

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वन नेशन, वन इलेक्शन लाकर भारतीय जनता पार्टी स्थानीय नेतृत्व और मुद्दे को गौण करना चाहती है। अलग-अलग समय पर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव, नगर निगम एवं पंचायती चुनाव होने से सभी पार्टियों को लगातार 5 वर्ष तक सजग होकर जनता की भावनाओं का कद्र करते हुए काम करना पड़ता है अन्यथा इन छोटे चुनाव में जनता को दूसरी पार्टी अथवा अलग जनप्रतिनिधि को चुनने का मौका मिल जाता है। सारे चुनाव एक साथ हो जाने से अलग-अलग पदों के लिए जनप्रतिनिधि चुनने में जनता को झंझावात महसूस होगा। छोटे स्तर के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भी इस हाईटेक प्रचार-प्रसार के जमाने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यहां तक की जनप्रतिनिधि भी चुनाव जीतने के लिए काम की बजाय अपने दल के भरोसे सीमित हो जायेंगे। जिस पार्टी का नेतृत्व और चुनाव कैंपेनिंग बेहतर होगा उसके अक्षम प्रत्याशी की लौटरी लग जायेगी। एक साथ चुनाव होने से बड़े मुद्दे हावी रहेंगे, जबकि पंचायत स्तर के छोटे मुद्दे या तो दब जायेंगे या पूरी तरह से गौण हो जायेंगे। वर्तमान में कई राज्यों में आम चुनाव में राज्यवासी किसी अन्य दल को बहुमत देते हैं तथा विधानसभा चुनाव में किसी दूसरे दल को बहुमत देकर सरकार बनाने का जनादेश देते हैं। एक साथ चुनाव होने में जनता का यह निर्णय भी प्रभावित होगा। मतदाता सूची भी 5 वर्ष में एक बार प्रकाशित होगी जिसकी खामियों को सुधारने के लिए जनता को अगले चुनाव तक इंतजार करना पड़ेगा। चुनाव के ठीक बाद 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को भी अगले 5 साल तक मतदान करने के लिए चुनाव का इंतजार करना पड़ेगा, अन्यथा अलग-अलग समय पर चुनाव होने से उन्हें मतदान करने के कई मौका प्राप्त हो जाता है।

केंद्र सरकार के अनुसार एक साथ चुनाव कराने से समय और चुनाव खर्च का तो बचत होगा, लेकिन हंग असेंबली होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी, सरकार इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं कर पा रही है। विविधता से भरे इस देश की भौगोलिक स्थिति, क्षेत्रफल और जनसंख्या की दृष्टिकोण पर गौर किया जाये तो बाढ़, सुनामी, चक्रवात, भूस्खलन आदि की स्थिति में भी वन नेशन, वन इलेक्शन लंबे समय तक लघु रख पाना अव्यवहारिक प्रतीत होता है।

## उतरी कमता ने चेचरिया को 31 रनों से हराया



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** जय हनुमान संघ क्रिकेट क्लब पिपरीकला के तत्वधान में पिपरी कला बाजार मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 3 का आयोजन किया गया। पहला मैच वंशीधर नगर के चेचरिया बनाम जय भवानी संघ कमता के बीच खेला गया। चेचरिया की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी कमता टीम ने निर्धारित 16 ओवर में दस विकेट खोकर 134 रनों का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी खेलने उत्तरी चेचरिया के टीम महज पंद्रह ओवर में 104 रन पर ढेर हो गयी। इस मैच को कमता की टीम ने 31 रनों से जीत दर्ज किया। कमता टीम की ओर से सुभम कुमार सिंह ने 43 रन बनाया, वहीं बाबु भईया ने 48 रनों की पारी खेली और साथ ही अच्छी गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट भी चटकाये उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## ड्रग तस्कर महिला गिरफ्तार, भेजी गयी जेल

**बड़गड़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोडरी गांव निवासी ड्रग्स पैडलर महिला पुर्णिमा कुमारी उर्फ रानी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महिला पर नशीली दवा बेचने का आरोप था। इस मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर बीते रविवार को पुलिस द्वारा उक्त महिला सहित ड्रग्स खरीदने वाले कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले आयी थी तब पुलिस द्वारा आरोपियों से पीआर बांड भरवा कर रात्रि में सभी को छोड़ दिया गया था। बुधवार को ड्रग्स पैडलर महिला को गिरफ्तार किया गया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने बताया कि पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी पर धारा 317, 61, 8A(C), 21(C),18 (C), 27(b), 27(d) के तहत प्राथमिक दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है।

## चेरो मिलन सम्मान समारोह सह महाजुटान सम्मेलन की तैयारी के लिए बैठक



बरवाडीह । (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत के अमडिहा चंद्रदाहा बाजार टांड़ में खुरा पंचायत के पूर्व मुखिया हुलास सिह चेरो की अध्यक्षता में 20 शुक्रवार को चेरो समाज की महाजुटान चेरो मिलन सह स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारी के लिए अंतिम दौर की बैठक कर आपसी विचार विमर्श और चर्चा हुई। कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक में समाज के अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गयी। बैठक में झारखंड समेत दूसरे प्रदेश से चेरो समाज के लोगों को जुटाने की निर्णय लिया गया।इसके लिए सभी को अलग-अलग रूप से आमंत्रित किया गया।चेरो महासम्मेलन में 6000 से अधिक लोगों को आमंत्रित कर जुटाने का अनुमान है।कार्यक्रम की तैयारी अंतिम दौर पर है। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के एकमात्र चेरो समाज के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह को मुख्य अतिथि समेत विशिष्ट अतिथि के रूप में चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक दुद्धी (उत्तर प्रदेश) के हरिराम चेरो, डॉ वीरेंद्र सिंह चेरोसमाज के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, प्रदीप सिंह कार्यपालक अभियंता महासंघ की राष्ट्रीय संरक्षक समेत पूरे प्रदेश से चेरो महासंघ के कई पदाधिकारी को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर आगंतुक अतिथियों के स्वागत के लिए एक अलग टीम बनायी गयी, जो कार्यक्रम स्थल के बाहर आने वाले अतिथियों के स्वागत करेंगे। वही कार्यक्रम के दिन सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गयी।

## जीप सदस्य ने धान क्रय केंद्र का किया शुभारंभ



बरवाडीह। झारखंड सरकार के द्वारा किसानों से धान की खरीदारी को लेकर बुधवार को बेतला लेंप्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र की शुरूआत की गयी, जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, पूर्व बीस सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी, यूथ कांग्रेस के नेता विजय बहादुर सिंह मौजूद रहे। धान अधिप्राप्ति केंद्र के उद्घाटन के बाद लैंपस के अधीन आने वाले चिन्हित गांव के निबंध किसानों के द्वारा बारी-बारी से अपने धान की बिक्री की गई। सरकार के माध्यम से किसानों से धान 2300 रुपए प्रति क्विंटल की खरीदारी करने के साथ-साथ 100 बोनस के माध्यम से दिया जायेगा।

# एफआइआर दर्ज नहीं होने पर थाना प्रभारियों पर होगी कार्रवाई : डीआइजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पुलिस विभाग की ओर से नया नगर भवन, लोहरदगा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डीआईजी अनुप बिरथरे, एसपी हारिस बिन जमां, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डीआईजी ने कहा कि कंट्रोल रूम का 112 नंबर जरूर रखिए, जिसमें आपको शिकायत दर्ज करानी है। आप सभी लोगों के सहयोग से और जिला प्रशासन के द्वारा अच्छा काम हुआ है। दो-दो इलेक्शन यहां बहुत अच्छे तरीके से निकले है। हिंसा फ्री, किसी भी तरह के वायलेंस से मुक्त लोकसभा और विधानसभा इलेक्शन कराया गया। उसके लिए आप लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद। डीआईजी ने कहा कि आपने वह समय भी देखा है जब बहुत ज्यादा नक्सली यहां था। लोगों को रात में बाहर के क्षेत्र में जाने में भी संकोच होता था लेकिन अब हम नक्सल फ्री जिले की तरफ जा रहे हैं। बहुत कम गतिविधियां रह गयी है नक्सलियों की। दूसरी जो समस्याएं हैं उनकी तरफ पुलिस को ध्यान देना है। डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि जमीन संबंधी समस्याओं का निपटारा के लिए हम जो कर सकते हैं वह हम करें। अगर 107 और 144 करने की जरूरत है तो करे। उसके बाद मामले को सीओ और एसडीओ साहब को लिखे। इससे लोगों मे पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों से शिकायत प्राप्त करना व उसकी सतत निगरानी करना, शिकायत को ट्रैक करना, हर शिकायत की समीक्षा करना, लोगों के बीच डायल 112 व 1930 जैसे नंबरों की जानकारी देना आदि है। डायल 112 पर डायल कर किसी भी प्रकार की समस्या को आप बिना थाना गये दर्ज करा सकते हैं। डायल 1930 पर साइबर क्राईम से संबंधित मामलों की शिकायत की जा सकती है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम अंतर्गत 9470546635 पर भी आमजन अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सरकार द्वारा आम लोगों के लिए फिर से इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। डीआईजी ने कहा कि जो थाना प्रभारी अपने थानों में एफआईआर दर्ज नहीं करेंगे उन पर कार्रवाई की जायेगी। जब भी कोई शिकायत लेकर आए तो उससे संबंधित एफआईआर जरूर दर्ज होनी चाहिए। आपके थाना का मामला नहीं हे तो भी शून्य एफआईआर दर्ज करते हुए संबंधित थाने को उसकी एफआईआर भेज दें लेकिन उस व्यक्ति को लौटाया ना जाये। कार्यक्रम में एसपी हारिस बिन जमां, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर तिर्की, सदर थाना पुलिस रत्नेश मोहन ठाकुर समेत सभी थाना प्रभारी व बड़ी संख्या में जन सामान्य उपस्थित थे।

**साईबर क्राईम थाना के लिए भेजा जायेगा प्रस्ताव**

डीआईजी ने कहा कि लोहरदगा जिला में साईबर क्राईम थाना के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। साईबर थाना के लिए लोहरदगा जिला से कई प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जिला में जो पीसीआर वैन खराब पड़े हैं उन्हें ठीक कराया जायेगा या आवश्यकता पड़ने पर नये वाहन की खरीद की जायेगी और पेट्रोलिंग बढ़ाई जायेगी।

**महिलाओं की शिकायत सभी थानों में होगी दर्ज**

डीआईजी ने कहा कि महिलाओं की शिकायत सिर्फ महिला थाना में दर्ज होने के बजाय अब सभी थानों में दर्ज होगी। इसी तरह एसटी/एससी मामले भी सभी थानों में दर्ज होगी। थाना प्रभारी शिकायत लेने से इनकार करता है तो उसपर कड़ी कार्रवाई किया जायेगा।

## बालूमाथ थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



बालूमाथ(आजाद सिपाही) । झारखंड में बेहतर पुलिसिंग को लेकर मुख्यमंत्री और डीजीपी के आदेशानुसार पुरे राज्य के साथ- साथ लातेहार जिला पुलिस अधीक्षक गौरव कुमार के निर्देश पर बालूमाथ पुलिस अनुमंडल अंतर्गत बालूमाथ थाना परिसर में तीनों थाना बारियातू, हेरहंज और बालूमाथ को मिलाकर संयुक्त रूप से जिला प्रशासन की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की भव्य आयोजन किया गया , जिसमे बालूमाथ पत्रकार और समाजसेवी सहित भारी संख्या मे ग्रामीणों ने भाग लिया। यह जन शिकायत समाधान कार्यक्रम बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद कुमार रवानी की नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। इस जनशिकायत समाधान कार्यक्रम मे कुल 40 मामले आये जिसमे सबसे अधिक भूमि विवाद और घरेलू विवाद के मामले शामिल थे। हालांकि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद कुमार रवानी ने मंच से माईक के द्वारा ऐलान कर आवेदन कताओं को बारी बारी से बुलाकर की मामलो को आन द स्पॉट निपटारा किया। काफी सराहनीय कदम रहा। इस जनशिकायत समाधान कार्यक्रम मे बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव,बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार , आरक्षी निरिक्षक परमानंद विरुवा, थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार, बारियातू थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार,हेरहंज थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया, पुअनि निर्मल कुमार मंडल, पुअनि संतोष कुमार पाठक बारियातू थाना, पुअनि संजय कुमार मुरपा पुलिस पीकेट थाना बालूमाथ,सअनि सुबोध कुमार सिंह, सअनि शोएब अख्तर, पुअनि निर्मल कुमार मंडल,(सभी हेरहंज थाना से), पूवनी पुअनि अमित कुमार रविदास, पुअनि गौतम कुमार पुअनि संतोष कुमार, पुअनि चंद्रशेखर दुबे, उमेश प्रसाद, सअनि रमाशंकर उपाध्याय, सअनि कौशल किशोर शर्मा, (सभी बालूमाथ थाना से ),( मंटू रजक हवलदार, एएसआई परमेश्वर राम दोनों अनुमंडल पुलिस कार्यालय बालूमाथ से ) वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिन्हा, शकील जैदी,अंचल निरीक्षक अनिल कुमार, राजस्व कर्मचारी दयालु केरकेट्टा , राजस्व कर्मचारी विरेन्द्र कुमार टोपो सहित बालूमाथ, हेरहंज बारियातू थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से भारी संख्या मे ग्रामीणों ने भाग लिया।

## बालूमाथ मे जंगली हाथियों का कहर जारी, चार घरों को किया क्षतिग्रस्त



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का तबाही का मंजर जारी है। मंगलवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने चार घरों को ध्वस्त कर दिया। हाथियों ने बालूमाथ प्रखंड के मारंगलोईया और मुरपा पंचायत में उत्पात मचाया है। हाथियों के झुंड मुरपा पंचायत के हेबना और जिलंगा में बिंदेश्वर महतो, मकबूल मियां, देवराज महतो एवं राजेंद्र यादव के घर क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं घर में रखे अनाज को भी अपना निवाला बनाया। पीड़ितों ने कहा कि उन्हें लाखो का नुकसान हुआ है और पीड़ित परिवार ने वन विभाग से नुकसान की क्षतिपूर्ति करने की मांग की है। घटना की जानकारी के बाद बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुहवाहा नुकसान का जायजा लेकर पीड़ित परिवार का हाल जाना और परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

## बरवाडीह थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना परिसर में लातेहार पुलिस के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे मुख्य रूप से तीन थाना मनिका बरवाडीह छिपादोहर शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीपीओ भरत राम जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत एसडीपीओ भरत राम अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार मनिका थाना प्रभारी, छिपादोहर थाना प्रभारी,धीरज कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों और अन्य विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वालित कर किया। इसके बाद एसडीपीओ भरत राम के द्वारा चलाये जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में संबंध में लोगों को विस्तृत से जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र शहर और अन्य थाना क्षेत्रों से अपनी समस्या को लेकर पहुंचे पीड़ितों ने अपनी-अपनी बातों को रखा और समस्या के समाधान कराने को लेकर पुलिस-प्रसाशन से पहल करने की अपील की। इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में सबसे अधिक जमीन से सम्बन्धित मामले सामने आये, जबकि बरवाडीह थाना से 25 छिपादोहर थाना से14 मनिका थाना से 7 कुल 46 मामले आए, जिसमे बरवाडीह से 08 छिपादोहर से 03 मनिका से 02 का निष्पादन किया गया कुल 13 निष्पादित किए गए। अन्य सभी मामले पर एसडीपीओ ने गंभीरता से लेते हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया। वंही उन्होंने सख्त निर्देश दिया की जो भी लोग अपनी समस्या लेकर थाने पहुंचते है उनकी बातों को गंभीरता से सुने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

## डॉक्टर, शिक्षक और सेना के जवान भी ले रहे हैं पीएलवी का प्रशिक्षण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झालसा, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने 10 स्पेशल कैटगरी के पीएलवी नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके आलोक में 09 आवेदकों का चयन साक्षात्कार के आधार पर हुआ है, जिसमें 02 डॉक्टर, 03 थल सेना के सेवानिवृत जवान, 01 जल सेना के सेवानिवृत जवान, 01 सेवानिवृत शिक्षक और 02 ट्रांसजेंडर शामिल है। वहीं डालसा, सचिव राजेश कुमार ने जानकारी दी कि स्पेशल कैटगरी के पीएलवी चयन के बाद प्रशिक्षण देने की प्रकिया पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा के निदेशानुसार प्रारंभ कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि बेहतर समाज के निर्माण के लिए स्पेशल कैटगरी के पीएलवी के कार्य अनुभवों का लाभ लिया जायेगा और झालसा, रांची एवं नालसा, नई दिल्ली के दिशा निर्देश के आलोक में प्रशिक्षण के पश्चात कार्य वितरण किए जाएंगे। इसके पूर्व प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी और डालसा सचिव राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ टी साहू, डॉ नेहा जॉनी राज, धर्मराज महतो, धनेश्वर उरांव, गोकुल उरांव, संजय कुमार मधुर, किनेश्वर महतो, कृति कुमारी और रानी कुमारी उपस्थित थे।

## कुख्यात उग्रवादी को सश्रम कारावास और जुर्माना

लातेहार(आजाद सिपाही)। फरार लवलेश गंझू को दो वर्षों की सश्रम कारावास और जुमार्ना लातेहार। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने चंदवा थाना कांड संख्या 41/ 13 में सीआर पीसी की धारा 299 के तहत विचारण के उपरांत फरार अभियुक्त लवलेश गंझू को 17 सीएलए ( 2 )के तहत दोषी पाया है। दोषसिद्धि के उपरांत सहायक अभियोजक आर एन चौरसिया एवं बचाव पक्ष एलए डीसी की दलीलें सुनने के उपरांत श्री शर्मा की अदालत ने दोषसिद्ध उग्रवादी को दो वर्षों का सश्रम कारावास और जुमार्ना की सजा सुनायी है ।

**कोल्हान की खबरें**

# झामुमो नेता ने सिक्योरिटी गार्ड की मौत पर प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया फेज सात स्थित जेम्पन इलेक्ट्रोनिक कंपनी के सिक्युरिटी गार्ड फूलचंद सहिस का बीती रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। बुधवार को परिजनों ने झामुमो नेता सन्नी सिंह के नेतृत्व में प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। मौके पर उन्होंने उचित मुआवजा की मांग को लेकर आदित्यपुर थाने में फरियाद लगायी। सन्नी सिंह ने बताया कि मृतक 24 घंटे ड्यूटी में रहता था। कंपनी के कार्य में वे बाहर गये थे। जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि 24 घंटे ड्यूटी करने के बावजूद भी मृतक का पीएफ नहीं कटता था। साथ ही ईएसआईसी कार्ड भी नहीं बना। उन्होंने कंपनी प्रबंधन को मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। सन्नी सिंह ने कहा कि अगर कंपनी प्रबंधन मुआवजा नहीं देती है , तो उसके लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा जोरदार आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## मजदूर नेता की स्मृति में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के मजदूर नेता स्वर्गीय गोपेश्वर लाल दास की स्मृति में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के द्वारा चौथी इंटर यूनियन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बुधवार को टेल्को वॉली बॉल ग्राउंड में टाटा मोटर्स के प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी के द्वारा चौथी इंटर यूनियन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। मौके पर जी एम संजय सिन्हा, ईआर हेड सौमिक रॉय, एडमिनिस्ट्रेशन हेड वी एन सिंह,टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आर के सिंह, मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय, रघुनाथ पांडेय, आशीष कुमार दास, आशीष सेन,भरत भूषण सहित शहर के 13 यूनियनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह के दौरान प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी ने कहा स्वर्गीय गोपेश्वर लाल दास मजदूरों के सर्वमान्य नेता थे। यही कारण है कि उन्हें आज भी किसी न किसी रूप में मजदूर याद करते हैं। उनके स्मृति में यह आयोजन यूनियन का सराहनीय पहल है। प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी ने कहा मेरा एक सुझाव है स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद को दिनचर्या में शामिल करना चाइए। उन्होंने कहा कि इन दिनों ठंड ज्यादा है ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति आपसब सचेत रहिए। खुद को इस रूप में बनाकर रखिए ताकि प्रतिकूल वातावरण में भी आप बीमार न पड़े। महामंत्री आरके सिंह ने कहा बीते चार वर्षों से गोपेश्वर बाबू की स्मृति मे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से दर्जन भर यूनियन के प्रतिनिधियों को ऐसे आयोजनों में आमंत्रित किया गया हैं।

## सीपी सिंह पहुंचे जमशेदपुर भाजपा कार्यालय



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह रांची के विधायक सीपी सिंह जमशेदपुर महानगर के साकची स्थित जिला कार्यालय पहुंचे। बुधवार को साकची भाजपा कार्यालय में विधायक सीपी सिंह के आगमन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों, मोर्चा जिलाध्यक्ष और विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सी.पी. सिंह ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशल-क्षेम जाना और पार्टी के सांगठनिक कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। विधायक ने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर संगठन के विस्तार और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने जमशेदपुर के संगठनात्मक कार्यों और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, राजीव सिंह, जिला मंत्री जितेंद्र राय, मिली दास, सह कार्यालय मंत्री संजीत चौरसिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलू मछुआ, उलीडीह मंडल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह सिसोदिया, मानगो मंडल अध्यक्ष बिनोद राय, साकची मंडल उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जितेंद्र पटेल, लालचंद सिंह, राकेश दुबे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टाटा स्टील ग्रुप और पीजीटीआइ का पटाटा स्टील टूर चैंपियनशिप का शुभारंभ आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में टाटा स्टील ग्रुप और पीजीटीआई के द्वारा जमशेदपुर के प्रतिष्ठित बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में चार दिवसीय (19 से 22 दिसंबर 2024 तक) टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 का शुभारंभ गुरुवार से किया जायेगा। चार दिवसीय टूर्नामेंट में 3 करोड़ की भव्य इनामी राशि के साथ पीजीटीआई का सबसे प्रतिष्ठित और बड़ा आयोजन है। प्रतियोगिता में 62 शीर्ष पेशेवर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई सीजन का समापन कार्यक्रम है। यह 72-होल की स्ट्रोक-प्ले चैंपियनशिप होगी। जिसमें सभी खिलाड़ियों के लिए निश्चित इनामी राशि तय की गयी है। कोई कट ऑफ लागू नहीं होगा। इससे पूर्व 17 दिसंबर को प्रो-एएम इवेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारूप बेहद रोमांचक होगा। सभी चार राउंड्स में खिलाड़ियों को दो समूहों में बांटा जायेगा। एक समूह पहले नौ होल गोलमुरी में और अगले नौ होल बेल्डीह में खेलेगा। जबकि दूसरा समूह पहले नौ होल बेल्डीह में और अगले नौ होल गोलमुरी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। दूसरे राउंड से लेकर अंतिम राउंड तक,स्कोरबोर्ड में अग्रणी खिलाड़ी पहले नौ होल गोलमुरी और अगले नौ होल बेल्डीह में खेलेंगे। प्रतियोगिता का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह रविवार 22 दिसंबर को बेल्डीह गोल्फ क्लब में आयोजित किया जायेगा। जहां विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा। टूर्नामेंट में भारतीय गोल्फ के दिग्गज खिलाड़ियों की दमदार उपस्थिति देखने को मिलेगी। जिनमें डिफेंडिंग चैंपियन गगनजीत भुल्लर (2020 और 2023 के विजेता), एसएसपी चौरसिया, 2023 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन ओम प्रकाश चौहान, 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर वीर अहलावत,पूर्व चैंपियन उदयन माने (2019 और 2021 के विजेता),राहिल गंगजी, मनु गंडास और युवराज संधू जैसे बड़े नाम शामिल हैं। 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन की घोषणा टूनामेंट के समापन पर की जाएगी। 2024 पीजीटीआई के नंबर 1 खिलाड़ी को डीपी वर्ल्ड टूर के 2024 सीजन के लिए पूर्ण सदस्यता (फुल कार्ड) का सम्मान मिलेगा। जो उनके करियर में एक नया आयाम जोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। मौके पर वाईस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल्स डिवीजन, टाटा स्टील डी. बी. सुंदरा रामम ने कहा, टाटा स्टील में हम हमेशा खेलों को उत्कृष्टता को प्रेरित करने और सामुदायिक भावना को मजबूत करने के एक प्रभावी माध्यम मानते हैं। इस वर्ष भी जमशेदपुर में पीजीटीआई टूर्नामेंट का आयोजन हमारे गोल्फ को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच देने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जमशेदपुर गोल्फ कैप्टन के रूप में यह देखकर अत्यधिक गर्व महसूस होता है यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप हमारे ग्रीन्स पर आयोजित हो रही है, जो हमारे शहर की खेल के प्रति गहरी पहचान को उजागर करता है। हम खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन और दोस्ताना माहौल से भरे एक रोमांचक सप्ताहांत की ओर अग्रसर हैं। सीईओ पीजीटीआई उत्तम सिंह मुंडे ने कहा हम टाटा स्टील के निरंतर और अडिग समर्थन के प्रति आभारी हैं। टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 इस सीजन का सबसे बड़ा और प्रमुख आयोजन है। जिसमें वर्तमान ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष 60 खिलाड़ी और आमंत्रित प्रतिभागी शामिल होंगे।

# पीएलवी राजेश ने मारपीट में घायल महिला के इलाज की व्यवस्था करायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता के आदेश पर पीएलबी राजेश सिंह बृंदा नायक टोली बिंदेश्वर लोहरा के घर पहुंचा और वहां पूछने पर पता चला कि उसकी पीड़िता बेटी बालकी देवी सदर अस्पताल गुमला में एडमिट है। इस पर राजेश सिंह सदर अस्पताल गुमला गये और पीड़िता से भेंट की तथा उसका इलाज का समुचित व्यवस्था कराया तथा उसे मिल रहे सारी सुविधाएं की जानकारी ली। ज्ञात हो कि अखबार में संदीप लोहरा की मृत्यु तथा उनकी पत्नी बालकी देवी को मारपीट करने का मामला छपा था जिसे डालसा गुमला ने अपने संज्ञान में लिया और पीएलबी राजेश सिंह को वहां की स्थिति जानने के लिए भेजा गया था । इस मामले में सचिव ने कहा कि पीड़िता को सभी प्रकार के सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा जिसकी वह हकदार है।

# गुमला में ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

**छापेमारी में 40 ग्राम ब्राउन शुगर और एक माप तौल की मशीन बरामद हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** सदर थाना की पुलिस ने शहर के इस्लामपुर में छापामारी कर दो ब्राउन शुगर कारोबारी को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से लगभग 40 ग्राम ब्राउन शुगर और एक माप तौल मशीन बरामद की है। बरामद ब्राउन शुगर का अनुमानित बाजार मूल्य करीब सवा लाख रुपये है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद नशा के कारोबारियों में हड़कंप है।

बताया जाता है कि सदर थाना की पुलिस नशा कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु कई रणनीति तैयार की है। साथ ही अपने सूचनातंत्र को मजबूत बनाने में जुटी हुई है। इसी कारण मंगलवार की शाम 5 बजे पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली कि शहर के इस्लामपुर में एक शटर के अंदर ब्राउन शुगर की चोरी चुपके बिक्री की जा रही है और कई युवा इसकी चपेट में है। इसी सूचना के आधार पर सदर थाना के एसआइ हिमांशु शेखर सिंह ने इस्लामपुर स्थित उक्त शटर लगे दुकान में कार्रवाई की। साथ ही दुकान के अंदर से रंगे हाथ मो टिंकू और पिंटू उर्फ शाहनवाज खान नामक युवक को गिरफ्तार किया।

तलाशी के क्रम में दोनो के पास से करीब 40 ग्राम ब्राउन सुगर और माप तौल मशीन को बरामद किया गया। इसके बाद दोनो को थाना लाया गया। जहां उनसे पूछताछ जारी है। पूछताछ में दोनों ने शहर में ब्राउन शुगर के मुख्य कारीबरियो की जानकारी दी है। साथ ही बताया है कि कैसे उन तक ब्राउन शुगर पहुंचती है और वे लोग ग्राहकों के बीच कैसे पहुंचाते है।

दोनो ने पुलिस को यह भी बताया कि एक पुड़िया ब्राउन सुगर जिसपर माचिस के बारूद से भी कम मात्रा होती है उसे वे 400 से 500 रुपया तक बेचते है। ब्राउन शुगर खरीदने वाले हर तबके के युवा शामिल है। मगर अब धीरे-धीरे पढ़े लिखे और बड़े घरों के युवा इस नशे का आदि होते जा रहे है। पकड़े गये दोनों यवकों ने पुलिस को यह भी बताया कि ब्राउन शुगर से उन्हें मोटी कमाई होती है और उनके पकड़े जाने का भी डर नहीं होता है। इस लिए प्राथमिकता देकर वे इस धंधे को करते है। इधर पुलिस ने यह भी बताया कि गिरफ्तार टिंकू पूर्व में भी ब्राउन शुगर बेचने समेत अन्य मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस उसकी निशानदेही पर आगे कार्रवाई कर रही है और भी सफलता मिलने की संभवना है।

## भरनो में किसानों के बीच बीज का वितरण




**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में राज्य उद्यान विकास योजना अंतर्गत सब्जी की खेती हेतु बीज वितरण का कार्यक्रम प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव की उपस्थिति में की गयी। प्रखंड भरनो के भिन्न-भिन्न गांव से आये हुए 87 किसानों को भिंडी, कद्दू, नैनवा, बैगन, टमाटर आदि का बीज दिया गया। प्रखंड प्रमुख द्वारा बताया गया कि प्रखंड भरनो को सब्जी की खेती में आत्म निर्भर बनाना है तथा सब्जी की खेती कर अपने परिवार के आय बढ़ाना है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार ने सब्जी की खेती एवं उसके महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया साथ ही साथ प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शशि शमा खलखो द्वारा खेती में होने वाले रोग एवं बचाव के बारे में भी जानकारी दी। किसान का चयन जीएसएलपीएस के द्वारा किया गया तथा उन्हें समय पर खेती करने का सुझाव दिया गया। बीज वितरण समारोह में जेएसएलपीएस बीपीएम नील कश्यप सहित कृषक मित्र एवं किसान उपस्थित थे।

## सीएचसी में स्वास्थ्य सहियाओं की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा सीएचसी में स्वास्थ्य सहिया की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बिटिटी सीमा देवी, बबिता देवी ,पारस साहू ने कई विषयों पर चर्चा किया। सहिया एप के माध्यम से सभी कार्यों को अपडेट करने की बात कही। इसके साथ ही टीकाकरण, सहिया डायरी, एचबीएनसी, एचबीवाइसी कार्य, परिवार नियोजन कार्यक्रम, आरकेएसके प्रशिक्षण, एमडीआर और सीडीआर रिपोर्ट जमा करने व भरने की जानकारी दी। साथ ही चल रहे हैं 100 दिवसीय टीवी सर्वे कार्यक्रम को लेकर अधिक से अधिक संख्या में लोगों की बलगम जांच कराने की बात कही गयी। ताकि मरीजों की पहचान हो सके और टीबी मरीज को दवा उपलब्ध कराया जा सके। मौके पर स्वास्थ्य सहिया हेमंती देवी, संगीता देवी, पूनम देवी, संजोती देवी, जानकी देवी, प्रियंका देवी, संध्या देवी सहित कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

# अपराधियों ने बाइक को जलाया

**आंगनबाड़ी केंद्र में पांच युवक जिंदा जलने से बचे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के बेलागाड़ा नवाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पांच युवक जिंदा जलने से बच गये। वहीं पांच मोटरसाइकिल को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। जिससे सभी मोटरसाइकिल जलकर राख हो गया। वहीं आगजनी के क्रम में पूरा बिल्डिंग भी हिट होकर क्षतिग्रस्त हो गया। मोटरसाइकिल सवार पेंट कर्मी उक्त आंगनवाड़ी केंद्र में रात्रि को विश्राम कर रहे थे। घटना के संबंध में पेंटर नंदकिशोर बडाइक ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र को पेंटिंग करने के लिए मंगलवार की शाम हम लोग लोहरदगा से पांच पेंटर हमारे अलावे छोटू राम, बद्रीनाथ गंझू, और रामदुलार बड़ाइक अलग-अलग बाइक लेकर आये थे। इसके बाद खाना खाकर रात में सो गये करीब 10:00 बजे रात को अचानक ही पूरे रूम कमरे में धुआ भर गया जिससे हम लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लग गयी। इसके बाद ब्लास्ट होने के भी आवाज मोटरसाइकिल से आने लगी। हम लोगों ने हल्का दरवाजा खोलकर झांक कर देखा तो सारे बाइक ऊंचे आग की लपटों के साथ जल रहे थे। आंगनबाड़ी केंद्र में सिर्फ एक ही दरवाजा है जहां से हम लोग निकल सकते थे। वहीं पर आग जल रहा था। जान बचाने की कोई उपाय जब नहीं दिखा, तो हम लोगों ने चिल्लाना शुरू किया। फिर अगल-बगल के गांव के लोग आये और दीवार तोड़कर हम लोगों को बाहर निकाला गया। हालांकि घटना के संबंध में किन अपराधियों का हाथ है इसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है और ना ही पीड़ित लोगों ने अपराध कर्मियों को देखा है। घटना के बाद थाना प्रभारी तरुण कुमार ने पुलिस बल के साथ मामले की छानबीन में जुट गये हैं। थाना प्रभारी ने कहा की आगजनी की घटना में पांच मोटरसाइकिल जलकर राख हुआ है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

**घटना के पीछे लेवी या ठेकेदारी हो सकता है कारण**

**घटना के पीछे लेवी का मामला होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। साथ ही साथ यह भी अंदेशा लगाया जा रहा है कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में ठेकेदारी को लेकर वर्चस्व का मामला गांव के ही कुछ लोगों के बीच था।इसी मामले को लेकर के आगजनी की घटना की गई होगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में बरकी से जांच कर रही है। इलाके में कई नक्सली संगठन भी सक्रिय हैं जिसके चलते यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि रंगदारी वसूली को लेकर के भी आगजनी की घटना की होगी।**

## ट्रक और बाइक की टक्कर में दो घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया चौक के समीप ट्रक की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में अदर मलगो निवासी अजीत उरांव और राज उरांव के नाम शामिल है। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने दोनों को बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार गम्हरिया की ओर से घाघरा की ओर आ रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से आ रहा बॉक्साइट ट्रक से सीधी टक्कर हो गयी। जिससे यह घटना घटी।

# जनशिकायत समाधान शिविर में 29 मामले आये




आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** थाना परिसर बसिया में सोमवार को अनुमंडल स्तरीय जनशिकायत समाधान कार्यक्रम शिविर का आयोजन झारखंड पुलिस के द्वारा किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ जयवंती देवगम एवं एसडीपीओ नाजिर अख्तर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में कुल 29 मामले आये जिसमे जमीन संबंधी 15 मामले, रुपये लेनदेन संबधी 04, बिजली संबंधी 03, जंगली हाथी से नुकसान के 3, जन्म प्रमाण पत्र संबधी 1, अबुआ आवास 01, जमीन अतिक्रमण संबधी 2 मामले शामिल है। इस संबंध में थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति ने बताया कि जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में आये सभी मामलों पर त्वरित कार्रवाई होती है। 10 सितंबर को हुए कार्यक्रम में सभी मामलों का निष्पादन हो चुका है। उन्होंने ग्रामीणों से निर्भीक होकर अपना शिकायत दर्ज कराने की अपील करते हुए कहा इस कार्यक्रम में त्वरित समाधान करा सकते है। मौके पर एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ नरेश मुंडा, बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति, पालकोट थाना प्रभारी जहांगीर खान, कामडारा थाना प्रभारी शशि प्रकाश, कुरकुरा थाना प्रभारी मनीष पूर्ति, एसआइ मोहन सिंह समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## टाउन हॉल में प्रतियोगिताओं का आयोजन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला खेल कार्यालय, नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम विज्ञान मेला, चित्रकला, कविता और कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की सिमरन पन्ना ने स्टोरी राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम एवं सृष्टि गुप्ता ने मोबाइल फोटोग्राफी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं साइंस एक्जीविशन में सूर्यांशु चौधरी एवं श्रेयांस कुमार की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वंदना सभा में प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने सभी को स्मृति चिह्न एवं चेक देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कांसीर की युवती ने पी हार्पिक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कांसीर पंचायत की एक 18 वर्षीय युवती ने मंगलवार की शाम 7 :00 बजे हार्पिक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत खराब होते देख परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आये। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। परिजन भी इस मामले को लेकर कुछ नहीं बता रहे हैं। सदर अस्पताल लाने के बाद इलाज कराने में भी युवती ने काफी हाई वोल्टेज ड्रामा किया। काफी मशक्कत के बाद अस्पताल के कर्मियों ने उसका इलाज शुरू किया। फिलहाल युवक की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खोपा टोली के समीप दो बाइक में सीधी टक्कर हो गयी घटना में तीन लोग घायल हो गये। दो युवकों को हल्की चोट लगी। जबकि हर्रा डीपा चैनपुर निवासी राम चिक बड़ाइक को दोनों हाथ में गंभीर चोट लगी। घटना के बाद स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद राम चिक बड़ाइक को मंगलवार की रात 8 :00 बजे इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज किया गया। जानकारी के मुताबिक घायल युवक गुमला में ही रहकर 11वीं कक्षा की पढ़ाई करता है और मंगलवार को वह अपने घर हर्रा डीपा जा रहा था तभी सामने से आ रहे बाइक से सीधी टक्कर हो गयी।

## मवेशी लदा पिकअप वाहन पलटा

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़का डीह गांव के समीप बुधवार की अहले सुबह 4 :00 बजे एक मवेशी लदा पिकअप वाहन पलट गया। घटना में तीन मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि मवेशी को तस्करी के लिए छत्तीसगढ़ से लोहरदगा ले जाया जा रहा था। तेज रफ्तार और मोड होने के कारण पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। वही मवेशी तश्कर एक ट्रैक्टर की मदद से पिकअप को लेकर भागने लगे।

# आदर्श बाल निकेतन में खेलकूद समारोह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** आदर्श बाल निकेतन विद्यालय बसिया में बुधवार को वार्षिक खेल कूद समारोह संपन्न हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति शिक्षक नंद किशोर साहु एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन कर शुभारंभ किया गया। वही बच्चो के बीच लंबी कूद, ऊची कूद, दौड़, बिस्किट रेस, गणित रेस आदि प्रतियोगिता कराया गया। पूरे विद्यालय को तीन ग्रुप नेहरू तिलक एवं गांधी ग्रुप में बांट कर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नेहरु ग्रुप 1000 अंक लाकर प्रथम तिलक ग्रूप 980 अंक लेकर द्वितीय और गांधी ग्रुप 620 अंक लाकर तीसरे स्थान में रहा। मौके पर मुख्य अतिथि नंद किशोर साहु ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक है। खेलकूद से भी आप अपना भविष्य संवार सकते है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़कर सभी तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने की सलाह दी। सचिव सुरेंद्र पाणिग्राही ने कहा कि संसाधन के अभाव के बावजूद शिक्षकों के मेहनत के कारण आज प्रखंड में विद्यालय हर क्षेत्र में काफी आगे है। उन्होंने बच्चो को मेहनत कर आगे बढ़ने की सलाह दी। अध्यक्ष यशोदा देवी भगत ने कहा कि माता बच्चो के पहले गुरु है। मां के अनुशासन पर ही बच्चे का भविष्य निर्भर करता है। आज के खेल कूद समारोह में माताओं की उपस्थिति बात रही है कि माता अब कितनी जागरूक है। उन्होंने हर माताओं से कहा कि बच्चे आवक भविष्य है। तो बच्चो को अच्छा संस्कार देंगे तो आपका बच्चा हर क्षेत्र में आगे रहेगा और विद्यालय के साथ साथ देश का नाम रोशन करेगा। खेलकूद समारोह को संपन्न कराने के विद्यालय के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहा। अंत मे प्राचार्य संजय साहु ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला द्वारा विधिक जागरूकता विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता, एलडीएसएस चीफ डीएन ओहदार, बीडीओ दिनेश कुमार, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, पैनल अधिवक्ता शारदा पांडे, शंभू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कानूनी मुद्दे, महिला सुरक्षा, श्रमिक अधिकार, बालकों के अधिकार, भूमि विवाद, डायन बिसाही, घरेलू हिंसा, नशा पान, वाहन दुर्घटना, दहेज प्रथा सहित कई मामले पर विशेष जानकारी दी गयी और लोगों को जागरूक होने की बात बतायी गयी। मौके पर डालसा सचिव रामकुमार लाल गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को उनके अधिकारों कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हम समाज में कानूनी साक्षरता बढ़ा सकते हैं और लोगों को न्याय तक पहुंच सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही लोगों को यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा फ्री कानून की सलाह भी दी जाती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा आम जनता को न्याय उपलब्ध कराने में तत्पर है। समस्या के तत्वरित समाधान के उद्देश्य से कई कार्यक्रम की जाती है। किसी भी तरह के कार्यों में आप कानून को हाथ में ना ले। अन्यथा आप पर कानूनी कार्रवाई होगी। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा दो अबुआ आवास के लाभुकों और पेंशन स्वीकृत 5 लाभुकों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में पीएलबी सदस्य जशीनता कुजूर, नोरबेता कुजूर,सावित्री कुजूर, अशोक कुमार, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पर्यटन और खेलकूद विकास योजनाओं का सचिव मनोज कुमार ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बुधवार को झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव, मनोज कुमार ने गुमला जिले का दौरा कर विभिन्न पर्यटकीय स्थलों एवं खेल से जुड़ी योजनाओं का परिभ्रमण सह निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले में पर्यटन और खेलकूद के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, निदेशक, जिला खेल पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**खेलकूद के क्षेत्र में निरीक्षण**

श्री कुमार ने सर्वप्रथम भरनो स्थित निर्माणाधीन प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां संचालित योजनाओं का मूल्यांकन किया। इसके पश्चात उन्होंने ललित उरांव प्रखंड स्तरीय स्टेडियम और अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला का भी निरीक्षण किया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, श्री कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्वामी विवेकानंद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, चंदाली का निरीक्षण कर खेल क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जिले के सभी खेल मैदानों में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने, पंचायत स्तरीय खेल समितियों के गठन, जीर्णोद्धार कार्यों की मरम्मत, और खेल मैदानों के रखरखाव के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये।

**पर्यटन के क्षेत्र में निरीक्षण**

श्री कुमार ने अंजन धाम, अम्बा घाघ, नागफनी, और मसरिया डैम जैसे पर्यटकीय स्थलों का दौरा किया। उन्होंने इन स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

**विज्ञान केंद्र का दौरा**

निरीक्षण के दौरान, श्री कुमार ने जिला स्तरीय विज्ञान केंद्र में समय बिताया और वहां की हाई-टेक सुविधाओं की प्रशंसा की। उन्होंने जिले में विज्ञान, पर्यटन, और खेलकूद के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों को सराहा।

**सराहना और आगे की योजनाएं**

जिले में खेल और पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए, श्री कुमार ने जिला प्रशासन को इस दिशा में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नई योजनाओं पर चर्चा करते हुए उनके क्रियान्वयन हेतु ठोस कदम उठाने की बात कही। श्री कुमार के इस दौरे ने गुमला जिले में खेलकूद और पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया है।

# लायंस क्लब की मासिक बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लायंस क्लब गुमला की मासिक बैठक लायंस क्लब ऑफ गुमला के भवन में अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल के सभापतित्व में संपन्न हुई। इस बैठक में लायंस क्लब के सदस्यगण उपस्थित होकर दिसंबर माह में होने वाली कार्यक्रम के संबंध में निर्णय लिये। लायंस क्लब द्वारा निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर 21 दिसंबर दिन शनिवार को करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए लाभुक अपना नाम पता और आधार कार्ड का फोटो कॉपी लेकर सचिव अशोक कुमार जयसवाल मेन रोड प्रतिष्ठान में अपना नाम अंकित करा सकते है। सदस्यगण द्वारा दूसरा प्रस्ताव लिया गया कि गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करने वाले को ठंड को देखते हुए कंबल वितरण और गरीबों के बीच वस्त्र वितरण किया जाये। इस अवसर पर लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल सचिव अशोक कुमार जयसवाल, कोषाध्यक्ष अनील अग्रवाल लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर शकर लाल जाजोदिया, पुर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, लायंस मुरली मनोहर प्रसाद, लायंस बनवारी लाल अग्रवाल, लायंस मनमोहन केशरी, लायंस पवन अग्रवाल, लायंस सतेन्दर कुमार गुप्ता, अरुण केशरी, शशिकिरण जयसवाल, रीता गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# व्यवसायियों पर अत्याचार हुआ तो मैं खुद खड़ी रहूंगी : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने निगम द्वारा एंक्रोचमेंट के नाम पर व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों को 24 घंटा के अंदर नहीं हटने पर तोड़फोड़ करने का प्रचार कराने पर तीखी प्रक्रिया देते हुए कहा कि नगर आयुक्त महोदय अभी शहर में ठंड काफी पड़ रही है। मैं खुद एक सप्ताह से 15 जगह अलाव जलवा रही हूं और रात को कंबल लेकर हर चौक चौराहे पर जा रही हूं। निगम को प्राथमिकता में कंबल वितरण करना चाहिए जो हमारे समय में होता था। अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए ना की ठंड के समय फुटपाथ व्यवसायियों को एवं शहर के दुकानदारों को तोड़फोड़ कर और भी समस्या में डालनी चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा अभी-अभी माननीय वित्त मंत्री ने कहा है कि 15 तारीख के बाद एक व्यवसायियों के साथ बैठक होगी जिसमें पदाधिकारी भी रहेंगे। मैं नगर आयुक्त महोदय से अनुरोध करूंगी कृपया उस बैठक तक आप रुक जाए उस बैठक में हम व्यवसायी आपस में ही बात कर इस तरह के एंक्रोचमेंट का निदान निकाल लेंगे और अगर जबरदस्ती किया गया तो कल सारे व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर सभी राजनीतिक एवं व्यावसायिक संगठन के साथ मैं खुद खड़ी रहूंगी।

## मेदिनीनगर बाजार क्षेत्र में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर बुधवार को सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो एवं सिटी मैनेजर कुमार अनुराग के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन द्वारा छः मुहाँन से पंच मुहाँन तक संपूर्ण बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।इस दौरान जिन दुकानों के बाहर तय सिमा से अधिक क्षेत्रफल में दुकानों को लगाया गया था उन्हें बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि अतिक्रमण हटाकर शहर को जाम मुक्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी को भी कब्जा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण मुक्त के पश्चात सड़कें चौड़ी हो जाने से आम राहगीरों को काफी राहत मिलेगा। इस संबंध में मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि दिनांक 19 दिसंबर को भी पूरे बाजार क्षेत्र एवं साहित्य समाज चौक के समीप अतिक्रमण हटाया जायेगा। इस विषय को लेकर आज दुकानदारों के बीच अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर जानकरी भी दी गयी है ताकि वे स्वयं भी अपने स्तर से अतिक्रमण हटा लें नहीं तो नगर निगम प्रशासन के द्वारा यह कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान में किसी व्यक्ति के द्वारा अनावश्यक बाधा पहुंचाने की कोशिश होती है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## विश्रामपुर में खुला धान क्रय केंद्र




**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के पुराने ब्लॉक परिसर स्थित पैक्स भवन में बुधवार को धान क्रय केंद्र खुला। धान क्रय केंद्र का उद्घाटन जिला पार्षद विजय रविदास, बीडीओ राजीव सिंह व सीओ राकेश तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि क्रय केंद्र खुल जाने से किसानों को फसल का उचित कीमत मिलेगा। किसानों को किसी भी कीमत पर बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर धान बेचने की जरूरत अब नही है। बीडीओ राजीव सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार का दलाली व बिचौलियागिरी बर्दास्त नही की जायेगी। सीओ राकेश तिवारी ने कहा बगैर किसी भेद-भाव के वास्तविक सभी किसानों का धान क्रय होना चाहिये। नोडल पदाधिकारी सह एमओ रणधीर कुमार ने बताया कि किसान अपना धान बेचने के लिये प्रज्ञा केंद्र तथा अपने मोबाइल के द्वारा ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है। किसान निर्धारित दो सौ क्विंटल तक धान यहां बेच सकते है। उससे ज्यादा बेचना हो तो उपयुक्त से अनुमति लेना होगा। पैक्स लिमिटेड के अध्यक्ष सुमित शेखर ने बताया कि सभी किसानों का धान ई-पॉश मशीन से लिया जायेगा। जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। उद्घाटन के पहले दिन तीन किसानों ने अपना धान विक्रय किया। मौके पर क्रय पदाधिकारी इम्तियाज हुसैन, समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, रामजी विश्वकर्मा, सतेंद्र बक्सराय, मणि रामरामराज गुप्ता, राजू राम, अरविंद कुमार सहित सभी कार्यकरणी सदस्य तथा कई किसान मौजूद थे।

# टूर्नामेंट से खिलाड़ियों की छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** बुधवार को पथरा खेल के मैदान में भाईचारा एकता कमेटी पथरा पंचायत के तत्वावधान में आयोजित नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच देव और सोननगर के बीच खेला गया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, सद्भावना के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खा, नप के पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, कमेटी के अध्यक्ष जाकिर अली उर्फ राज अली आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि आयोजन के लिए कमेटी के लोगों का सराहनीय कदम है। इस तरह के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। खेल के दौरान अनुशासन को बरकरार रखने की जरूरत है। खेल में असीम संभावनाएं हैं। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है। खेल की भावना से खेलने की जरूरत है। ताकि कमेटी का यह महत्वपूर्ण आयोजन जारी रहे। आपसी एकता को मजबूती देने में सबकी सहभागिता जरूरी है। संचालन जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत के मुखिया नरेश पासवान, पंसस कलावती देवी, कमेटी के संयोजक असलम अंसारी, मिथिलेश सिंह, बिहारी पासवान, उप संरक्षक रंजय सिंह, सचिव अभय कुमार सिंहा,उप सचिव राम प्रवेश सिंह, उपाध्यक्ष जयराम सिंह, अरबिंद कुमार सिंहा, मो हेसाम, बिनीत, हरेंद्र, संटू, मंटू, रबिन्द्र, सोनू, अरुण, डोलू,राज कुमार, अफजल, शशि सिंह, डॉ विशेष, बिट्टू आदि सक्रिय रहे।

## बिजली चोरी में तीन नामजद और दो अज्ञात पर हुआ केस

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** बिजली, बाइक और मोबाइल टावर से बैट्री चोरी के मामले में तीन नामदज और दो अज्ञात के विरुद्ध हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पहला मामला हरिहरगंज शहर में अवैध रूप से बिजली चोरी करने से संबंधित है। सहायक विद्युत अभियंता पंकज कुमार मेहरा ने तीन लोगों के विरुद्ध एलटी तार में टोका फंसाकर और घरेलू बिजली कनेक्शन विच्छेदन के बाद भी व्यवसायिक कार्य के लिए बिजली चोरी करने का आरोप लगाते हुए जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराया है। दूसरा मामला खड़गपुर गांव निवासी अम्बिका मेहता ने अज्ञात पर बाइक चोरी होने का प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया कि बीते 16 दिसंबर की रात में चौंकठवा स्थित दुकान पर अपने भाई का बाइक लगाकर घर के अंदर चला गया। जिसके बाद 17 दिसंबर बुधवार की सुबह जब देखा तो मोटरसाइकिल गायब थी।

## संत मरियम स्कूल में तीरंदाजी के लिए जुड़ेंगी दीप्ति कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** बदलते परिदृश्य के अनुसार शिक्षा में भी व्यापक बदलाव देखे जा रहे है। समय की मांग है कि बच्चों को वर्ग पाठ्यक्रम के अलावा विभिन्न गुणों में पारंगत होना बेहद जरूरी है। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध संत मरियम विद्यालय स्थापना काल से ही बच्चों के बेहतरी के लिए अलग-अलग सुविधा और सभी क्षेत्र के योग्य प्रशिक्षकों की नियुक्ति करते आ रहा है।

इसी कड़ी में आज हमारे साथ एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ रहा है। आज से संत मरियम स्कूल में तीरंदाजी के प्रशिक्षण के लिए विश्व में ख्याति प्राप्त दीप्ति कुमारी जुड़ रही है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों गोल्ड मेडल जीतने वाली दीप्ति कुमारी, पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने वाली अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज दीपिका कुमारी को भी 6 वर्ष ट्रेनिंग दी है। यह हमारे विद्यालय के साथ साथ पूरे जिले के लिए गर्व की बात है कि विश्व में ख्याति प्राप्त तीरंदाज संत मरियम के बच्चों को तीरंदाजी का हुनर सिखाएंगे।

उपरोक्त महत्वपूर्ण घोषणा के अलावा संत मरियम स्कूल प्रबंधन आगामी सत्र में नए छात्रों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नए सत्र में वर्ग केजी से 9वीं तक के बच्चों के नामांकन हेतु विद्यालय के सभी शाखाओं में नामांकन फार्म उपलब्ध है, इसे भरकर ऑफिस में जमा करें और 19 जनवरी को विद्यालय द्वारा प्रथम टेस्ट का आयोजन नवाहता परिसर में किया जाएगा। बेहतरीन शिक्षकों की टीम से सुसज्जित यह स्कूल हमेशा बेहतर परिणाम देने के लिए जाना जाता रहा है । आगामी सत्र से विद्यालय में अध्ययनरत मेधावी छात्रों को नेतरहाट आवासीय विद्यालय की भी तैयारी कराई जायेगी। नए छात्रों के साथ विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को कुछ स्कॉलरशिप देगी। जो निम्नवत है:

वर्ग 6,7 और 8 के टॉप 5 छात्रों का ट्यूशन फी (मासिक फी) सत्र 2024-25 के लिए 50% माफ रहेगा।

वर्ग 9 से 10 में जाने वाले छात्रों में प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 10 बच्चो का मासिक शुल्क 50% माफ किया जायेगा।

# सेना से सरहद की और पौधों से समस्त ब्रह्मांड की होती है सुरक्षा : डॉ कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** लातेहार जिले के नेतरहाट स्थित देश के प्रसिद्ध आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर के डाली बाजार में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ हिमाचल का कपूर और नेपाल का रुद्राक्ष का पौधा लगा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ कौशल ने वहां के प्राचार्य व शिक्षकों सहित उड़ीसा बंगाल से टूर आये हुए स्कूली बच्चों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। उन्होंने स्कूली बच्चों को पर्यावरण धर्म के विषय में विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1971 में भारत के जांबाज जवानों ने पाकिस्तानी सेना को धूल चटाने का कार्य किया था। जिसे आज हम विजय दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने स्कूल के लाइब्रेरी व रोज बागान समेत महुआडांड़ अनुमंडल के प्रसिद्ध व झारखंड बिहार का सबसे ऊंची लॉध फाल का भी अवलोकन कर उसकी सुरक्षा के लिए ग्रामीणों के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। उन्होंने कहा कि सेना से सरहद और पौधा से धरती और ब्रह्मांड की सुरक्षा होती है। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने पर्यावरण धर्म के विधान से कन्या पूजन कर कहा कि सेना के जवान जिस तरह हथियार से सरहद की सुरक्षा में रात दिन लगे रहते हैं उसी तरह वे पौधरोपण कर धरती और ब्रह्मांड की सुरक्षा में अहर्निश लगे रहते हैं।

## मणिपुर हिंसा के विरोध में राजभवन मार्च में शामिल हुए सुरेंद्र यादव



**पांकी/ पलामू (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों, अडानी पर अमरीका की अदालत में लगे भ्रष्टाचार के आरोप, पूंजीपतियों को सरंक्षण देने व मणिपुर में बढ़ती हिंसा के विरोध में पांकी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र यादव ने 18 दिसंबर को राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सुरेंद्र यादव ने कहा कि लगभग डेढ़ - दो साल से मणिपुर हिंसा आग में जल रहा है, वहां पर महिलाओं के खिलाफ बलत्कार और अराजकता का महौल बना हुआ है। बड़ी संख्या में लोगों की जाने जा चुकी है। लेकिन प्रधानमंत्री को इसकी कोई चिंता नहीं है। कहा कि सदन में गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब का अपमान किया है। कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कारोबारी गौतम अडानी के गिरफ्तारी की मांग और मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की।

## अवैध माइनिंग के खिलाफ छापेमारी में ट्रैक्टर, ट्रक और हाइवा जब्त



**चैनपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीओ सुलोचना मीणा के नेतृत्व में चैनपुर प्रखंड में अवैध माइनिंग के खिलाफ मंगलवार देर शाम 7 बजे से लेकर बुधवार सुबह 7 बजे तक सीओ चंद्रशेखर कुणाल और थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के द्वारा लगातार छापेमारी की गयी। इस छापेमारी अभियान में एक बालू लदा ट्रैक्टर, दो मिट्टी मोरम लदा ट्रैक्टर सहित एक ट्रक औ? एक हाइवा को जब्त किया गया है। बालू लदा ट्रैक्टर कोयल नदी से जब्त किया गया। वहीं एक हाइवा व ट्रक चैनपुर थाना के समीप छरी लदा जब्त किया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से पत्थर माफिया में हड़कंप मच गया है। एसडीओ सुलोचना मीणा ने बुधवार सुबह 10 बजे बताया कि ऐसे ही अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना मिलने के बाद यह कार्रवाई की गयी। इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर सुलोचना मीणा कर रही थी।

## जिले में धान क्रय की डीडीसी ने की समीक्षा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के निबंधित 41 पैक्सों में 15 दिसंबर से ही किसानों से धान की अधिप्राप्ति प्रारंभ है। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी से कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों में कई केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने से संबंधित खबरों का आना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि ऐसी खबरों से जिला प्रशासन की छवि धूमिल होती है। बैठक में उन्होंने सर्वप्रथम एक-एक कर सभी पैक्सों में धान अधिप्राप्ति कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान जहां भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है,वहां के कारणों से अवगत हुए। इस दौरान श्री अहमद ने पाया कि कई केंद्रों का उद्घाटन कार्य नहीं होने से किसानों से धान की खरीदी नहीं हो पाया है। इस पर उन्होंने ऐसे सभी केंद्रों का हर हाल में 19 दिसंबर तक उद्घाटन के पश्चात धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

**झारखंड सरकार**

**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**

**(उप निदेशक कल्याण कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रॉंची)**

**नामांकन सबंधी सूचना वर्ष-2025-26**

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रॉंची अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित निम्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-2026 के रिक्ति के अनुसार वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 03.02.2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

**दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रॉंची अन्तर्गत संचालित विद्यालय**

रॉंची-- अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, कमड़े।
अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, बुण्डू।
टाना भगत अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, सोनचीपी।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय,बारीडीह, रॉंची।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, तमाड़।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, अमनबुरू।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, ओरमांझी पिस्का।
खूँटी-- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, कुन्दी।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, हूँट,अड़की।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, तपकरा।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, डोम्बारी।
बिरसा आवासीय बालक उच्च विद्यालय, उलीहातु।
गुमला- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, सखुआपानी।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, जोभीपाट।
टाना भगत अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, चापाटोली।
टाना भगत अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, घाघरा।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, डोकापाट।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, चौरापाट।
आदिम जन-जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, जेहनगुटुवा। (एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित)
आदिम जन-जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, महेशपुर, चैनपुर।(एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित)
आदिम जन-जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, तुसगाँव, बिशुनपुर।(एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित)
लोहरदगा- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, किस्को।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, पेसरार।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, तुयुमुपाट।
टानाभगत अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, बमनडीहा।
सिमडेगा- अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, हाटिंगहोड़े।
अनुसूचित जन-जाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, सेवई।

1. वर्ग प्रथम में नांमाकन हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित विद्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे प्राप्त किये जायेंगे।
2. अनुसूचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईंया जाति के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा। उसी प्रकार अनुसूचित जन जाति की सभी उपजातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में आदिम जनजातियों के लिए नामांकन में 25 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि की आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राएँ उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रमंडलीय उप निदेशक, कल्याण का अनुमोदन लेकर मेधा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जन जाति की अन्य उपजातियों के बच्चों/बच्चियों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
3. टानाभगत के लिए संचालित विद्यालय (सोनचीपी, बमनडीहा, चापाटोली एवं घाघरा) में टानाभगत के समुदाय के ही आवेदन-पत्र वर्ग प्रथम के लिए विद्यालय में हीं स्वीकार किए जायेंगे।
4. नामांकन हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 03.02.2025 निर्धारित है।
5. वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु मौखिक परीक्षा दिनांक 09.02.2025 को सबंधित विद्यालय में प्रातः 11:00 बजे से होगी।
6. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची विद्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी।
7. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं बी0 पी0 एल0/आय प्रमाण पत्र एवं टाना भगत आवासीय विद्यालयों के लिए टाना भगत समुदाय का प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चों को ही नामांकित किया जायेगा इसके लिये बी0 पी0 एल0/ आय प्रमाण की सूची में नाम अंकित होने के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
9. बिरसा आवासीय उच्च विद्यालय, उलिहातु में प्रथम वर्ग में 40 छात्रों का नामांकन किया जायेगा जिसमें 10 बच्चे उलिहातु ग्राम के एवं 30 बच्चे अड़की प्रखंड के विभिन्न गाँव के होंगे।
10. जिन छात्र/छात्राओं के माता पिता सरकारी सेवा में कार्यरत है उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस आशय का घोषणा पत्र आवेदक के माता पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। असत्य/फर्जी घोषणा देने वाले अभिभावक के विरूद्ध आवश्यक कानुनी कारवाई की जायेगी।
11. चयनित छात्र/छात्राओं को दिनांक- 20.03.2025 तक नामांकन कराना अनिवार्य होगा। प्रतीक्षा सूची से नामांकन- 04.04.2025 तक किया जायगा।
12. इच्छुक छात्र/छात्राओं का चयन विभाग द्वारा गठित चयन समिति द्वारा करने के उपरान्त चयनित छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु कार्यवाही पंजी सभी सदस्यो से हस्ताक्षर के उपरान्त, पंजी उप निदेशक कल्याण, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, रॉंची को दिनांक 11.02.2025 को उपस्थापित कर अनुमोदन प्राप्त कर लेगें।

उप निदेशक, कल्याण,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रॉंची

PR 342310 Welfare(24-25)#D

## स्पोर्ट्स



पढ़ाई के दौरान हजारीबाग अंडर 19 टीम में चयन हो गया। क्रिकेट में स्थानीय स्तर में पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने के कारण वह सऊदी के एक बड़ी कंपनी में नौकरी जॉइन कर लिया।

# सऊदी अरब की क्रिकेट टीम का हिस्सा बना गोला का नवाजिश अख्तर

**सऊदी अरब से बतौर बल्लेबाज और विकेटकीपर कुब्बेत के साथ किया डेब्यू**

**सोसो में जश्न का माहौल, मैच देखने के लिए मोबाइल पर चिपके रहे लोग**

अंजनी कुमार

**गोला।** गोला का बेटा सोसो कलां गांव निवासी नवाजिश इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे उंची बुलंदी को छू लिया है। मोहम्मद अली इमाम का बेटा नवाजिश अख्तर सऊदी अरब से कुब्बेत के साथ टी 20 मैच खेल कर अपना इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया। टीम में नवाजिस के चयन से परिजनों और कस्बे में जश्न का माहौल है। सऊदी क्रिकेट टीम में नवाजिश अख्तर धाकड़ बल्लेबाज और विकेटकीपर है। नवाजिश काफी साधारण परिवार से आता हैं। उनके पिता बुनकर का काम करते है।

उनकी मां गांव के स्कूल में पारा शिक्षिका हैं। नवाजिश का का जीवन काफी संघर्ष भरा रहा है। क्रिकेट का जूनून इतना था कि वो गांव के गलियों में कपड़ा का बॉल बनाकर खेलता था। मेट्रिक मध्य विद्यालय सोसो कलां से पास करने के बाद वो हजारीबाग चला गया। वहीं उच्च शिक्षा में दाखिला लिया। पढ़ाई के दौरान हजारीबाग अंडर 19 टीम में चयन हो गया। क्रिकेट में स्थानीय स्तर में पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने के कारण वह सऊदी के एक बड़े ऐसी कंपनी में नौकरी जॉइन कर लिया। यहां भी क्रिकेट के प्रति जनून वहां भी कम नहीं हुआ। बताया गया कि चार भाइयों में नवाजिश दूसरे स्थान पर है। बड़ा भाई मोहम्मद शकील सऊदी में एक बड़े कंपनी में कार्यरत हैं। दो अन्य भाई भी पढ़ाई कर रहे हैं।



### मैच देखने के लिए मोबाइल पर चिपके रहे गांव के लोग

बुधवार को सऊदी अरब बनाम ओमान की बीच टी 20 मुकाबला खेला जा रहा था।सोसो कला गांव के लोग मोबाइल पर चिपके रहे। गांव के बेटे को एक झलक पाने के लिए लोग बेताब थे।

### 65 बॉल में दोहरा शतक बना चुका है नवाजिश

नवाजिश सऊदी अरेबियन क्रिकेट फेडरेशन के अंदर-19 मैच में खेलते हुए महज 65 बॉल में दोहरा शतक जमा दिया। इसके लिए सऊदी सरकार ने उसे पुरस्कृत भी किया। नवाजिश के पिता ने बताया कि वह 2019 से ही सऊदी अरब में आजाद वीजा बनकर रह रहा है।

**बधाई देने वालों को लग रहा तांता**

बुधवार को नवाजिश के गांव सोसो कला गांव में उनके माता-पिता से मिलने एवं बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। पंचायत के मुखिया नीता देवी, पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा, उप मुखिया लइक आलम, समाजसेवी कालीचरण महतो, रियाज अंसारी, सइदुल अंसारी, पूरन महतो, त्रिभुवन महतो, विवेक महतो आदि ने बधाई दी।

## कारोबारी अमन की हत्या व चेतन पर जानलेवा हमला के विरोध में तेली समाज ने दिया धरना



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापारी अमन साव की हत्या एवं चेतन साव पर हुए जानलेवा हमले में अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज धनबाद जिला तेली साहू समाज ने बुधवार को रणधीर वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष जगदीश साव ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर तेली समाज के दो-दो कारोबारियों पर अपराधियों ने हमले किये, जिसमें अमन साव की मौत हो गयी, जबकि चेतन साव गंभीर रुप से घायल अवस्था में अस्पताल में इलाजरत हैं। पुलिस अब तक हमलावरों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्रिंस खान के आतंक से धनबाद के व्यापारी भय के माहौल में जी रहे हैं। उन्होंने चेताते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर अगर अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए तो राजभवन का घेराव किया जायेगा। इस मौके पर समाज के अंकेश राज, हीरामन नायकु, जानकी प्रसाद महतो, देबू महतो तालेश्वर साव, राजीव साव उदय साव, कुलदीप साव, गुप्तेश्वर साव, सतीश महतो, रोहित महतो, सुदर्शन साव, दिलीप साव, रंजीत साव, नारायण महतो, मीरा देवी, मीना देवी, जलेश्वर महतो राजाराम महतो, शंकर महतो, जितेंद्र साव,त्रिभुवन महतो,गणेश साव,अनूप साव भारती देवी गीता देवी आदि उपस्थित थे।

## सरकारी शराब दुकान के सेल्समैन से अवर निरीक्षक पर मारपीट का आरोप, अधिकारी ने आरोपों को नकारा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भूली थाना अंतर्गत सरकारी शराब दुकान के सेल्समैन विपिन कुमार सिंह के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। विपिन का आरोप है कि अवर निरीक्षक जितेंद्र सिंह उस पर प्रतिमाह 30 हजार रुपये अवैध तरीके से देने का दबाव बना रहे हैं। साथ ही ओवर रेटिंग या नकली शराब बेचने का जबरन दबाव भी बनाया जा रहा है। ऐसा करने से मना करने पर उसके साथ मारपीट की गयी और पकड़ कर एक्साइज विभाग ले गए। ओवर रेटिंग का यह मामला नया नहीं है। पूरे जिले में सभी सरकारी दुकानों में ओवर रेटिंग खुलेआम चल रहा है, जिसकी जानकारी कुछ पदाधिकारियों को भी है। कई बार इसे लेकर शिकायत आई है। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भी इस पर कड़ी निंदा व्यक्त की थी। इसके बावजूद इस पर रोक नहीं लग पाया। दूसरी ओर, अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि किसी के साथ कोई मारपीट नहीं की गई है। ना ही कोई पैसे मांगे गये हैं। 11000 रुपए सेल्समैन के पास शॉर्टेज था, उसी की मांग की गई है। एवं 15 पेटी दारू अन्य कंपनी की उसके दुकान में पाया गया। इसकी जांच के लिए वे दुकान गये थे। जहां से पूछताछ के लिए एक्साइज ऑफिस लाया गया था। उसके शरीर पर एक्साइज ऑफिस आते और जाते समय कोई चोट के निशान नहीं था। सेल और डिपॉजिट में अंतर मिला जिसमें हिदायत दी गई थी कि जो भी गड़बड़ी हुई है उसे दो दिनों के अंदर सरकार के खाते में उसका पैसा जमा कर दिया जाए। मार्शल कंपनी का 8.5 करोड़ शॉर्टेज को छिपाने के लिए कंपनी इस तरह का काम कर रही है। यह सेल्समैन भी फर्जी है. इसकी नियुक्ति कब हुई है यह अभी मालूम नहीं है। ओवर रेटिंग को लेकर हम लोगों ने आठ लोगों को पड़कर उसके खिलाफ कार्रवाई की है एवं सरकार के राजस्व में आठ लाख रुपये की वृद्धि करवाया है. वहीं, भूली थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि अभी ममामला दर्ज दर्ज नहीं हुआ है। जांच चल रही है, जिसके बाद ही पूरी जानकारी दे पाएंगे।

## झारखंड की दशा और दिशा बदलने में विनोद बाबू का रहा विशेष योगदान : विश्वनाथ महतो



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता विश्वनाथ महतो ने बोकारो हवाई अड्डा के समीप झारखंड आंदोलन के प्रणेता बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि विनोद बिहारी महतो ने हमेशा झारखंडी अस्मिता की लड़ाई लड़ी। अपने जीवनकाल में विनोद बिहारी महतो ने कई महत्वपूर्ण काम किए, जिससे आज उन्हें एक सफल कलमकार, रणनीतिकार और अधिवक्ता के तौर पर याद किया जाता है। उन्होंने एक समाज सुधारक के रुप में भी अपनी महती भूमिका निभाई। झारखंड आंदोलन, जो पहले आदिवासियों का आंदोलन कहा जाता था, विनोद बिहारी महतो के हस्तक्षेप के बाद इसमें गैर आदिवासी जुड़ पाये। 1971 से 72 तक उन्होंने कुछ स्कूलों और कॉलेजों को 4-5 लाख रुपये तक का सहयोग भी दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा स्कूल खुल सकें और समाज के सभी वर्गों के बच्चे वहां पढ़ लिखकर आगे बढ़ सकें। शिक्षा के साथ ही झारखंडी संस्कृति को आगे बढ़ाने में भी उनका अहम योगदान रहा है। वह इसके लिये आर्थिक सहायता भी करते थे। कई झूमर और करम गीतों में भी बिनोद बाबू का उल्लेख मिलता है। अपने जीवन के अंतिम समय तक वह सामाजिक लड़ाई लड़ते रहे। हम गौरवशाली है कि आज ऐसे विभूति की पुण्यतिथि मनाने का मौका मिल रहा है। वर्तमान समय में एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए इनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर आजसू नेता अश्विनी महतो और अशोक महतो उपस्थित रहे।

### डिगवाडीह में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

# समस्या जैसी भी हो 10 दिनों में होगा समाधान : सिटी एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर।** डिगवाडीह स्थित टाटा कम्युनिटी हॉल में बुधवार को सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना, ओपी व अन्य विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण को लेकर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों के आवेदन पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम और संचालन जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद एसपी (शहरी) अजित कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने खुद से कई आवेदन को देखा और त्वरित निदान का आश्वासन दिया। बतातें चलें कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से जोड़ापोखर 16, झरिया 9, पाथरडीह 6, सुदामडीह 4, सिंदरी 2, बलियापुर 2, घनुआडीह 2, अलकडीहा, बोर्रागढ़, भौरा से एक-एक आवेदन प्राप्त हुए।




कार्यक्रम आयोजित कर समस्याओं का निवारण करते पुलिस के आला अधिकारी।

जबकि लोदना, तीसरा, गौशाला से एक भी आवेदन नहीं मिला है। कार्यक्रम में ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण जैसे जन समस्या का मुद्दा हावी रहे। कई लोगों ने ध्वनि और वायू प्रदुषण के रोकथाम की बात कही। वहीं, एसपी शहरी अजित कुमार ने कुजमा के बीसीसीएल कर्मी स्व भोला भुईया की पत्नी रजवा देवी को बुके देकर सम्मानित किया। जिसके पति का निधन के बाद 23 वर्षो से एलआईसी का भुगतान के लिए चक्कर लगा रही थी, जिसका समाधान को लेकर आज यहां आई थी। एसपी शहरी अजित कुमार ने कहा कि सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना व ओपी क्षेत्र की समस्याओं का आवेदन लेकर त्वरित निदान किया जाएगा। समस्या जैसी भी हो 10 दिनों के अंदर समाधान कर दिया जायेगा। वहीं, सिंदरी अनुमंडल एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि पुलिस और अन्य विभाग की ओर से कोई भी समस्या है, उनका समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी गंभीर है। इस मौके पर झरिया अंचलाधिकारी मनोज कुमार, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, जोड़ापोखर अंचल पुलिस निरीक्षक पंकज भूषण, झरिया थाना प्रभारी, सुदामडीह, पाथरडीह, तीसरा, सिंदरी, बलियापुर, गौशाला ओपी, अलकडीह ओपी, बोर्रागढ़ ओपी, लोदना ओपी, घनुआडीह, भौरा ओपी आदि उपस्थित होकर क्षेत्रों की समस्याओं का आवेदन लिया।

## कतरास में भी जन शिकायत समाधान का हुआ आयोजन

**कतरास (आजाद सिपाही)।** डीजीपी के निर्देश पर बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत कतरास (पचगढ़ी) बाजार स्थित राजस्थानी धर्मशाला में बुदवार को जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सिटी एसपी अजीत कुमार और बाघमारा पुलिस उपाधीक्षक पुरुषोत्तम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सिटी एसपी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। कहा कि शिविर में खासकर साइबर अपराध से जुड़ी कई शिकायतें आ रही हैं। लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे अज्ञात नंबरों से आए कॉल या संदेशों पर प्रतिक्रिया ना दें। जमीन विवाद से जुड़ी समस्याओं को संबंधित विभाग को भेजा जा रहा है। बताते चलें कि डीजीपी के निर्देश पर राज्य के सभी 24 जिलों में शिविर लगाए गये हैं।

## एनएचएआइ के चेयरमैन से मिले सांसद सीपी चौधरी

- चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए अलग से होगा सड़क का निर्माण
- जैना मोड़ से देवघर व गोला से रामगढ़ तक फोरलेन सड़क का हो निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश (सीपी) चौधरी ने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अध्यक्ष संतोष यादव से मिलकर एनएच 20 रांची एवं रामगढ़ के बीच चुटू पालू घाटी में गंडके मोड़ समीप आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में जान माल की हो रही क्षति को रोकने, सड़कों को दुरुस्त करने, फोरलेन सड़क का निर्माण, फुट ओवर ब्रिज अंडरपास का निर्माण कराने व सड़क निर्माण के लिए व अधिग्रहण किए गए भूमि का भुगतान करने कई संबंधित विषयों को लेकर चर्चा की। इस पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष ने कहा कि इस विषय पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। वाहन चालक ज्यादा गति से नहीं चले, न्यूट्रल में नहीं चलाएं और ओवरलोडिंग भी नहीं हो, इस पर भी ध्यान रखने की जरूरत है। सड़क दुर्घटना नहीं हो इसको लेकर कई कदम उठाए जा रहे हैं। जहां तक एलाइनमेंट व जांच का विषय है तो इस पर भी प्राधिकरण गंभीर है। स्थायी समाधान निकालने के लिए अलग से सड़क निर्माण कराया जाएगा। सांसद ने अध्यक्ष का ध्यान जैना मोड़ से देवघर वाया बेरमो, नावाडीह, डुमरी, ससारखों, नारायणपुर मधुबन व गिरिडीह तक में फोरलेन सड़क का निर्माण कराने,



गोविंदपुर एन एच -19 से गिरिडीह तक सड़क को फोरलेन करने, एनएच 19 डुमरी मोड़ केवी हाई स्कूल के सामने व आईबीपी गूझाडीह मोड़ में आर ओबी का निर्माण कराने, गोला से रामगढ़ तक फोरलेन सड़क का निर्माण कराने पर आकृष्ट कराया। उन्होंने तोपचांची प्रखंड के 12 नंबर कोटल डीह और जरीडीह प्रखंड में सड़क निर्माण में बांधडीह में दक्षिण पंचायत के टोला मांझीडीह चौक के पास अंडर पास का निर्माण कराए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, सांसद ने रायगंज के लोहपीटी में किए गए जमीन अधिग्रहण का अब तक भुगतान नहीं होने के मामले को रखते हुए भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मिलने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की बातों को ध्यान पूर्वक सुनने के बाद प्राधिकरण के अध्यक्ष ने उन्हें इस बात के लिए आश्वस्त किया की प्राधिकरण के रांची क्षेत्रीय कार्यालय को इस विषय पर जरूरी दिशा निर्देश देते हुए स्थल निरीक्षण कर फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी जाएगी। सभी विषयों और मांगों पर सकारात्मक रूप से कार्यवाही की जाएगी।

## रंजीत महतो के प्रयास से तिलैया और बिराजपुर पंचायत में हुआ जल समस्याओं का समाधान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी सह पूर्व सांसद स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के 33वीं पूण्य तिथि पर गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत तिलैया और बिराजपुर पंचायत में पीने की पानी की समस्या का समाधान कर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत महतो की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर रंजीत महतो ने कहा कि बिनोद बाबू के विचारधाराओं को सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के गांव-पंचायत में धरातल पर ले जाने के लिए संकल्पित हूं। पढ़ो और अपने हक अधिकार के लिए संवैधानिक तरीके से लड़कर अपने सिंदरी विधानसभा के गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा जोंन क्षेत्र के सभी गांव-पंचायतों की जन समस्याओं का समाधान त्वरित करने का मिशन जारी रहेगा। वहीं, जेएलकेएम के बरवाअड्डा जोन के शंभू महतो, सुरेश चंद्र महतो, वार्ड प्रतिनिधि लालू रजवार, रीतलाल महतो, रमेश महतो, परमानंद महतो, वार्ड प्रतिनिधि संजय महतो और सरोज महतो आदि ने तिलैया और बिराजपुर पंचायत के खराब पड़े चापकलों की त्वरित मरम्मती के लिए जेएलकेएम के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत महतो, गोविंदपुर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल धनबाद और कार्यपालक अभियंता आदि का आभार प्रकट किया है।

## रेस्क्यू प्रतियोगिता में शामिल हुईं नौ टीमें

**धनसार (आजाद सिपाही)।** चांदमारी 3/4 इंक्लाइन पीट मे चल रहे अखिल भारतीय रेस्क्यू प्रतियोगिता में बुधवार को नौ टीमों ने भाग लिया। जिसमें बीसीसीएल की रेस्क्यू टीम ने एक घंटे से पहले ही रिकवरी कर अधिकारियों को खुश कर दिया। बीसीसीएल की एक टीम ने 55 व दूसरी ने 52 मिनट में रिकवरी का समय लिया। इसके लिए वहां मौजूद बीसीसीएल के अधिकारियों ने इन दोनों टीमों की सराहना की। बता दें कि रीकवरी के लिए प्रत्येक टीम को एक घंटे का समय दिया जाता है। बुधवार को बीसीसीएल की दो, सीसीएल की दो, इसीएल के दो, सेल, अम्बुजा सिमेंट व आरसीपीएल की एक-एक टीम ने यहां रिकवरी प्रदर्शन किया। इस मौके पर बस्ताकोला महाप्रबंधक एके शर्मा, अनिल कुमार सिन्हा, अभिषेक राय, देवाशीश बाग आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग**

पत्रांक 481 /हजारीबाग/ दिनांक–13/12/2024

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा अमंत्रित निविदा सं0–11/2024–25 (PR 341786 Water Resources 24-25 #D) में परिमाण विपत्र बिक्री की तारीख एवं निविदा प्राप्त तथा खोलने की तारीख क्रमशः 18.12.2024 एवं 19.12.2024 को अपिरहार्य कारणवश परिवर्तित करते हुए परिमाण विपत्र बिक्री की तारीख 19.12.2024 एवं निविदा प्राप्ति तथा खोलने की तारीख को 2012.2024 किया जाता है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

ह0–
कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।

PR.NO.342279 Water Resource(24-25):D

## धनबाद के विनोद बिहारी महतो विवि में जनवरी महीने में लगेगी आदमकद प्रतिमा : मथुरा महतो

**डुमरी में मनी स्व विनोद बिहारी महतो की 33वीं पुण्यतिथि**

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलन के पुरोधा स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की 33वीं पुण्यतिथि बुधवार को जामाडोबा डुमरी 2 पिट विनोद बिहारी चौक पर मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कालीचरण महतो ने किया। इसमें विधायक मथुरा प्रसाद महतो भी शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जनवरी महीने में धनबाद के बिनोद बिहारी



महतो विश्वविल्यालय (विवि) में पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की आदमकद मूर्ति का अनावरण किया जायेगा। कहा कि बिनोद बिहारी महतो चेहते थे कि पहले शिक्षित बनें। तब जाकर अपने हक के लिए लड़ाई लड़े, ताकि जीत सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर सपन बनर्जी, हरिपद महतो, आरके प्रशाद, प्रमोद महतो, राजा राम महतो और राजा तुरी आदि उपस्थित थे।

**जिला परिवहन कार्यालय, सिमडेगा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सभी वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वाहन जाँच के क्रम मे प्रायः यह देखा जा रहा है कि बस, ट्रक, ऑटो, ट्रैक्टर इत्यादि का टैक्स/फिटनेस/इन्शुरेंस इत्यादि फेल रहता है जो मोटरयान अधिनियम **1988** का घोर उल्लंघन है। सभी वाहन मालिकों को आदेश दिया जाता है की **01** सप्ताह के अंदर अपने कागजात को दुरुस्त कराते हुए टैक्स की राशि जमा करना सुनिश्चित करे अन्यथा जाँच के क्रम मे पकड़े जाने पर मोटरयान अधिनियम **1988** एवं झारखण्ड करारोपण **2001** के सुसंगत धारा के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 342266 Simdega(24-25)#D

### प्रभात फेरी निकालकर 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता फैलाने सड़क पर उतरे न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड राज्य विधिक प्राधिकरण के निर्देश पर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता के उद्देश्य से 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को प्रभात फेरी निकाल कर की गयी। जिसका नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। प्रभात फेरी धनबाद सिविल कोर्ट से निकलकर रणधीर वर्मा चौक होते हुए सिटी सेंटर चौक तक गई। न्यायाधीश ने वहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक की टीम ने नाटक का मंचन कर लोगों में कानून की जानकारी देने की कोशिश की। इसके बाद प्रभात




फेरी वहां से वापस सिविल कोर्ट आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि 90 दिनों तक न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम हर एक क्षेत्र में जाकर कानूनी जागरूकता फैलाएगी। बताया कि नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, डायन बिसाही मामले को लेकर हेल्पलाइन नंबर 181 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर के विषय में लोगों को बताया जाएगा। इन हेल्पलाइन नंबर पर एक बार जरूर कॉल करें और जानने का प्रयास करें कि यह काम करता है या नहीं। वहीं, अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि इस 90 दिनों के कार्यक्रम के दौरान न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें एनजओ, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी शामिल हैं घर-घर जाकर लोगों को कानून व विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी देंगे। साथ ही विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच वाद विवाद, निबंध, पेंटिंग, भाषण, प्रभात फेरी आदि का आयोजन किया जाएगा। बाल विवाह, साइबर ठगी, ड्रग, डायन बिसाही, बाल मजदूरी आदि के बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। महिला, दिव्यांगजन, एसटी-एससी, वृद्धजन आदि की मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पीएलवी एक-दूसरे के सहयोग से कार्य को पूरा करेंगे। इस मौके पर प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय टी हसन, एसएन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, स्वयंभू, दुर्गेश दुर्गेश चंद्र अवस्थी प्रभाकर सिंह, कुमार सकेत, कुलदीप, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश निताशा बारला, सत्यभामा, श्वेता कुमारी, ऐंजोलिना जोन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, हेमंत सिंह, समेत तमाम न्यायिक पदाधिकारी एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल ,शैलेन्द्र झा ,सुमन पाठक, कन्हैया लाल ठाकुर, डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरव सरकार, राजेश सिंह, पारा लीगल वालंटियर हेमराज चौहान डिपेंटी गुप्ता और श्वेता किन्नर आदि शामिल थे।

**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड**
CIN No. U40108JH2013SGC001702
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ, रामगढ कैन्टोमेन्ट, रामगढ,पिन कोड– 829122
ई–मेलः–ese.ramgarh@gmail.com ]Phone no:- 06553-231987

**सूचना**

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ़ के अन्तर्गत सम्मानित उपभोक्तागण की सुविधा हेतु विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व वसूली कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपभोक्तागण कैम्प में जाकर अपना बिजली बिल आसानी से जमा कर सकते है। कैम्प की तिथि निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | स्थान | प्रखण्ड | कैम्प आयोजन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | गिददी (डांडी ब्लॉक) | डाडी | 20.12.2024 |
| 2 | बारलौंग मिडिल स्कूल | गोला | 23.12.2024 |
| 3 | घाटो | माण्डु | 23.12.2024 |
| 4 | एतियातु | पतरातु | 23.12.2024 |
| 5 | दुलमी बाजार | दुलमी | 23.12.2024 |
| 6 | नियर दुर्गामंडप, छत्तरमाण्डु | रामगढ़ | 24.12.2024 |
| 7 | महेश होटल लारी | दुलमी | 24.12.2024 |
| 8 | चिकोरगाँधीचौक | पतरातु | 24.12.2024 |
| 9 | कुल्ही चौक | गोला | 26.12.2024 |
| 10 | कोडी बाजार टांड | पतरातु | 26.12.2024 |
| 11 | दोहाकातु, पंचायत भवन | रामगढ | 26.12.2024 |
| 12 | बरगाँव | माण्डु | 26.12.2024 |
| 13 | पालू | पतरातु | 27.12.2024 |
| 14 | नियर मिडिल स्कूल, बारलोंग | रामगढ़ | 27.12.2024 |
| 15 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय उसरा | रामगढ़ | 27.12.2024 |
| 16 | चरही | माण्डु | 27.12.2024 |
| 17 | हेसला, ईल्सा गैस एंजेसी | रामगढ़ | 28.12.2024 |
| 18 | हफुआ | पतरातु | 28.12.2024 |
| 19 | टेरपा | पतरातु | 30.12.2024 |
| 20 | मगनपुर गोला | गोला | 30.12.2024 |
| 21 | मांडू | मांडू | 30.12.2024 |
| 22 | संग्रामपुर | गोला | 31.12.2024 |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊजा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

ह0/–
विद्युत अधीक्षण अभियंता
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ़

PR 342299 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)#D

# भारत को खेल के प्रति दृष्टिकोण और सोच में बदलाव लाना होगा : दिग्विजय सिंहदेव





● उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में खेल बुनियादी ढांचे के निर्माण में ओड़िशा ने जो जबरदस्त प्रगति की है

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जाने-माने खेल पत्रकार दिग्विजय सिंहदेव ने कहा कि भारत को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए खेलों के प्रति दृष्टिकोण और सोच में बदलाव लाना होगा। अमेरिका, चीन, जापान, फ्रांस और जर्मनी जैसे देश, जो सबसे ज्यादा ओलंपिक पदक जीतते हैं, सफल इसलिए हुए हैं क्योंकि उनके खिलाड़ी ओलंपिक में पदक जीतने के उद्देश्य से मेहनत नहीं करते। वे इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा मानते हैं, श्री सिंहदेव ने बुधवार को यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के वार्षिक खेल आयोजन 'एसओए कप' के पुरस्कार वितरण समारोह में बोलते हुए कहा।

श्री सिंहदेव ने कहा कि इन सफल देशों में लोग ओलंपिक में पदक जीतने के लिए नहीं बल्कि फिट रहने और कौशल, टीम वर्क और विरोधियों का सम्मान करना सीखने के लिए खेलों में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में खेल बुनियादी ढांचे के निर्माण में ओडिशा ने जो जबरदस्त प्रगति की है, उसने देश का ध्यान खींचा है और इसने राज्य की पहचान को पूरी तरह से बदल दिया है। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए श्री सिंहदेव ने उन्हें अपने जुनून का पीछा करने की सलाह दी।

एसओए के कुलपति प्रो. प्रदीप्त कुमार नंदा ने भी छात्रों को संबोधित किया और पुरस्कार वितरित किये। प्रतियोगिताओं में फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, सॉफ्टबॉल, टेनिस, खो-खो, शतरंज, थ्रो बॉल और एथलेटिक्स शामिल थे। एसओए के डीन (छात्र कल्याण) प्रो. ज्योति रंजन दास, इस वर्ष एसओए कप के संयोजक डॉ. सौर्य रंजन दास और खेल अधिकारी सुनीता बर्मा उपस्थित थीं।

# एमसीएल के 5 कोयला खदानों को मिला सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के 5 कोयला खदानों को 2023 में उनके उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन के लिए कलिंग सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सियारमल और अनंत खुली खदान को प्लेटिनम श्रेणी में पुरस्कार मिला जबकि कनिहा खुली खदान, कुल्दा खुली खदान और बसुंधरा (पश्चिम) खुली खदान को गोल्ड श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार बुधवार को भुवनेश्वर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन-2024 में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उप मुख्यमंत्री कनक वर्द्धन सिंह देव द्वारा प्रदान किये गये। सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और अपने परिचालन में सुरक्षित कार्य प्रणाली को बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने के लिए एमसीएल को उक्त पुरस्कार प्रदान किये गये।

एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक उदय अनंत काओले ने पुरस्कृत खदानों को बधाई देते हुए उनके टीमों द्वारा किये गये प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। एमसीएल टीम की सुरक्षा के प्रति समर्पण की भावना की प्रशंसा करते हुए सीएमडी श्री काओले ने कहा कि यह पुरस्कार एक सुरक्षित और कुशल कार्य-वातावरण बनाने के साथ-साथ हमारी एमसीएल टीम के अथक प्रयास व कर्त्तव्य निष्ठा को दशार्ता हैं। यह सुरक्षा मानदंड में उत्कृष्टता की दिशा में हमारी यात्रा एक कदम आगे है। कलिंग सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार कोयला उद्योग में प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है, जो सर्वश्रेष्ठ श्रेणी की सुरक्षा प्रणालियों और प्रदर्शन को कायम रखने के लिए दिया जाता है।

# इसीओआर मुख्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के हाई-टेक मेडिकल द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर पूर्वी तट रेलवे मुख्यालय, रेल सदन, भुवनेश्वर में आयोजित किया गया। रेलवे कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर का उद्घाटन पूर्वी तट रेलवे के महाप्रबंधक श्री परमेश्वर फुंकवाल ने किया।

इस पहल का उद्देश्य मुख्यालय कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना था। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य आकलन, रक्तचाप की निगरानी और अन्य आवश्यक नैदानिक सेवाओं सहित कई तरह की चिकित्सा जांच की पेशकश की गयी, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच मिल सके। यह आयोजन अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए पूर्वी तट रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## अखिल भारतीय जीआरपी प्रमुखों का 5वां सम्मेलन में

# रेलवे सुरक्षा बढ़ाने, अपराध शमन रणनीतियों और यात्रियों की शिकायतों के समाधान पर केंद्रित रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा समन्वित रेल मंत्रालय के साथ जीआरपी प्रमुखों का 5वां अखिल भारतीय सम्मेलन बुधवार को विज्ञान भवन, नयी दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों और सुरक्षा नेताओं ने यात्री सुरक्षा, अपराध शमन रणनीतियों और रेलवे सुरक्षा बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण जनशक्ति आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श किया।




सम्मेलन की शुरूआत रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार के मुख्य भाषण से हुई, जिन्होंने देश भर में लाखों रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में राज्य पुलिस बलों (जीआरपी) और आरपीएफ के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया, जिसमें यात्री शिकायतों और मामलों के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, ऑपरेशन एएएचटी और मेरी सहेली जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से रेलवे में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ के प्रयासों की भी सराहना की। अपने स्वागत भाषण में डीजी आरपीएफ मनोज यादव ने उभरती चुनौतियों, खासकर बढ़ते यात्री अपराधों से निपटने के लिए सुरक्षा ढांचे के आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया।

चर्चा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रेल मदद पोर्टल पर पंजीकृत यात्री शिकायतों और दर्ज किये जा रहे वास्तविक मामलों के तुलनात्मक विश्लेषण के इर्द-गिर्द घूमता रहा, जिसमें रेलवे में होने वाले बड़े अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

अपने समापन भाषण में, डीजी आरपीएफ ने सम्मेलन की सहयोगात्मक भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस सम्मेलन ने रेलवे सुरक्षा को मजबूत करने के हमारे सामूहिक संकल्प की पुष्टि की है। जनशक्ति की चुनौतियों का समाधान करके, अपनी प्रणालियों का आधुनिकीकरण करके और अपने अपराध प्रतिक्रिया तंत्र में सुधार करके, हम लाखों यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में निर्णायक कदम उठा रहे हैं। राज्य जीआरपी की भूमिका और भारतीय रेलवे के साथ उनकी साझेदारी इस यात्रा में महत्वपूर्ण है और हमें मिलकर रेलवे सुरक्षा के लिए नए मानक स्थापित करने चाहिए। सम्मेलन का समापन एक दूरदर्शी नोट पर हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने कार्रवाई योग्य समाधानों पर सहमति व्यक्त की, जिसमें उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाना, हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय और यात्रियों की सुरक्षा पर सबसे बड़ी प्राथमिकता के रूप में फिर से ध्यान केंद्रित करना शामिल है।

# प्रख्यात उड़िया साहित्यकार बैष्णब चरण सामल को साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रख्यात ओडिया साहित्यकार बैष्णब चरण सामल को उनकी निबंध पुस्तक 'भूति भक्ति विभूति' के लिए 2024 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चुना गया है। सामल को अन्य लोगों के साथ एक प्रस्तुति समारोह में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया जायेगा, जो 8 मार्च, 2025 को नयी दिल्ली में कोपरनिकस मार्ग स्थित कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। साहित्य अकादमी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पुरस्कार, एक उत्कीर्ण ताम्र पट्टिका, एक शॉल और नकद राशि के रूप में 1,00,000 रुपये की राशि पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कार विजेताओं को प्रदान की जाएगी, जो 8 मार्च 2025 को कमानी ऑडिटोरियम, कोपरनिकस मार्ग, नयी दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।






# संबलपुर मंडल रेलवे अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन


आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल द्वारा बुधवार को मंडल रेलवे अस्पताल, संबलपुर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और रक्तदान किया। कुल 51 रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने अपना रक्तदान किया।






इस अवसर पर आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर लीना पांडे, अध्यक्ष पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर डॉ. एमके बेहरा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ पी राजकुमारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और अन्य चिकित्सक, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर के सदस्य, रेलवे अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए। इस शिविर के लिए ब्लड बैंक अधिकारी डॉ के कक्कड़ और ब्लड बैंक, संबलपुर के कर्मचारियों ने अपना बहुमूल्य समय दिया।










# ओड़िया आइएफएस अरुण साहू बुल्गारिया गणराज्य में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** यह पूरे ओडिशा के लोगों के लिए बहुत गर्व की बात है कि राज्य के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी अरुण कुमार साहू को बुल्गारिया गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है, बुधवार को विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी।



मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि अरुण कुमार साहू (आईएफएसः 1996), जो वर्तमान में मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं, को बुल्गारिया गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि वह शीघ्र ही कार्यभार संभाल लेंगे।

ओड़िशा के देवगढ़ से ताल्लुक रखने वाले 1996 बैच के आईएफएस अधिकारी सितंबर 2022 से विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं। उन्होंने इससे पहले त्रिनिदाद, टोबैगो में भारत के राजदूत के रूप में कार्य किया था।

यहां यह बात ध्यान देने योग्य है कि साहू ने कटक के रेवेंशॉ कॉलेजिएट स्कूल और संबलपुर के चंद्रशेखर बेहरा जिला स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। बाद में, उन्होंने तत्कालीन रेवेंशॉ कॉलेज से अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की। इसके अलावा, उन्होंने क्रमशः किंग्स कॉलेज लंदन और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली से आधुनिक विश्व में युद्ध और भाषा विज्ञान के क्षेत्रों में अपनी मास्टर डिग्री प्राप्त की है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**